हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • रविवार • 27 अक्टूबर 2024 • वर्ष 09 • अंक 170 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## राहुल और वायनाड के रिश्ते को और मजबूत करूंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के लोगों को ओपन लेटर लिखकर कहा- मैं राहुल और वायनाड के रिश्ते को मजबूत करूंगी। उन्होंने एक्स पर शेयर किए गए लेटर में लिखा- जन प्रतिनिधि के रूप में यह मेरी पहली यात्रा रहेगी, लेकिन फाइटर के रूप में यह मेरी पहली यात्रा नहीं होगी। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी। इसके बाद कांग्रेस ने राहुल की बहन प्रियंका गांधी को टिकट दिया।

प्रियंका पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। कुछ महीने पहले, मैं अपने भाई के साथ

### प्रियंका बोलीं-जन प्रतिनिधि के रूप में यह मेरी पहली यात्रा रहेगी



चूरामाला और मुंदक्कई गई थी। मैंने भूस्खलन से हुई तबाही और नुकसान को देखा। मैं उन बच्चों से मिली, जिन्होंने अपने परिवारवालों को खो दिया था। मैं उन माताओं से मिली, जो अपने बच्चों और परिवारों के लिए शोक मना रही थीं, जिनका पूरा जीवन प्रकृति के प्रकोप में बह गया था। फिर भी, आप पर आई त्रासदी के अंधेरे के बीच, जो चीज मुझे दिखाई दी, वह थी एक समुदाय के रूप में आप लोगों का साहस और धैर्य।

आप एक ऐसी ताकत के साथ एकजुट हुए, जो मैंने पहले कभी नहीं देखी थी। डॉक्टर, जन प्रतिनिधि, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, नर्स, हाउस वाइफ, हर कोई एक-दूसरे की मदद करने के लिए जो कुछ भी संभव था, कर रहा था। कोई भी एक-दूसरे पर दोष नहीं मढ़ रहा था। गुस्से में कोई नहीं था। कोई भी लालच नहीं दिखा रहा था। इतनी बड़ी त्रासदी की लाचारी में भी आप लोग सहयोग कर रहे थे। एक-दूसरे को सांत्वना दे रहे थे और मानवता के उच्चतम मानकों तक बढ़ रहे थे। आपकी बहादुरी ने मुझे गहराई से छुआ। जब मैं घर लौट रही थी, तब मुझे लगा कि संसद में आपका प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

## चक्रवाती तूफान दाना ने ओडिशा में मचाई तबाही

### भारी बारिश से 1.75 लाख एकड़ फसल हो गई बर्बाद

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में भीषण चक्रवाती तूफान दाना और बारिश के कारण 1.75 लाख एकड़ भूमि पर उपजी फसलें नष्ट हो गईं। साथ ही, 2.80 लाख एकड़ भूमि जलमग्न हो जाने की आशंका है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को प्रारंभिक अनुमानों का हवाला देते हुए यह



जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों को चक्रवात के कारण फसल के नुकसान का आंकलन करने का निर्देश दिया है। कृषि एवं किसान सशक्तीकरण विभाग के प्रधान सचिव अरबिंद पाधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, 'प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार भीषण चक्रवाती तूफान दाना के कारण 1,75,000 एकड़ (69,995 हेक्टेयर) भूमि पर फैली फसल के नष्ट हो जाने की आशंका है।

## रेल पटरियों पर तोड़फोड़ का कोई सबूत नहीं

### एनआईए का खुलासा, कर रही ट्रेन दुर्घटनाओं की जांच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में रेलवे पटरियों पर हुई दुर्घटनाओं की जांच में तोड़फोड़ का कोई पहलू नहीं पाया है। शुक्रवार को घटनाक्रम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि एनआईए चार दुर्घटनाओं की प्रारंभिक जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं। एक




अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, हमने अभी तक ट्रेन के पटरी से उतरने की घटनाओं में तोड़फोड़ का कोई संकेत नहीं पाया है। हालांकि, हमारी जांच जारी है। पिछले दो महीनों में कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें ट्रेनों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से रेलवे पटरियों पर गैस सिलेंडर, पत्थर और टूटी हुई पटरियां रखी गईं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले महीने कहा था कि भारतीय रेलवे ने इन दुर्घटनाओं की जांच के लिए एनआईए से मदद मांगी है।

## यमुना में स्नान के बाद बिगड़ी वीरेंद्र सचदेवा की तबीयत

### अस्पताल में होना पड़ा भर्ती, सांस लेने में भी हो रही दिक्कत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें स्कीन इंफेक्शन की दिक्कत के साथ सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। यह खबर ऐसे समय में सामने



आई है जब हाल ही में वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना नदी के गंदे पानी में डुबकी लगाई थी। वीरेंद्र सचदेवा ने यह डुबकी विरोध प्रदर्शन के तौर पर लगाई थी। उनकी डुबकी लगाने की तस्वीर भी सामने आई थी। बताया जा रहा है कि यमुना में डुबकी लगाने के बाद से ही वीरेंद्र सचदेवा को शरीर में खुजली और सासं लेने में परेशानी की शिकायत थी जिसके बाद आज उन्हें आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले दिल्ली बीजेपी ने वीरेंद्र सचदेवा के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए कहा था कि उन्हें काफी सारी परेशानी हो रही हैं।

## हिंदुओं को तोड़ने के लिए 'शक्तियां' कर रहीं काम

- योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान को संघ का समर्थन
- होसबाले बोले-जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे



**मथुरा (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ यानी आरएसएस ने सीएम योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान का समर्थन किया है। मथुरा में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हिंदू समाज एकता में नहीं रहेगी तो आजकल की भाषा में बंटेंगे तो कटेंगे हो सकता है। उन्होंने कहा- समाज में अगड़ा-पिछड़ा, जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे। इसलिए एकता जरूरी है। हिंदू समाज की एकता लोक कल्याण के लिए है। वह सबको सुख प्रदान करेगी।

हिंदुओं को तोड़ने के लिए शक्तियां काम कर रही हैं। आगाह करना जरूरी है। क्या संघ और भाजपा में खींचतान चल रही। इस पर होसबाले ने कहा- हम सार्वजनिक संगठन हैं। हमारी किसी के साथ खींचतान नहीं। हम भाजपा, कांग्रेस, उद्योगपति सभी लोगों से मिलते हैं। हम चाहते हैं कि समाज में नफरत न हो। होसबाले ने कहा- कई जगहों से धर्मांतरण के मामले आ रहे हैं। दुर्गा पूजा और गणेश विसर्जन के समय हमले भी हुए हैं। हिंदू समाज अपनी रक्षा करे और संगठित होकर रहे। केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड हुई। 1000 स्वयंसेवक सेवा के लिए उतरे।

## मंदिर जाकर माफी मांग लो, पता नहीं कब टपकवा दे

**लखनऊ (एजेंसी)।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के बीच बढ़ते विवाद में अब किसान नेता राकेश टिकैत भी कूद पड़े हैं। टिकैत ने काला हिरण मामले को समाज से जुड़ा बताते हुए सलमान खान को सलाह दी है कि उन्हें मंदिर जाकर बिश्नोई समाज से माफी मांगनी चाहिए। टिकैत ने कहा कि यदि सलमान खान ने माफी नहीं मांगी, तो जेल में बंद कोई व्यक्ति कब क्या कर दे, कहा नहीं जा सकता। पत्रकारों से बातचीत करते हुए टिकैत ने कहा, यह समाज से जुड़ा हुआ मामला है। सलमान खान को मंदिर जाकर माफी मांग लेनी चाहिए, नहीं तो जेल में बंद आदमी पता नहीं कब टपकवा दे। इस विवाद में लॉरेंस बिश्नोई के भाई रमेश बिश्नोई ने भी सलमान को माफी मांगने की सलाह दी है। रमेश ने कहा कि सलमान को काले हिरण शिकार मामले में माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि बिश्नोई समाज इस मुद्दे पर एकजुट है।

## आतंकी पन्नू के खिलाफ एनआईए का बड़ा ऐक्शन

### चंडीगढ़ और अमृतसर की संपत्तियां की गई जब्त

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत में प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने आतंकी पन्नू की चंडीगढ़ में तीन संपत्तियां कुर्क की हैं।

इसमें एक अपार्टमेंट भी शामिल है, इसके अलावा अमृतसर और पठानकोट में भी उसकी जमीनें जब्त की गई हैं। पन्नू के खिलाफ एनआईए 6 मामलों की जांच कर रही है। इस साल 15 अक्टूबर तक एजेंसी ने पन्नू के खिलाफ कुल 66 मामले दर्ज किए हैं। एनआईए ने पन्नू के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया। खालिस्तान आतंकी पन्नू आए दिन सोशल मीडिया पर भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है इसलिए उसके खिलाफ देशद्रोह का भी मामला चल रहा है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इस बार कनाडा में



भारत के उच्चायुक्त रहे संजय वर्मा को निशाना बनाया है। पन्नू ने वर्मा को वॉन्टेड बताते हुए धमकी जारी की है। पन्नू ने कहा है कि संजय वर्मा इस समय सुरक्षा घेरे में दिल्ली में हैं।

## ईरान पर इजराइल का भीषण 'बम' वार

**100 मिसाइलों से बोला हमला, मिडिल-ईस्ट में तनाव**

- मिसाइल फैक्ट्रियों और सैन्य अड्डे को बनाया निशाना
- 20 से ज्यादा ठिकाने तबाह, 2 सैनिकों की हो गई मौत



**तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल ने ईरान के हमलों के जवाब में 25 दिन बाद शनिवार तड़के पलटवार किया। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक 3 घंटे में 20 ठिकानों पर हमले किए गए। इनमें मिसाइल फैक्ट्री और सैन्य अड्डे शामिल हैं। तेहरान के इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास भी हमला हुआ है। हमले स्थानीय समयानुसार देर रात 2.15 बजे शुरू हुए और तड़के 5 बजे तक जारी रहे। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक इजराइल ने ईरान पर हमला करने के लिए 100 से ज्यादा फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया। हमले में एफ-35 का भी इस्तेमाल किया गया। सीरिया में रडार ठिकानों पर इजराइल ने शुरुआती हमला किया। इसके बाद ईरान में एयर डिफेंस सिस्टम और रडार पर हमला किया गया। इजराइल डिफेंस फोर्स ने रात में 2.30 बजे इसकी जानकारी दी। आईडीएफ



के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा-1 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले के जवाब में यह कार्रवाई की गई है। ईरान और मिडिल ईस्ट में उसके सहयोगी 7 अक्टूबर 2023 से 7 मोर्चों पर हम पर हमले कर रहे हैं। हमें भी जवाब देने का हक है। अपनी रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे। हमले के बाद इजराइल, ईरान और इराक ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। एयर स्ट्राइक के बाद अमेरिका ने इजराइल का समर्थन किया है और कहा है कि यह ईरान के हमले का जवाब है। ईरान ने हमले की पुष्टि की और कहा कि हमले तेहरान, कुजेस्तान और इलाम राज्यों में हुए। इनमें से कई हमलों को हवा में ही रोक दिया गया, इसलिए बहुत कम नुकसान हुआ। अंतरराष्ट्रीय मीडिया एजेंसी रॉयटर्स ने बताया है कि इजरायल ने ईरान पर किए हमले में 100 से ज्यादा फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया है।

## धनतेरस के दिन पीएम मोदी एमपी को देंगे कई सौगातें

- तीन मेडिकल कॉलेजों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे पीएम
- पांच नर्सिंग कॉलेज का भी करेंगे लोकार्पण, तैयारी हुई शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश को दीवाली से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई सौगातें देंगे। धनतेरस के दिन पीएम मोदी वर्चुअली मध्य प्रदेश में तीन मेडिकल कॉलेज और पांच नर्सिंग कॉलेज का लोकार्पण करेंगे। इसमें मंदसौर मेडिकल कॉलेज भी शामिल है। साथ ही सिवनी और नीमच मेडिकल कॉलेज का भी पीएम मोदी लोकार्पण करेंगे। सीएम मोहन यादव खुद मंदसौर में मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही अन्य जगहों पर सरकार के मंत्री भी मौजूद रहेंगे। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, तीन नए मेडिकल कॉलेजों की शुरुआत से मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। साथ ही इन सभी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटें हैं। वहीं, नर्सिंग कॉलेजों की शुरुआत से मध्य प्रदेश में नर्सों की किल्लत भी



दूरी होगी। वहीं, मध्य प्रदेश डॉक्टरों की कमी से भी जूझ रही है। मेडिकल कॉलेज की शुरुआत से डॉक्टरों की संख्या भी मध्य प्रदेश में बढ़ेगी। इसके साथ ही मंदसौर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की है। सीएम मोहन यादव इस दिन मंदसौर में मौजूद रहेंगे।

## फ्लाइट्स के बाद अब होटलों को बम की धमकी

### गुजरात के 10 और आंध्र प्रदेश के 2 होटल को मिला मेल, जांच में फेंक निकला

**हैदराबाद (एजेंसी)।** गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल भेजे गए। गुजरात के राजकोट में मौजूद 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं। राजकोट पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमें होटलों की जांच की। सायबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया। दोनों होटलों में बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है। इंडिया टुडे के मुताबिक, तिरुपति के होटलों को भेजे गए मेल में लिखा था- आईईडी बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरू फिर जिंदा होगा। मेल में तमिलनाडु के सीएम , डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और पार्टी का



जिक्र था। तिरुपति के होटल के मेल में लिखा था- सल्फर से बना बम है मेल में लिखा था कि होटल की पाइपलाइन में सल्फर से बना बम रखा गया है। मेल में आगे लिखा था कि सुबह 10.35 बजे तक होटल खाली करें। बम का डिएक्टिवेशन कोड 4566 है। ये सिस्टम गैलिलियो नाम के ऐप से चलता है। ड्रग मामले में जाफर सादिक की गिरफ्तारी मामले को लेकर तमिलनाडु अधिकारी शंकर जीवाल ने किरुथिगा उदयनिधि चेट्टियार से ध्यान हटाने के लिए बम प्लांट किए हैं। एजेंसी ने अधिकारियों के साथ मिलकर यह काम किया है। होटल कैंपस को खाली करें और बम को डिफ्यूज करने के लिए बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाएं। अरिवालयम के पीवी कल्याणसुंदरम से संपर्क करें। उन्हें हमने एक पिंक लिफाफा दिया है। उसमें कुछ वीडियो है, जिसमें हमारी स्टोरी और मामले में डीएमके फैमिली के जुड़े होने की बात है।

कल 3 होटलों को बम की धमकी मिली थी तिरुपति के 3 होटलों को बम की धमकी वाले ईमेल 25 अक्टूबर को भी मिले थे। लीलामहल, कपिलतीर्थम और अलीपिरी के पास के 3 होटलों को भी ड्रग माफिया जाफर सादिक से जुड़ा मेल भेजा गया था। सभी होटलों को खाली करवाकर जांच की गई थी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। 12 दिन में 280 फ्लाइट्स को भी बम की धमकी पिछले 12 दिनों में इंडियन फ्लाइट्स में बम की धमकी मिल चुकी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## न्यूज बाइट्स

### संयुक्त सचिव ने जेपी आश्रम का किया भ्रमण



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** अपने एक दिवसीय दौरे पर अंचल कार्यालय का निरीक्षण करने कौआकोल पहुंचे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय प्रखण्ड के चर्चित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि सोखोदेवरा जेपी आश्रम पहुंचे। इस दरम्यान वे जेपी निवास जाकर जेपी जी की स्मृतियों का अवलोकन किया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने उन्हें जेपी जी के निवास स्थान, उनके रहन-सहन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार एवं सीओ मनीष कुमार भी मौजूद थे।

### बरौन गांव में दो घरों में घुसकर चोरों ने उड़ाए लाखों की सम्पत्ति



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र के बरौन गांव में दो घरों में घुसकर लाखों रुपये मूल्य की सम्पत्ति की चोरी कर लिया। इस सम्बंध में पीड़ित गृहस्वामी अभय कुमार,पिता- सुरेश सिंह ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना में दिए आवेदन में पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने बरौन गांव के ललन सिंह एवं अभय सिंह के घर में घुसकर नकदी, आभूषण आदि की चोरी कर लिया। बता दें कि ठंढ की मौसम दस्तक देने के साथ ही कौआकोल में इन दिनों चोरी की घटनाएं घटित होनी शुरू हो गई है। इसके पूर्व 16 अक्टूबर को जोगाचक में होमियोपैथी चिकित्सक डॉ. दिवाकर कुमार के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने लाखों की जेवरात, नकदी आदि चोरी कर लिया।

### राजस्व विभाग के संयुक्त सचिव ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय ने शनिवार को कौआकोल पहुंचकर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। त्रुटियों को दूर करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने विभागीय कार्यों के दौरान आ रही समस्याओं के बारे में भी राजस्व कर्मियों से जानकारी प्राप्त की। मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता गौरव कुमार, सीओ मनीष कुमार, राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, कार्यपालक सहायक राकेश कुमार निराला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### जनता दरबार में आए पांच मामलों में चार का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार एवं राजस्व कर्मचारी नंदन कुमार भी मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से जमीन से संबंधित विवाद के पांच मामले जनता दरबार में पहुंचे थे। जनता दरबार में आये पांच मामलों में चार मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है। इस बार जनता दरबार में गैरिबा गांव के दिलीप कुमार का विवाद अशोक मिस्त्री, टकुआटांड़ के सुनील सिंह का विवाद प्रदीप साव, अंधरबारी की सुनीता देवी का विवाद राजेन्द्र राजवंशी एवं सूरजदेव यादव का विवाद नरेश यादव से था। उक्त सभी चार मामलों में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में मामला ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं बहादुरपुर गांव के दिवाकर कुमार का जमीनी विवाद बब्लू सिंह से था, जिसमें दोनों पक्षों ने एक सप्ताह का मांग किया है, जिसके कारण इस मामले का निष्पादन अगले सप्ताह किया जाएगा। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया। साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें,बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं। इस मौके पर एसआई सत्येन्द्र सिंह के अलावे अन्य पुलिसबल मौजूद रहे।

### दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** आगामी दीपावली एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहद्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा की आपलोगों के सहयोग से दशहरा दुर्गापूजा हर्षऊल्लास के साथ सम्पन्न कराया गया। उसी प्रकार दीपावली एवं छठ पर्व को भी शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपेक्षित सहयोग करने को कहा।दीपावली एवं छठ त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण एवं सौहार्द वातावरण में मनाने के लिए आपका सहयोग अपेक्षित है। आपके माध्यम से संदेशों को अधिक से अधिक लोगों के बीच में पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा की संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थलों पर स्थानीय प्रशासन के द्वारा पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील किया कि संभावित घटना की भी सूचना यथाशीघ्र वरीय अधिकारियों को अवश्य दें। भीड़ में ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जायेगी। असमाजिक तत्वों को बख्सा नहीं जायेगा। उन्होंने छठ घाटों पर भीड़ के दौरान सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। उन्होंने सभी उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को दीपावली एवं छठ पर्व की शुभकामनाएं दी।

# जिला शांति समिति सदस्यों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)



रामनवमी, मोहर्रम एवं दुर्गा पूजा सहित अन्य कई कार्यक्रमों में सराहनीय योगदान हेतु जिला शांति समिति के सदस्यों को जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में रजौली निवासी जिला शांति समिति सदस्य, समाजिक कार्यकर्ता गौरव शांडिल्य गगन को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शांति समिति सदस्यों ने भी मंचासीन पदाधिकारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समाजिक कार्यकर्ता गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर हम सभी शांति समिति सदस्यों का मनोबल बढाया है। इस प्रशस्ति पत्र सम्मान से सुशोभित करने के लिये मैं अपने जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा, पुलिस अधिक्षक अभिनव धीमान, एडीएम चंद्रशेखर आजाद, अपने रजौली अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य कुमार पियूष, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार एवं समस्त नवादा जिला प्रशासन के प्रति दिल की गहराईयों से आभार, शुक्रिया अदा करता हूं।

## दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड हेतु विशेष शिविर का आयोजन

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** डीएम आशुतोष कुमार वर्मा के आदेशानुसार प्रमाणीकरण दिव्यांगजनों का शत्-प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने हेतु सभी प्रखंडों में विशेष शिविर लगाने का निर्देश दिया गया है। जिसके तहत कौआकोल प्रखण्ड में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रखण्ड कार्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा यूडीआईडी कार्ड निर्गत हेतु विभिन्न दिशा निर्देश भी दिये गए हैं। जिसके तहत शिविर केवल ऑफलाईन निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों के सत्यापन हेतु लगाने का आदेश है।

## गरीब बच्चों के नामांकन और शिक्षा पर विशेष अभियान का हुआ शुभारंभ

**निज संवाददाता** | नवादा

कार्यकारी अध्यक्ष, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में वैसे बच्चे जो विभिन्न वादों में अभियुक्त या विक्टीम हैं, समाज के निचले पायदान पर हैं तथा शिक्षा से वंचित बच्चों के सर्वांगीन विकास हेतु विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने समाज के गरीब एवं असहाय बच्चों के शिक्षा उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि अनिवार्य शिक्षा नीति के तहत शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत समाज के निचले पायदान पर तथा शिक्षा से वंचित है, वैसे बच्चों का नामांकन निजी विद्यालयों में भी किया जाएगा। जिससे कि बच्चें अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके उन्होंने यह भी बताया कि वैसे बच्चे जो विभिन्न वादों में अभियुक्त या विक्टीम हैं, समाज के निचले पायदान पर हैं तथा शिक्षा से वंचित है, उसके संबंध में उचित कदम उठाया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा विभाग नवादा के प्रतिनिधि एवं अनमंडल कल्याण पदाधिकारी, नवादा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहायक सुशील कुमार, राम अखिलेश पासवान, राकेश कुमार एवं अनित कुमार अनुसेवक स्थायी लोक अदालत, नवादा उपस्थित थे।

## अनियंत्रित टोटो ने सायकिल सवार को कुचला, हाथ टूटा, रेफर

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित टोटो ने सायकिल सवार को कुचल दिया। जिससे सायकिल सवार युवक का हाथ बायां हाथ गम्भीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों टोटो को जब्त कर लिया एवं टोटो चालक बब्लू कुमार को पकड़ कर इलाज करवाने के लिए कहा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाजार में टोटो चालक अनियंत्रित रूप से टोटो को चलाते हैं। शनिवार को भी एक अनियंत्रित टोटो ने सायकिल सवार को कुचलते हुए आगे बढ़ गया, जिसके कारण सायकिल सवार युवक के बाएं हाथ पर टोटो का पहिया चढ़ गया। इस दौरान युवक का हाथ बुरी तरह जख्मी होकर टूट गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रही चिकित्सक डॉ. प्रियंका भारती ने बताई कि घायल युवक की पहचान महसई मोहल्ला निवासी मो. इसराइल के पुत्र मो. आरिफ उर्फ इजहार के रूप में हुआ है। घायल युवक का प्राथमिक इलाज कर एक्सरे करवाया गया है। चिकित्सक ने कहा कि घायल युवक को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। वहीं सड़क दुर्घटना की जानकारी घायल युवक के परिजनों को मिलते ही वे अस्पताल पहुंचे एवं घायल युवक को इलाज के लिए किसी निजी अस्पताल लेकर चले गए। वहीं खबर लिखे जाने तक थाना में सड़क दुर्घटना को लेकर किसी प्रकार का लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। थाना क्षेत्र में दर्जनों गांवों से रजौली बाजार एवं बाजार से विभिन्न गांवों तक आने-जाने के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्रामीण आवागमन करते हैं। वहीं सवारी वाहन के रूप में प्रयुक्त किये जाने वाले टोटो की मांग बाजार में ज्यादा देख बहुत सारे लोगों ने टोटो खरीदकर भाड़ा पर चलाने को लगा दिया है। जिसमें कई टोटो चालकों के पास लाइसेंस तक नहीं है।वहीं दर्जनों नाबालिग टोटो चालक बनकर यात्रियों एवं राहगीरों के जान-माल को खतरे में डाल अनियंत्रित ढंग से टोटो चलाते दिख जाते हैं। टोटो संचालन में व्याप्त अनियमितताओं के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है। ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासन से अनियंत्रित ढंग से चलाने वाले टोटो चालकों, नाबालिग चालकों एवं बिना लाइसेंस के चला रहे टोटो चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

# दो दिनों से हो रही लगातार बूंदा-बूंदी से तापमान में आई भारी गिरावट, जन-जीवन प्रभावित

**निज संवाददाता** | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रहे बूंदा-बूंदी से तापमान में भारी गिरावट आई है। एक तरफ लोगों को उमस भरी गर्मी से छुटकारा मिला, तो दूसरी ओर ठंड ने लोगों को शॉल एवं कम्बल समेत अन्य गर्म कपड़े बन्द बक्से से निकलवा दिया है। इस झमाझम मौसम के कारण लोग घरों में दुबके हुए हैं, जिससे बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोगों की मानें तो ओड़िसा में चक्रवात दाना तूफान का असर प्रखण्ड में भी देखने को मिल रहा है। बीते गुरुवार की रात्रि से ही मौसम में बदलाव होने लगा और सुबह से हल्की बारिश हुई है, जो शनिवार की शाम तक बरकार है। हल्की बारिश एवं ठंडी हवा से मौसम में परिवर्तन हो गया और ठंढ बढ़ गई। बारिश और ठंडी हवा चलने से लोग सर्दी महसूस करने लगे। वैसे ठंड दीवाली के बाद एवं छठ से पहले महसूस किया जाता था। किंतु ओड़ीशा में आये चक्रवात दाना तूफान ने एक सप्ताह पूर्व लोगों को ठंढ महसूस करा दिया।हालांकि बताया जाता है कि चक्रवात दाना को कमजोर पड़ने से बिहार, बंगाल और झारखंड के लोगों को राहत मिली है। दीवाली को लेकर बाजार के दुकानदारों ने तरह-तरह के रंग-बिरंगे लाइट एवं सजावट के सामग्री सहित दुकानों में टंगे पड़े हैं। सड़कों पर लोगों का आवागमन बहुत ही कम है। वहीं कुम्हारों के घरों में बनाये जा रहे मिट्टी के दिये, घरौंदा एवं मूर्तियां बारिश के वजह से सुख नहीं रही है। इस बारिश की वजह से दीवाली में फुटपाथों पर दुकान लगाने वालों से लेकर बड़े-बड़े दुकानों के मालिक के ललाट पर चिंता के भाव उभरे हुए हैं। यदि दिवाली तक मौसम ने करवट नहीं ली, तो बाजार में बिक्री बहुत हद तक प्रभावित हो सकती है। मौसम के एकाएक करवट लेने से ज्यादातर घरों के कई लोग ठंड, सर्दी एवं जुकाम से परेशान हैं। ऐसे में निजी क्लिनिक एवं मेडिकल वालों की चांदी कट रही है। वहीं पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला ने कहा कि मौसम तेजी से बदल रहा है। मौसम में बदलाव होने पर इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है और बीमार होने के चांस ज्यादा रहते हैं। इस मौसम में सर्दी-खांसी, जुकाम और बारिश जैसी परेशानी ज्यादा होती है। बदलते मौसम में शारीरिक बदलाव के साथ ही मानसिक बदलाव भी आते हैं। इस मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही कहा कि इस मौसम में वायरस तेजी से फैलता है और ज्यादातर लोग उसकी चपेट में आते हैं। सर्दी-खांसी से बचाव करने के लिए और इम्यूनिटी को स्ट्रांग करने के लिए डाइट में विटामिन सी का सेवन करें। हेल्दी डाइट का सेवन करके आप मौसमी बीमारियों से बच सकते हैं।

## छठ पूजा कार्यक्रम की सफलता को लेकर की गई बैठक




**निज संवाददाता** | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड के अब्दलपुर पड़रिया गांव में पंचाने नदी छठ घाट पर छठ पूजा कार्यक्रम की सफल आयोजन को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को देर शाम में पावरग्रिड के निकट सामुदायिक पुस्तकालय भवन नारदीगंज के पास बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आदर्श युवा क्लब अब्दलपुर पड़रिया के बैनर तले की गई। जिसकी अध्यक्षता समाज सेवी सह क्लब के संरक्षक अजय यादव ने किया। बैठक में उपस्थित क्लब के सदस्यों व ग्रामीणों ने छठ पूजा के सफल आयोजन को लेकर अपना - अपना विचार रखा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अजय यादव ने कहा कि ग्रामीणों ने छठ घाट की मरम्मती, साफ - सफाई, नारदीगंज से अब्दलपुर जाने वाली मार्ग का मरम्मती, रोशनी और पानी की व्यवस्था करने की मांग जिला प्रशासन से किया है। ताकि छठ व्रतियों और घाट पर आए उनके परिजनों, श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। श्री यादव ने बताया कि छठ घाट पर सात नवंबर को वाराणसी से आए कलाकारों द्वारा भव्य जागरण कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। आठ नवंबर को घाट पर आए सभी श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण वादों के निष्पादन पर बैठक आयोजित

**निज संवाददाता** | नवादा

नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें दिनांक 14.12.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए जिले के प्रमुख सरकारी बैंकों एवं निजी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के क्रम में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने आश्वस्त किये कि वे लोग अपने अपने बैंकों के ऋण वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा पक्षकारों को सूचित कर रहे हैं जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में ऋणवादों के नोटिसों निर्गत करने के संबंध में विचारविमर्श किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बताया कि ऋणियों को नोटिसों निर्गत करें एवं उसके तामिला पर ध्यान दे क्योंकि तामिला पर ही बैंकऋण वादों का निष्पादन संभव है। बैठक के क्रम में चिन्हित पूर्व विवादित मामले में पूर्व बैठक/पूर्व परामर्श की संख्या एवं चिहिन्त वादों की सूची के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व बैठक (प्री सीटिंग) के माध्यम से बैंकऋण वादों को कॉउन्सीलिंग कर सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया जायेगा।

## 102 एंबुलेंस कर्मियों का हड़ताल छठे दिन भी रहा जारी

**निज संवाददाता** | नवादा



चार माह का बकाया मानदेय सहित विभिन्न मांगों को ले 102 एंबुलेंस कर्मियों का हड़ताल लगातार छठे दिन शनिवार को भी जारी रहा। पदाधिकारियों और एंबुलेंस संचालक के द्वारा किसी प्रकार की वर्ता नहीं किए जाने से हड़ताल पर रहे कर्मियों में आक्रोश बढ़ते जा रही है। सोमवार से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण एंबुलेंस सेवा पूर्णरूपेण ठप हो गई है। सदर अस्पताल परिसर स्थित डीएचएस कार्यालय के पास जिले में कार्यरत सभी एंबुलेंस कर्मी धरना-प्रदर्शन कर रहे है, जिसमें एम्बुलेंस चालक तथा ईएमटी शामिल हैं। जिले के पीएचसी, सीएचसी, अनुमंडलीय अस्पताल तथा सदर अस्पताल परिसर में मरीजों को सेवा देने वाली एंबुलेंस खड़ी है। उनकी मांगों में चार माह का वेतन वकाया सहित 6 सूत्री मांग शामिल है। एंबुलेंस की सेवा ठप होने से अस्पताल आए मरीजों को काफी परेशानी हो रही है, जिस कारण उन्हें निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनकी जेबें ढिली करनी पड़ रही है। पैसे वाले मरीज तो प्राईवेट एंबुलेंस से इलाज के लिए विम्स तथा पटना पहुंच जा रहे हैं, लेकिन गरीब परिवार से आने वाले मरीज भगवान भरोसे घर में ही पड़े है, या झोला छाप चिकित्सकों से इलाज करा रहे है। खासकर प्रसव वाली महिलाओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा। डीएचएस के पास धरना पर बैठे एंबुलेंस चालक संघ के अध्यक्ष ने बताया कि उनके कुल 160 कर्मियों का 4 माह से भुगतान नहीं हुआ है। इसके अलावा एंबुलेंस को अब चलाने के लिए नई कंपनी आई है, जो कर्मियों का छटनी करना शुरू कर दिया है और नई बहाली भी लेनी शुरू कर दी है, जिससे उन्हें डर है कि उनकी नौकरी खतरे में है। नई कंपनी उन्हें काम से हटा देगी। इसके अलावा कई एंबुलेंस में तेल का कूपन भी उन्हें नहीं दिया जा रहा है, जिस कारण पूर्व से ही कई एंबुलेंस अलग-अलग पीएचसी में बंद पड़े हुए हैं। अब देखना होगा इस मामले में अधिकारियों की नींद कब खुलती है और एंबुलेंस की सेवा कब बहाल हो पाती है। मौके पर मुकेश कुमार, विकास कुमार, विपेन्द्र कुमार, कृष्ण कांत कमल, कमलेश कुमार तथा रंजन कुमार सहित दर्जनों की संख्या में चालक और ईएमटी मौजूद थे।

# छठ पर्व को लेकर घाटों का किया गया निरिक्षण

» **उप मुख्य पार्षद अरुण कुमार ने बताया की लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों की साफ -सफाई एवं छठ व्रतियों को सूर्य को अर्ध्य देने के दौरान आने वाली समस्याओं के निदान को लेकर नगर परिषद के कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया।**

**निज संवाददाता** | वारिसलीगंज (नवादा)




लोक आस्था एवं सूर्योपासना का महापर्व छठ को लेकर नगर परिषद क्षेत्र स्थित विभिन्न घाटों का निरिक्षण नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समीर चौधरी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि डब्लू गुप्ता, उप मुख्य पार्षद अरुण कुमार एवं कनीय अभियंता अरुण कुमार ने किया। उप मुख्य पार्षद अरुण कुमार ने बताया की लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घाटों की साफ -सफाई एवं छठ व्रतियों को सूर्य को अर्ध्य देने के दौरान आने वाली समस्याओं के निदान को लेकर नगर परिषद के कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र में सूर्य मंदिर एवं पटेल नगर स्थित मटकोरावा तालाब की सफाई छठ प्रारम्भ होने के पूर्व कराये जाने की बात कही गयी। उन्होंने कहा की क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में स्थित सरोवरों एवं तालाबों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा की शुद्धता एवं लोक आस्था का महापर्व छठ में व्रतियों की सुविधाओं का ख्याल रखा जायेगा। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। इसको लेकर दिशा निर्देश दिया गया हैं। सफाई ठेकेदार, सफाईकर्मी मौजूद थे।

## पैक्स मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**संझौली (रोहतास) (नि. सं.)।** संझौली प्रखंड अंतर्गत 6 पंचायतों में से पांच पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन शुक्रवार को हुआ। पैक्स मतदाता 2024 का मतदाताओं की कुल संख्या- 11 हजार 107 है। जिसमे संझौली में 2477, मझौली में 3635, चांदी इंग्लिश में 1686, करमैनी में 1425 व अमैठी में 1884 मतदाता है। विदित हो कि दवा आपत्ति के लिए 9 अक्टूबर से 22 अक्तूबर तक समय निर्धारित था। जिसमें किसी का नाम कट गया हो, या नया नाम जोड़ना हो, जो पहले नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन किया हो,उसका दावा आपत्ति का समय दिया गया था। जिसके बाद आज मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन प्रखंड कार्यलय में कर दिया गया है।

## बस स्टैंड की सुविधा नहीं होने से यात्री परेशान

**निज संवाददाता** | संझौली (रोहतास)

स्थानीय संझौली में बस स्टैंड की सुविधा नही होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। आरा-सासाराम मुख्य सड़क मार्ग के किनारे बस की प्रतीक्षा के लिए यात्रियों के खड़े रहने के लिए सुविधा नही हैं। मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता हैं कि मुख्य सड़क मार्ग के दोनों किनारों पर बुजुर्ग, महिलाओं, बीमार, लोगों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। यहा से अधिक यात्री बिक्रमगंज,आरा, सासाराम एवं पटना के लिए आते एवं जाते हैं। किसी भी वाहन का कोई निश्चित समय सारणी ना होने की वजह से यात्रियों को काफी समय तक बसों में यात्रा करने के लिए इंतजार करनी पड़ती है। मुख्य सड़क मार्ग का निर्माण हो जाने से काफी की संख्या में तेज रफ्तार से वाहन का परिचालन शुरू हो गया है। ऐसे ही मुख्य सड़क मार्ग के किनारे होकर बस का इंतजार यात्री करते रहते हैं जिससे सड़क दुर्घटना होने की अधिक सम्भावना होती रहती हैं। जिसके शिकार मुख्य सड़क मार्ग के किनारे खड़े यात्री बन सकते हैं। गौरतलब हो कि मुख्य सड़क मार्ग पर वाहनों का परिचालन तेजी से शुरू हो गया हैं। जिससे यात्रियों का खतरा का आमंत्रण देता रहता हैं। बस स्टैंड का निर्माण नहीं होने से काफी समस्या से अवगत होना पड़ता हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बस स्टैंड पर कोई सुविधा नहीं होने से बसों के रुकने का कोई निश्चित स्थान नहीं हैं। चालक बसों को निर्धारित स्थान पर रोकने की बजाय आगे-पीछे रोकते हैं।

प्रेस वार्ता में बोले एनएनसटीपीएस के मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता : दिसंबर 2026 तक एफजीडी संयंत्र की स्थापना के साथ प्लांट पूरी तरह होगा प्रदूषण मुक्त

# एनएसटीपीएस में शुरू होगा स्टेज-2 पर काम, 4380 मेगावाट होने लगेगा विद्युत का उत्पादन, बनेगा मेगा सुपर पॉवर प्लांट

साकेत कुमार | नवीनगर (औरंगाबाद)

देश की बिजली राजधानी के रूप में चर्चित हो रहा औरंगाबाद का नबीनगर शीघ्र ही विद्युत उत्पादन के मामले में बिहार ही नही बल्कि देश का भी गौरव बनेगा। यह गौरवपूर्ण पल तब आएगा जब यहां एनटीपीसी लिमिटेड की इकाई नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस) में स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट की तीन ताप विद्युत उत्पादन इकाईयों की स्थापना का काम पूरा हो जाएगा। स्टेज-2 के निर्माण के बाद इस प्लांट की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 1980 से बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी। इस वजह से यह देश के प्रमुख पावर प्लांटों में से एक बन जाएगा।

एनएनसटीपीएस के मुख्य महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख चंदन कुमार सामंता ने शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि एनटीपीसी, नबीनगर स्टेज-2 के निर्माण के बाद यह बिहार का पहला मेगा सुपर पॉवर स्टेशन प्लांट होगा। इस स्थिति में यह विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में बिहार ही नही बल्कि देश का भी गौरव बनेगा। कहा कि स्टेज-2 के निर्माण के लिए प्राथमिक प्रक्रिया के तहत ग्लोबल टेंडर हो चुका है। टेंडर फाईनल होने के बाद शीघ्र ही कार्य शुरू हो जाएगा। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद, स्टेज – 2 की तीनों इकाइयों के शुरू होने में तीन साल का समय लगेगा। इस बार भेल, एल एंड टी आदि कम्पनियों ने टेंडर भरा है। अभी टेंडर कम्पनियों की स्क्रूटनी होनी। स्टेज-2 का काम मिशन मूड में चलाया जा रहा है।



» 800-800 मेगावाट की तीन नई ताप विद्युत उत्पादन इकाइयों का निर्माण होगा।

» स्टेज-2 के निर्माण के बाद एनएसटीपीएस की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 1980 से बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी।

» दिसंबर 2026 तक फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) संयंत्र की स्थापना का कार्य पूरा होगा, जिससे प्लांट प्रदूषण मुक्त बनेगा।

» वित्तीय वर्ष 2023-24 में एनएसटीपीएस ने 14411 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया।

### नबीनगर: देश की बिजली राजधानी

एनएसटीपीएस स्टेज-2 और बीआरबीसीएल की सौर संयंत्र इकाई के बाद नबीनगर की कुल उत्पादन क्षमता 5402 मेगावाट हो जाएगी, जिससे इसे देश की 'बिजली राजधानी' कहा जा रहा है।




### दिसंबर 2026 तक पूरा हो जाएगा एफजीडी का काम

परियोजना प्रमुख ने कहा एनएसटीपीएस परियोजना में प्रदूषण का स्तर बेहद कम है। इसके बावजूद हम प्रदूषण को शून्य स्तर पर लाने का काम कर रहे है। इसके तहत परियोजना में एफजीडी (फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन) संयंत्र की स्थापना का काम तेजी से चल रहा है और इसके दिसंबर-2026 तक पूरा हो जाने की पूरी संभावना है। एफजीडी संयंत्र की स्थापना के बाद यह पावर प्लांट पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त प्लांट बन जाएगा। फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) एक प्रक्रिया है जिसका उपयोग वायु में सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ) के उत्सर्जन को कम करने के लिए किया जाता है। इससे न केवल वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिलती है, बल्कि उत्पन्न अवशेषों का भी उपयोग किया जा सकता है, जैसे कि जिप्सम आदि। साथ ही उन्होंने बताया कि प्लांट में एयर कूल्ड कंडेंसर के इस्तेमाल की तैयारी चल रही जिससे पानी की खपत को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। कोयले से निकलने वाले फ्लाई ऐश के बारे में बताया गया कि बिजली निर्माण के दौरान प्लांट से निकले 70% फ्लाई ऐश को उपयोगी बनाया जा रहा है जो अपने आप में बड़ी बात है।

### 2023-24 में हुआ रिकॉर्ड 14411 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन

सामंता ने कहा कि एनएसटीपीएस विद्युत उत्पादन के मामले में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। 1980 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाला यह प्लांट बिहार में विद्युत आपूर्ति में अहम योगदान दे रहा है। परियोजना ने पिछले वित्तीय वर्ष-2023-24 में 14 हज़ार मिलियन यूनिट (14411 एमयू) से भी ज्यादा विद्युत उत्पादन कर अपनी संचालन की सफलता का शानदार प्रदर्शन किया है। इसी वित्तीय वर्ष में परियोजना का प्लांट लोड फैक्टर(पीएलएफ) 82.86 प्रतिशत रहा, जो इसकी उत्कृष्टता को दर्शाता है। एनएसटीपीएस, अब तक 8.4 बिलियन यूनिट्स बिजली उत्पादित कर देश को रौशन करने में सहायक साबित हुआ है। बिजली उपलब्धता के बारे में बताया कि एनएसटीपीएस बिजली की विश्वसनीयता पर 95.4% बार खरी उतरी है जो अपने आप में एक गौरवशाली और अद्वितीय आंकड़ा है। प्रेसवार्ता में ये भी रहे मौजूद-प्रेसवार्ता में एनटीपीसी, नबीनगर के महाप्रबंधक (ओ एंड एम) केडी यादव, महाप्रबंधक (ऑपरेशन) एके त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### ग्रामीण विकास में भी योगदान दे रही एनटीपीसी

कहा कि एनटीपीसी नबीनगर ग्रामीण विकास में भी तत्परता से अपना योगदान दे रहा है। पावर प्लांट द्वारा नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से 40 से अधिक गांवो में विकास को गति दिया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधा और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में लगातार प्रयासों से हम ग्रामीण क्षेत्र में विकास की एक नई कहानी लिख रहे है। हमारे तत्पर प्रयासों से ग्रामीण इलाको में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। हम परियोजना के आसपास के गांव के ग्रामीणों को अपना परिवार मानते है।

### बिजली राजधानी के रूप में चर्चित हो रहा नबीनगर

देश की बिजली राजधानी के रूप में चर्चित हो रहा नबीनगर का एनएसटीपीएस प्लांट यूं ही नही बिहार बल्कि देश का गौरव बनने जा रहा है। इसके पीछे खास वजह भी है। वजह यह है कि देश के किसी भी जिले में दो-दो बड़े पावर प्लांट स्थापित नही है। औरंगाबाद का नबीनगर ही देश का एकमात्र ऐसा जगह है, जहां दो बड़े पावर प्लांट स्थापित है और दोनों प्लांटों से कुल मिलाकर अभी 2980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इतनी बड़ी मात्रा में बिजली का उत्पादन देश के किसी भी एक जिले के विद्युत उत्पादन संयंत्रों से नही हो रहा है। इन परियोजनाओं में सबसे बड़ी परियोजना नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्लांट(एनएसटीपीएस) है। इस प्लांट से 1980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो है। साथ ही इसी परियोजना के स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता वाली तीन नई ईकाइयों की स्थापना होने जा रही है। इस स्थिति में स्टेज-2 का काम पूरा होने के बाद अकेले इस परियोजना से कुल 4380 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। वही नबीनगर में ही स्थापित भारतीय रेल और एनटीपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड(बीआरबीसीएल) की एक हजार मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली ताप विद्युत परियोजना स्थापित है। साथ ही यहां भी 22 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाले सौर विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना की जानी है। इस लिहाज से वर्तमान में नबीनगर से अकेले 2980 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है जबकि एनटीपीसी नबीनगर में तीन नई इकाईयों और बीआरबीसीएल में 22 मेगावाट क्षमता वाले सौर विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना होने से नबीनगर की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 5402 मेगावाट हो, जाएगी जो अपने आप में एक रिकॉर्ड होगा। इसी वजह से नबीनगर को देश की बिजली राजधानी के अलंकरण से नवाजा जा रहा है और एनएसटीपीएस बिहार ही नही बल्कि देश का भी गौरव बनने जा रहा है।

## ट्रक ने बाइक में मारी ठोकर, एक युवक की मौत

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)



औरंगाबाद में तेज रफ्तार ट्रक के धक्के से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दोमुहान पुल के समीप पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। सड़क के बाद युवक सड़क पर गिर गया। फिर ट्रक ने इसे कुचल दिया। मामला रिसियप थाना क्षेत्र के दोमुहान पुल के पास का है। मृतक युवक रिसियप क्षेत्र के अमौना गांव निवासी प्रभात रंजन (27) की मौत हो गई। घायलों में अमौना गांव निवासी पवन कुमार (27) और निखिल कुमार (27) शामिल हैं। जख्मी को रिसियप थाना पुलिस ने अपने वाहन से सदर अस्पताल लाया। मामला रिसियप थाना क्षेत्र के दोमुहान पुल के समीप का है। ड्यूटी पर रहे डॉक्टरों ने जांच के बाद प्रभात को मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल में घायल पवन ने बताया कि वह अपने दो दोस्तों के साथ बाइक पर सवार होकर अंबा बाजार किसी काम से गया हुआ था। काम पूरा होने के बाद तीनों वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में दोमुहान पुल के समीप पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद प्रभात सड़क पर गिर गया और ट्रक के पहिए ने कुचल दिया। घटना की सूचना स्वजनों को अमौना गांव में मिली तो स्वजन सदर अस्पताल पहुंचे। युवक के शव को देखकर मां का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां रोते हुए बार-बार बेहोश हो जा रही थी। जब होश में आया तो अपने बेटे को खोज रही थी। बता दें कि युवक के पिता सुरेन्द्र मेहता कि तीन साल पहले विजयवाड़ा में निजी कंपनी में काम करने के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उनके मौत के बाद घर की सारी जिम्मेदारी निखिल के कंधों पर ही थी। अब उसके नहीं रहने से उनके परिवार पर दुख के पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह ने मिलकर ढाढस बंधाया। साथ ही मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है।

## जिला पेंशनर समाज के पूर्व अध्यक्ष की मनायी गयी पहली पुण्यतिथि



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के क्लब रोड स्थित जिला पेंशनर समाज भवन में जिला पेंशनर समाज के पूर्व अध्यक्ष सह प्रदेश लोक समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. जगन्नाथ सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई और उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं दो मिनट का मौन रख कर, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व तथा कृत्यों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. जगन्नाथ बाबू एक नेक और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। वे एक सामाजिक व्यक्ति थे, लोगों की मदद करने में विश्वास करते थे। इस मौके पर जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष शिक्षाविद धर्मजीत सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक बैजनाथ सिंह , अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, रमेश मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव प्रमोद सिंह, शिक्षाविद शिवनारायण सिंह, जेपी सेनानी सह लोक समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, जेपी सेनानी प्रो ज्ञानेश्वर सिंह उर्फ ज्ञान जी, प्रो विनोद सिंह, रणधीर सिंह, नकुल यादव, अर्जुन भगत, सुरेश प्रसाद गुप्ता, अखिलेश्वर सिंह, देवनारायण प्रसाद, भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, बीडी यादव, अमिताभ सिंह, अर्जुन भगत, मुसाफिर सिंह, रामबली पासवान, रामभजन सिंह, बालकेश्वर सिंह, अरुण कुमार अक्षत, पप्पू जी आदि उपस्थित थे।

## सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में आयोजित हुआ मोटिवेशनल क्लास



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद में संचालित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र (पीईटीसी) में एसएससी एवं बीपीएससी के छात्र-छात्राओं के बीच एक मोटिवेशनल क्लास का आयोजन किया गया जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में महाविद्यालय के ही दो छात्र निशांत कुमार एवं अभिषेक कुमार जिनका चयन भारतीय नौसेना में हुआ है मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में शामिल हुए। मोटिवेशनल स्पीकर ने छात्र-छात्राओं को तैयारी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की साथ ही अपनी तैयारी का तजुर्बा भी साझा किया। यह कार्यक्रम प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक सह जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष मोहम्मद मसउद आलम की देख रेख में संपन्न हुआ। इस मोटिवेशन क्लास में छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रश्न पूछे, मोटिवेशनल स्पीकर ने बड़े ही सहजता के साथ बारी-बारी से सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। इस कार्यक्रम में सभी छात्राएं शामिल हुए।

## हथियार के साथ शराब कारोबारी गिरफ्तार



निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

नवीनगर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के कुशा गांव निवासी बादल कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि सूचना के आधार पर कुशा गांव में छापेमारी की गई जिसके फलस्वरुप एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस पर शराब के दो कांड दर्ज़ हैं जिसमें पूर्व में भी जेल जा चुका है। इधर वह जमानत पर छुटकर वापस निकला था।

उन्होंने बताया कि आसपास पूछ-ताछ के दौरान पता चला कि यह लोगों को हथियार का भय दिखाकर शराब का कारोबार करता था। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपी को जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई एसआई राजू कुमार एवं पुलिस बलों के द्वारा की गई।

## डीएम ने किया निबंधन व परामर्श केंद्र का औचक निरीक्षण



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, ने शनिवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होने केंद्र पर साफ-सफाई की वर्तमान स्थिति को लेकर असंतोष व्यक्त किया तथा सुधार के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर अनुपस्थित पाए गए कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग हेतु जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र पर संचालित आधार केंद्र का भी निरीक्षण किया। साथ ही जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के माध्यम से संचालित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा कुशल युवा कार्यक्रम में जिले के रैंकिंग को सुधारने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सोन नदी के पास झाड़ियों में व्यक्ति का शव बरामद

बारूण (औरंगाबाद)(नि. सं.)। जिला के बारुण थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि सोन नदी की पोल संख्या 41 और 42 नंबर के बीच स्थित झाड़ियों से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई। उम्र लगभग 35 साल बताई गई। शव पहले स्थानीय लोगों को दिखाई दी। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची बारुण थाना पुलिस शव को झाड़ियों से निकलकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। पहचान की लिए पुलिस छानबीन शुरू कर दी है। बारुण थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना की जानकारी एफएसएल टीम को भी दी गई है। मृतक व्यक्ति की उम्र लगभग 35 वर्ष होगी। मृतक की हत्या की गई है या पुल से गिरने से मौत हुई है।

## ग्रामीण विकास मंत्री ने मेंह में किया सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण



निज संवाददाता | बारूण(औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड के मेंह में शनिवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश पटेल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि हमारी सरकार सरदार पटेल के पदचिन्हों पर चल रही है। सरदार पटेल कहां करते थे कि जब तक शिक्षित नहीं बनोगे तब तक विकास नहीं होगा। इसी कड़ी में सरकार ने हर गांव में पक्का स्कूल भवन, बच्चों को साइकिल एवं पोशाक योजना के तहत शिक्षा को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम में औरंगाबाद के पूर्व सांसद और नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल नहीं होते तो आज जो भारत का एकीकृत स्वरूप है, वह नहीं होता। उस वक्त भारत कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न रियासतों में बंटा था। इसे एक करने का श्रेय सरदार पटेल को जाता है। कार्यक्रम में डब्लू सिंह, विश्वनाथ सिंह, अमरेश चौधरी, हिमांशु पटेल, जितेंद्र पटेल, सुनील यादव, बारुण प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव, अनिल यादव, डॉ. निर्मल कुमार एवं मोद नारायण पटेल आदि मौजूद रहे।

## तबादले पर एसीजेएम को दी गई विदाई

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एसीजेएम अविनाश कुमार को तबादले के बाद ससम्मान विदाई दी गई। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पटना हाईकोर्ट ने एसीजेएम अविनाश कुमार का तबादला अररिया कर दिया है। न्यायिक पदाधिकारी अविनाश कुमार मई 2022 से अनुमंडलीय न्यायालय, दाउदनगर में मुसंफ रहे। तत्पश्चात विगत छः माह से व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एसीजेएम के पद पर थे।

इस मौके पर न्यायधीश ने कहा कि अधिवक्ताओं को वाद के ऑर्डर शीट से सदैव अप टू डेट रहने से जमानत और पैरवी में आसानी होती है तथा वाद निष्पादन में तेजी आती है। अधिवक्ता ने बताया कि न्यायाधीश अविनाश कुमार ने अपना पदभार एसीजेएम-1 दिवान फहद खां को दिया। इस मौके पर अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही और न्यायिक कर्मचारीगण ने साल, बुके देकर और माला पहना कर न्यायिक पदाधिकारी अविनाश कुमार को विदाई दी।

## होमियोपैथ चिकित्सक डॉ. अता रिजवी को मिला इंटरनेशनल एचिवर अवार्ड

निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)




हसपुरा के जाने माने होमियोपैथ चिकित्सक डॉ. अताउल्लाह अहमद रिजवी को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंटरनेशनल एचिवर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हे वियतनाम की राजधानी हनोई में प्रदान किया गया। गौरतलब है कि डॉ. रिजवी विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में रोगियों का ईलाज कर रहें हैं। ग्रामीणों को कम खर्च में संपूर्ण निदान तथा प्रभावित ऑर्गन को एक्टिवेट कर हमेशा के लिए ठीक करने की पद्धति का उपयोग करते हैं। बिना साइड इफेक्ट के रोगों का निदान करने में चिकित्सा के क्षेत्र में उन्होंने बड़ा योगदान दिया है। इसके पहले भी डॉ. रिजवी को कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वें लगभग चार वर्षों से हसपुरा में अपने घर पुरानी थाना रोड स्थित रिजवी हाउस में रहकर चिकित्सा कर रहे हैं, जहां दूसरे जिले व प्रदेशों के लोग भी ईलाज के लिए आते हैं।

इनके रोगियों में कई नेता, अभिनेता,वरीय अधिकारी सहित नामी हस्तियां भी शामिल है। वियतनाम के राजधानी हनोई में झारखंड के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. यूएस वर्मा ने अपने हाथों से उन्हे यह सम्मान दिया, जहां देश, विदेश के दर्जनों चिकित्सक मौजूद थें। इस उपलब्धि पर प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल, अरविंद कुमार वर्मा, शम्भू शरण सत्यार्थी, वीरेंद्र खत्री, विजय कर्ण, प्रेम कुमार आदि ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हसपुरा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस क्षेत्र में उनके ईलाज से लोगों को काफ़ी लाभ मिल रहा है।

## न्यूज बाइट्स

### ग्रामीणों ने की नया भवन बनाने मांग

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह प्रखंड के लोदीपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन वर्षो से जर्जर बना हुआ है। इस ओर न तो विभाग का ध्यान है और न ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान है। इस कारण जर्जर भवन में बच्चे पढ़ने को मजबूर है। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर भवन में कभी भी अनहोनी हो सकती है। भवन निर्माण को लेकर गांव के वार्ड सदस्य चिराग पासवान ने कई बार जिला शिक्षा पदाधिकारी से लेकर जिलाधिकारी तक से विद्यालय भवन बनाने की मांग रखी लेकिन फंड में पैसे नहीं होने का हवाला पत्राचार के माध्यम से कर पल्ला झाड़ लिया गया। इसके बाद से आजतक इस जर्जर भवन की सुधी लेने वाला कोई नही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर विभाग जर्जर भवन को बनाने को लेकर पहल नही करेगा तो लोग बच्चों को इस जर्जर भवन में पढ़ने जाने से मना कर देगे।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जर्जर भवन को बनाने की मांग की है।

### डुमरा उप स्वास्थ्य केंद्र से लोगों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य लाभ

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। हसपुरा प्रखंड के डुमरा गांव स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र अस्पताल 19 वर्षों से डॉक्टर का बाट जोह रहा है। प्रखंड मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित डुमरा पंचायत व आसपास की बड़ी आबादी के लिए स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए डुमरा में अस्पताल भवन बनाया गया था। 19 जून 2003 में बिहार सरकार के तत्कालीन स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने तामझाम के साथ उद्घाटन भी किया था।उस वक्त स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला उद्घाटन समारोह में मौजूद था लेकिन ताज्जुब की बात यह है वि भवन का उद्घाटन तो करा दिया गया। इसके बावजूद आजतक न उसमे चिकित्सक बैठे और न ही उपकरण लाया गया। मामला जो भी हो ग्रामीणों ने डुमरा में स्वास्थ्य सेवा बहाल करने की मांग की है।

### विद्यालय में मना किशोर स्वास्थ्य व आरोग्य दिवस

रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)। राजकीय मध्य विद्यालय भल्लु खैरा में राज्य स्वास्थ्य समिति एवं बिहार शिक्षा परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय स्वास्थ्य एव कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य एवं आरोग्य दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा 6 एवं 8 के 63 छात्रा- छात्राओ ने भाग लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, सहायक शिक्षिका रजिया खातून, हामिद मुस्तफा, प्रखण्ड शिक्षक शैलेश कुमार, सुभाष गहलौत, सिंदेश्वर कुमार एवं शिक्षक मो अरमान अंसारी ने प्रथम, द्वितीय, तृतिय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### शैक्षणिक परिभ्रमण दल रवाना

रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)। शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय डाकबंगला के द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण बस का प्रधानाध्यापक मशकूर आलम ,शिक्षक एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि परिभ्रमण से बच्चो का बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। विद्यार्थियों शैक्षणिक परिभ्रमण दल राजगीर ,नालंदा के लिए प्रस्थान किया गया। इस अवसर पर श्याम कुमार, रामाशीष प्रसाद ,अब्दुल बासित, फिरोज अहमद, राम अयोध्या मिश्रा, विकाश कुमार कविता कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।साथ परिभ्रमण हुए। उन्होंने ने बताया कि बच्चों के शैक्षणिक परिभ्रमण मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर मानसिक एवं बौद्धिक विकाश और कुछ नया सीखने, बिहार के गौरवशाली पर्यटन स्थल को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त होता है।

### दीपावली व छठ पर्व को ले अग्निशमन विभाग ने शहर में लोगों को किया जागरूक

रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)। दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर अग्नि शमन विभाग औरंगाबाद ने रफीगंज शहर के विभिन्न स्थानों में घुमकर आग से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया।सहायक जिला अग्नि शमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद, प्रधान अग्नि शमन धर्मेंद्र कुमार एवं अमित कुमार ने कहा कि अगलगी के दौरान धैर्य एवं निर्भयता के साथ तत्काल सुलभ संसाधनों से आग पर काबू पाया जा सकता है। पर्व में अधिक व्यस्तता रहती है। इसमें सावधानी पूर्वक बच्चों का ख्याल रखें। पटाखा जलाते समय इनके साथ रहे। वहीं पटाखा, बीड़ी, सिगरेट, घरेलु गैस सहित आग लगने वाले संसाधनों से बचाव के कई टिप्स बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नियमित मिलेगा मार्गदर्शन

**बोधगया।** बोधगया में शुक्रवार को सतत जीविकोपार्जन योजना (एसजेवाई) के तहत 26 मास्टर संसाधन सेवियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण मॉड्यूल तीन पर केंद्रित था, जिसका उद्देश्य मास्टर संसाधन सेवियों को एसजेवाई के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों की व्यावसायिक साक्षरता को बढ़ाने और उनके व्यवसाय के सभी पहलुओं की जानकारी देने का था। इस प्रशिक्षण में बचत, लेखांकन, व्यवसायिक जोखिम प्रबंधन, दस्तावे जीकरण आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर संसाधन सेवियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे एसजेवाई दीदियों को उनके व्यवसाय को बढ़ाने में नियमित मार्गदर्शन प्रदान करें। इस प्रशिक्षण का संचालन बंधन कोन्नगर के प्रशिक्षण अधिकारी रवि शंकर द्वारा किया गया, जिसमें गया, अरवल, और रोहतास जिलों के मास्टर संसाधन सेवियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में बीआरपी अमरेश ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह में युवा पेशेवर गौतम कुमार ने सभी मास्टर संसाधन सेवियों को कहा कि सतत जीविकोपार्जन योजना का उद्देश्य गरीब दीदियों को आगे बढ़ाना है। सभी सेवियों को समर्पित होकर काम करने की प्रेरणा दी।

### बिहार शरीफ में आज 3 घंटे की बिजली कटौती

**नालंदा।** स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत होने वाले विकास कार्यों के कारण बिहार शरीफ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को व्यापक स्तर पर बिजली कटौती की जाएगी। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पांच प्रमुख पावर सब स्टेशनों (पीएसएस) से तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के एसडीओ संजीत कुमार ने बताया कि बाजार समिति क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत महत्वपूर्ण निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति रोकी जाएगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में शहरी इलाके के सोहसराय, विजयनपुर और चांदपुरा के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के नूरसराय और थरथरी पीएसएस के अधीन आने वाले समस्त इलाके शामिल हैं। विभाग के अनुसार इस आवश्यक कटौती से लगभग हजारों उपभोक्ता प्रभावित होंगे। एसडीओ कुमार ने सभी प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि वे पहले से ही पानी का पर्याप्त भंडारण कर लें, जिससे बिजली कटौती के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### जीविका का यूथ मोबिलाइजेशन ड्राइव आज

**हरनौत।** शनिवार को जीविका के प्रखंड परियोजना कार्यालय परिसर में यूथ मोबिलाइजेशन ड्राइव का आयोजन होगा। इसमें इच्छुक युवा अपने सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्र व आधार कार्ड के साथ शामिल हो सकते हैं। बीपीएम आफताब आलम ने बताया कि चिन्हित कंपनी के लिए अभ्यर्थी अपने प्रमाणपत्र जमा करेंगे। ड्राइव के अंतर्गत सिक्योरिटी गार्ड के लिए बड़ी संख्या में जॉब उपलब्ध है। लंबी लाईट वाले अभ्यर्थी इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। जॉब कैंप के प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार को जीविका कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ चेरन, नियामतपुर, बस्ती, श्रीचंदपुर, डिहरीगढ़, हासनचक, चेरो, बराह, कल्याणबिगहा, कोलावां, सिरसी, लोहरा, किचनी, पोआरी, लंगौरा, मिरदाहाचक, गोनावां, छतियाना, पचौरा, बसनियावां, बोधनगर तक गया और जीविका से जुड़े लोगों के साथ अन्य को भी जॉब कैंप की जानकारी दी। इसमें पांच औद्योगिक संस्थाएं शामिल होंगी। वे अहर्ता प्राप्त सक्षम युवाओं को रोजगार देगी। पांचवी, दसवीं, 12वीं व आईटीआई पास के लिए रोजगार उपलब्ध है।कार्यक्रम में रोजगार की प्रखंड नोडल खुशबू कुमारी, रिसोर्स पर्सन वीणा कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक ओमप्रकाश, रजनीश कुमार, सामुदायिक समन्वयक विभा कुमारी, लेखापाल रितेश कुमार, कार्यालय सहायक रवींद्र कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर गुड्डू कुमार, श्याम कुमार, लक्ष्मण, रीना, सोनू शामिल थे।

### उच्च शिक्षण संस्थानों में महिला शिक्षाविदों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की जरूरत

**बोधगया।** यूनेस्को द्वारा 2021 में प्रकाशित एक रिपोर्ट में शीर्ष पदों पर महिला शिक्षाविदों की कमी बताई गई है। इसमें पाया गया कि उच्च शिक्षा प्रणालियों में प्रवेश स्तर की नौकरियों में शिक्षण स्टाफ में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अधिक है, लेकिन सफलता की सीढ़ी के शीर्ष पर उनकी उपस्थिति धीरे-धीरे कम हो जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए आईआईएम बोधगया मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तत्वावधान में महिला शैक्षणिक नेताओं के लिए 11 नवंबर से 15 नवंबर 2024 तक 5 दिवसीय आवासीय नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम (एनएफएलपी) का आयोजन करेगा। शिक्षा मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित, इस कार्यक्रम का लक्ष्य उच्च शिक्षा नेतृत्व में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को देखते हुए भारत में उच्च शिक्षा में महिलाओं को सशक्त बनाने की कल्पना करनी है।

# 10 दिनों के अंदर बदमाश अरेस्ट, कट्टा-कारतूस जब्त

निज संवाददाता। गया



♦ गया में 13 अक्टूबर को दिनदहाड़े की थी फायरिंग, हथियार बरामद

गया शहर के रामपुर थाना क्षेत्र में फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपी प्रेम यादव को जिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। फायरिंग की घटना 13 अक्टूबर को की है। पकड़े गए आरोपी ने 13 अक्टूबर को कृष्णा पथ इलाके में दिनदहाड़े फायरिंग की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेम यादव को दबोच लिया। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम बनाई गई थी। तकनीकी अनुसंधान और सूचना तंत्र के आधार पर प्रेम यादव को कटारी हिल रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से हथियार बरामद हुआ है। पुलिस का दावा है कि बरामद हथियार फायरिंग की घटना के दौरान इस्तेमाल किया गया था।

**पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की थी छानबीन:** 13 अक्टूबर को कृष्णा पथ इलाके में हुई फायरिंग से लोगों में डर फैल गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। रामपुर थाना में कांड संख्या 531/24 के तहत मामला दर्ज हुआ था। एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी। पुलिस की टीम ने तकनीकी साधनों और आसूचना के आधार पर प्रेम यादव की लोकेशन का पता लगाया और छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। प्रेम यादव का नाम गया शहर के कुख्यात अपराधियों में शामिल है। उसके खिलाफ 14 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह कई संगीन वारदातों में शामिल रहा है, जिसमें हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखना और फायरिंग जैसी घटनाएं शामिल हैं।

# ट्यूशन से लौट रहे छात्र के साथ मारपीट

निज संवाददाता। नालंदा



♦ बिहार शरीफ में नशे में धुत बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

बिहार शरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टेलीफोन एक्सचेंज काशी तकिया मोहल्ला में ट्यूशन पढ़कर लौट रहे युवक को दूसरे समुदाय के लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के गोनामा गांव निवासी पप्पू कुमार के (20) वर्षीय पुत्र कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल कैंप कर रही है। घायल युवक वर्तमान में टेलीफोन एक्सचेंज के सामने वाली गली में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। मामले के बारे में युवक के पिता ने बताया।

**नशे की हालत में लड़कों ने किया मारपीट:** घायल युवक के पिता ने बताया कि मेरा बेटा पढ़ाई कर अपने कमरे पर जा रहा था। तभी टेलीफोन एक्सचेंज के सामने वाली गली में कुछ युवक नशे की हालत में धुत हालत में एक व्यक्ति से टकरा गया। जिसके बाद उनलोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जिसकी वजह से मेरा बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंच कैंप कर रही है। घायल युवक के द्वारा कुल 9 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। फिलहाल विधि व्यवस्था सामान्य है।

# पुरानी रंजिश में पीट कर अधेड़ की हत्या, घात लगाकर बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में शुक्रवार की रात घात लगाए बदमाशों ने एक अधेड़ को घेर कर लाठी डंडे से मारपीट कर हत्या कर दी। मामला चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खनपुरा गांव का है। मृतक की पहचान करायपरसुराय थाना क्षेत्र के बहौदी बिगहा निवासी स्वर्गीय इंद्रदेव प्रसाद के बेटे रविंद्र यादव उर्फ छोटे यादव (56) के रूप में की गई है। इस मामले में एक आरोपी अरेस्ट हुआ है। घटना के संबंध में मृतक के भतीजे ने बताया कि रविंद्र यादव खेत पटवन काम को लेकर खनपुरा गांव गए हुए थे। जहां पहले से घात लगाए लालदहिन यादव और 5-6 अन्य लोगों से पूर्व की रंजिश को लेकर कहा सुनी हो गई। बदमाशों ने लाठी डंडे से रविंद्र यादव के ऊपर प्रहार कर दिया, जिसके कारण सिर में चोट लगने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शोर-शराबे की आवाज सुन आसपास के लोग जुटे। इसके बाद स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद चिकसौरा थाना अध्यक्ष, करायपरसुराय थाना अध्यक्ष व हिलसा सर्किल इंस्पेक्टर मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। चिकसौरा थाना अध्यक्ष बब्बन कुमार ने बताया कि पूर्व की रंजिश को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले में लालदहिन यादव समेत सात लोगों को आरोपित किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई कर एक आरोपी को पकड़ लिया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच जारी है। लालदहिन यादव पहलसे से ही अपराधी है। उसके ऊपर सीसीए की भी कार्रवाई की गई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के विकास को मिलेगी नई दिशा

निज संवाददाता। नालंदा

ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा योजना के तहत खेल मैदानों के निर्माण के मानकों में बड़ा बदलाव किया है। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, अब पंचायत स्तर और विद्यालयों में दो श्रेणियों के खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। ये छोटे और बड़े दोनों होंगे। विभाग के अनुसार "छोटे मैदान एक एकड़ में, जबकि बड़े मैदान चार एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जाएंगे। यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

**दो चरणों में होगा विकास:** मैदानों का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में बुनियादी खेल सुविधाओं का निर्माण होगा। दूसरे चरण में अतिरिक्त सुविधाएं जैसे दर्शक दीर्घा, चेंजिंग रूम और शौचालय का निर्माण किया जाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पहले चरण में ही इन अतिरिक्त सुविधाओं के लिए स्थान चिह्नित कर लिया जाएगा। नए मानकों के अनुसार बड़े मैदान का बजट 9,94,331 रुपए और छोटे मैदान का 9,11,931 रुपए है। प्रशासन को 15 नवंबर तक स्थल चयन और प्रशासनिक स्वीकृति देने का निर्देश दिया गया है।

**पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान:** चहारदीवारी नहीं रहने वाले जगह पर मनरेगा के तहत वृक्षारोपण कर कंटीले तारों से घेराबंदी की जाएगी। इस काम में इमारती लकड़ी के पेड़ों और फलदार वृक्षों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो न केवल सुरक्षा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान करेंगे।

## हिमाचल प्रदेश से 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा बतसपुर

**बोधगया।** हिमाचल प्रदेश से आए हुए पीआरएलइस सहित 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को बसाढी पंचायत के बतसपुर गांव में प्रशिक्षण के लिए पहुंचा। मुखिया ईश्वर मांझी एवं पूर्व उप मुखिया मनोरंजन प्रसाद समदर्शी ने गुलाब का फूल एवं अंग वस्त्र पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। श्री समदर्शी ने सभी का स्वागत करते हुए पंचायत के विकास कार्यों से अवगत कराया।

# गया में 10 घंटे में हत्यारोपी गिरफ्तार, देसी कट्टा और कारतूस बरामद



निज संवाददाता। गया

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के गंगा महल मोहल्ले में हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने महज 10 घंटे में हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और सात कारतूस बरामद किए गए हैं। एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। दरअसल शुक्रवार की सुबह गंगा महल मोहल्ले में चंदन नाम के युवक ने अपने पड़ोसी महावीर शर्मा को गोली मार दी थी। इससे महावीर शर्मा की अस्पताल ले जाए जाने के दौरान मौत हो गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी थी। मृतक औरंगाबाद के कामदा गांव के रहने वाले थे। तड़के हुई इस बड़ी घटना से इलाके के लोग सहम गए थे। मोहल्ले के लोगों का कहना था कि हत्या करने वाला आरोपी बीते दो दिनों से शराब के नशे में धुत्त होकर कट्टा दिखाता चल रहा था।

एसएसपी आशीष भारती ने घटना की गंभीरता को देखते हुए। नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई थी। इसमें कोतवाली थाना और तकनीकी शाखा के अधिकारी शामिल थे। एसएसपी खुद निगरानी कर रहे थे। एसएसपी ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान के बाद आरोपी की पहचान हुई। उन्होंने बताया कि चंदन कुमार को इकबाल नगर ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर कट्टा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

## मशरूम को सूखाकर छह माह स्टोर कर सकते हैं : प्रशिक्षक

**हरनौत** । कृषि विज्ञान केंद्र में मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर चल रहा पांच दिवसीय ट्रेनिंग संपन्न हो गया। गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित ट्रेनिंग में जिले के 22 किसान व रावे की छात्राएं शामिल हुईं। समापन के मौके पर गृह वैज्ञानिक डॉ.ज्योति सिन्हा ने बताया कि यह समय ऑयस्टर(ढींगरी) व बटन मशरूम उत्पादन के लिए उपयुक्त है। कम लागत में उत्पादित होने वाले इन मशरूमों की बिक्री से किसान तीन गुणा तक लाभ कमा सकते हैं।

यह काफी पोषक और स्वादिष्ट होता है। ताजे ढींगरी मशरूम को सूखे व ठंडे स्थान पर रखकर तीन दिनों तक उपयोग में ला सकते हैं। जबकि बटन मशरूम को आठ दिन सामान्य तरीके से रख सकते हैं। वह खराब नहीं होगा। जबकि शीतक यंत्रों फ्रीज आदि में दोगुने समय तक सुरक्षित रख सकते हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/आरडीएन/ओओएच/23, दिनांकः 23.10.2024,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 4था तल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का ठेका प्रदान करने हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई–नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया **ई–ऑक्शन लीजिंग** मॉड्यूल के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें: **कैटलॉग सं. एचडब्ल्यूएच–आरडीएन–ओओएच–23, नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** दिनांक 08.11.2024 को 12.00 बजे। **क्रम सं., अनुक्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैंः **(1) एए/1, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएच–128–24–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम),** तीन वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया (पार्किंग लॉट एवं बापू उद्यान के सामने और हावड़ा मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार के सामने) में निर्दिष्ट स्थानों पर वाणिज्यिक प्रचार (आउट ऑफ होम–नॉन डिजिटल) की प्रदर्शनी। **(2) एबी/1, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एलएलएच–ओएसडी–119–24–1 [विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)],** हावड़ा मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ क्लस्टर – 1 (लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, उत्तरपाड़ा, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर, जैसा कि अनेक्सर–I में विस्तृत है) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(3) एबी/2, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–पीडीए–ओएसडी–122–24–1 [विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)],** हावड़ा मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ क्लस्टर – 4 (पाण्डुआ, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर और रामपुरहाट, जैसा कि अनेक्सर–I में विस्तृत है) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(4) एबी/3, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–बीडीसी–ओएसडी–121–24–1[विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)],** हावड़ा मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ क्लस्टर – 3 (बैण्डेल, नवद्वीपधाम और कटवा, जैसा कि अनेक्सर–I में विस्तृत है) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(5) एबी/4, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एसएचई–ओएसडी–120–24–1 [विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)],** हावड़ा मंडल के तहत 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ क्लस्टर – 2 (सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा और तारकेश्वर, जैसा कि अनेक्सर–I में विस्तृत है) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(6) एसी/1, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–जेटीएल–ओएसएन–19–24–2 [विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)],** तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के क्लस्टर–IV के तहत [(क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) अदलपहाड़ी से कुरुवा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से ताकीपुर स्टेशन तक और (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक] स्टेशनों के स्टेशन परिसर के अंदर वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार।

HWH-367/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 229_2024-25 और 230_2024-25 दिनांक 24.10.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. 229_2024-25, कार्य का विवरण :** एडीईएन/नबद्वीपधाम के अधीन नबद्वीपधाम में सिस्टर्न, वॉल एवं फ्लोर टाइल प्रदान करते हुए प्रत्येक क्वार्टर के लैट्रिन, बाथ एवं किचन का उन्नयन एवं नवीनीकरण और एक मंजिला सिंगल यूनिट टाइप IV क्वार्टर का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,22,10,122.06, **बयाना राशि:** रु. 2,11,100/–, **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. 230_2024-25, कार्य का विवरण :** एईएन/कटवा के अधीन प्लिंथ की सुरक्षा, किचन एवं लैवाटरी, एसी शीट की बदली, वाटर सप्लाई की व्यवस्था द्वारा कटवा में स्टाफ क्वार्टरों की उन्नति एवं एडीईएन/आजिमगंज के अधीन सिस्टर्न, वॉल एवं फ्लोर टाइल आदि प्रदान करते हुए प्रत्येक क्वार्टर के लैट्रिन, बाथ एवं किचन का उन्नयन एवं नवीनीकरण । **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,74,52,512.49, **बयाना राशि:** रु. 2,37,300/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 06 (छह) माह क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 14.11.2024 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-370/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईपीडी/डब्ल्यू/कॉन/ईएमयू/टीएफपी/02/24–25, दिनांक 21.10.2024,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (पी एंड डी), पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन–743145, काँचरापाड़ा द्वारा प्रमाणित अनुभवी ठेकेदार से पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा वर्कशॉप में निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: ईपीडी/डब्ल्यू/कॉन/ईएमयू /टीएफपी/02/24–25, कार्य का नाम :** त्रुटिपूर्ण 1000 केवीए और 1050 केवीए क्षमता के ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मरों का पुनरुद्धार, परिमाण :12 अदद। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 1,24,48,976.52, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। जीसीसी–अप्रैल 2022 के तहत पार्ट–I के क्लॉज सं. 3 के अनुसार, ई–निविदा प्रपत्र सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा। **कार्यालय का पता जहाँ से ई–निविदा शुरू की गई है :** उप मुख्य विद्युत अभियंता/प्लानिंग एवं डेवलपमेंट/पूर्व रेलवे/ काँचरापाड़ा वर्कशॉप, पिन–743145 का कार्यालय। **ई–पेमेंट गेट वे या बैंक गारंटी बॉण्ड के माध्यम से बोली प्रतिभूति की राशि जमा की जाएगी:** रु. 2,13,300/–, रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2022/ सीई–I/सीटी/जीसीसी–2022/ पॉलिसी दिनांक 27.04.2022 (एडवांस करेक्शन स्लिप नं. 2, दिनांक 13.12.2022) के अनुसार; निविदाकार उक्त राशि की बोली प्रतिभूति बैंक गारंटी बॉण्ड के रूप में भी जमा कर सकते हैं। मूल बैंक गारंटी उप सीईई/पी एंड डी/केपीए के पास बोली जमा करने की अंतिम तिथि से पूर्व प्रेषित की जानी चाहिए (अर्थात बोली जमा करने की अंतिम तिथि को छोड़कर)। बीजी बॉण्ड का प्रारूप जीसीसी–अप्रैल 2022 में उल्लेख किया गया है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जीसीसी–अप्रैल 2022 (संशोधनों के साथ) का अनुसरण करें। **कार्य की समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **बोली जमा करने की प्रारंभिक तिथि :** दिनांक 01.11.2024, **बोली जमा करने की अंतिम तिथि :** दिनांक 15.11.2024 को 14.45 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय :** निविदा दिनांक 15.11.2024 को 15.00 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है: http://www.ireps.gov.in**

MISC-207/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०–31 ऑफ 2024–25/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**1. निविदा सं०–20–डीडीयू–व०मं०इंजी०–II–24–25, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/सीटीडी/टीडी/गया के अधीन विभिन्न प्रकार की रेलपथ सामग्रियों की लोडिंग, अनलोडिंग और रेलपथ सामग्री का परिवहन। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 27032602.25, **धरोहर राशि :** ₹ 285200.00, **2. निविदा सं०–10–डीडीयू–व०मं०इंजी०–I– 24–25, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय मंडल इंजीनियर/I/डीडीयू के अधीन जी०सी० सेक्शन में ओ०आर०एन०–3 पुलों (पुल सं.–630, 654, 724 और 730) का पुनर्निमाण। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 19831177.80, **धरोहर राशि :** ₹ 249200.00, **3. निविदा सं०–11–डीडीयू–व०मं०इंजी०–II–24–25, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/एक्स–बिक्रमगंज के अधीन आरा–सासाराम सेक्शन में नोखा रेल फ्लाई ओवर को आई०आर० लाइन से ट्रैक को जोड़ने संबंधित अन्य कार्य। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 17881360.05, **धरोहर राशि :** ₹ 239400.00 **4. निविदा सं०–12–डीडीयू–व०मं०इंजी०–II–24–25, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय मंडल इंजीनियर/1/डीडीयू के अधीन विभिन्न प्रकार की रेलपथ सामग्रियों की लोडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग, रेलपथ सामग्री का परिवहन। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 16006067.00, **धरोहर राशि :** ₹ 230000.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 14.11.2024 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

**पीआर/1390/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/24–25/60**

## संक्षिप्त समाचार

### कलाली गली से 20 किलो पॉलीथिन जब्त

**भागलपुर**। कलाली गली में पांच दुकानों से निगम की टीम ने 20 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त किया है। सभी दुकानदारों से 10 हजार रुपये जुर्माना भी लिया गया। निगम की ओर से तिलकामांझी चौक से पटल बाबू रोड होते हुए लोहिया पुल और स्टेशन चौक तक अतिक्रमण हटाया जा रहा था। इस दौरान टीम को पता चला कि यहां प्लास्टिक बैग रखा हुआ है। टीम वहां गयी तो प्लास्टिक दुकानों में मिला। वहीं, निगम का अतिक्रमण अभियान खत्म होने के बाद स्टेशन चौक और लोहिया पुल पर फिर अतिक्रमण हो गया।

### पशुपालन विभाग पशुओं का कराएगा गणना

**भागलपुर**। पशुपालन विभाग की ओर से शुक्रवार को 21वां पशुधन गणना अभियान की शुरुआत एमएलसी डॉ एनके यादव एवं पशुपालन पदाधिकारी ने किया। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अंजलि कुमारी सिन्हा ने बताया कि हर पांच वर्ष पर विभाग द्वारा पशुओं की गणना कराई जाती है। इसके लिए 187 प्रगणक एवं 35 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं।

### 4 लोगों की हुई एलाइजा जांच इनमें डेंगू के तीन मरीज मिले

**मुंगेर**। जिले में डेंगू के मामले फिर से एक बार बढ़ते जा रहे हैं। शुक्रवार को भी 4 मरीजों के एलाइजा जांच रिपोर्ट में डेंगू के 3 नये पॉजिटिव मरीज मिले, जिसके बाद जिले में डेंगू का आंकड़ा 56 पहुंच गया। मालूम हो कि महज 48 घंटों में ही मुंगेर में डेंगू के 6 कंफर्म पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। शुक्रवार को सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में 3 नये संभावित मरीजों को भर्ती किया गया। उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि शुक्रवार को 4 मरीजों के एलाइजा जांच में डेंगू के 3 नये पॉजिटिव मरीज मिले हैं, जिसमें रायसर निवासी 55 वर्षीय डॉ संदीप कुमार, 47 वर्षीय नूरजहां बेगम तथा कासिम बाजार निवासी 62 वर्षीय चिंता देवी शामिल है। शुक्रवार को 3 नए संभावित मरीजों को भर्ती किया गया, जिसमें लल्लू पोखर निवासी 14 वर्षीय कौशल कुमार, शादीपुर निवासी 26 वर्षीय मनीषा देवी तथा हजरतगंज निवासी 20 वर्षीय परवेज आलम एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद इलाज के लिये भर्ती किया गया है। सभी नये संभावित मरीजों का सैंपल एलाइजा जांच के लिये भेजा गया है। इधर वार्ड में डेंगू के 9 मरीज इलाजरत हैं, जिसमें तीन नये संभावित मरीजों के अतिरिक्त पूर्व से भर्ती 48 वर्षीय सुरेश शर्मा, 35 वर्षीय नीरज, 20 वर्षीय मुजाहिद इकबाल, 23 वर्षीय बरकत अली, 37 वर्षीय मनीष व 29 वर्षीय अमरजीत कुमार शामिल हैं।

### सबसे स्वच्छ पंडाल को मिलेगा अवार्ड, स्वच्छता संदेश के लगेंगे बैनर

**मुंगेर**। छठ महापर्व में अब 10 दिन शेष हैं। नगर विकास विभाग पटना के निर्देश के आलोक में नगर निगम प्रशासन ने दीपावली, काली पूजा व छठ को लेकर शहर की साफ-सफाई तेज कर दी है। गंगा घाटों पर जाने वाले मार्ग में साफ-सफाई व रोशनी का प्रबंध, बैरिकेडिंग को लेकर कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। काली पूजा को लेकर पूजा पंडाल व छठ घाटों की सफाई-व्यवस्था व कचरा डंपिंग स्थल से कूड़ा का उठाव व ब्लीचिंग छिड़काव के लिए सभी 45 वार्ड में व्यवस्था की जा रही है। वार्डों में प्रतिनियुक्त कर्मी वार्ड, जमादारों व सफाई कर्मियों के साथ समन्वय बनाकर वार्डों में चिन्हित काली मंदिरों के आसपास साफ-सफाई कराते हुए रोशनी का प्रबंध कराएंगे। जिला मुख्यालय स्थित नगर निकाय में सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ पंडाल के लिए अवार्ड देने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा घाटों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने को कहा गया है, ताकि पूजा में सम्मिलित होने वाले व्रतियों और नागरिकों को कोई परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त छठ पर्व को सफल व सुरक्षित बनाने के लिए अस्थायी वैकल्पिक घाट का निर्माण व समुचित व्यवस्था करने को कहा गया है। इसके अलावा सभी घाटों पर सिग्नेचर कैंपेन चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए सभी गंगा घाटों पर फ्लैक्स लगाया जाए, जिसपर स्वच्छता का शपथ लिखा हो। घाट पर आने वाले व्यक्तियों को स्वच्छता का शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित करने व फ्लैक्स पर हस्ताक्षर कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही स्वच्छता के संदेश का होर्डिंग, बैनर व पोस्टर लगाने का भी निर्देश दिया गया है।

### टेटिया बंबर थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन, मंदिर परिसर और विसर्जन में नहीं बजेगा डीजे

**टेटिया बंबर**। दीपावली कालीपूजा एवं छठ पूजा शांति एवं सद्भाव पूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को टेटिया थाना परिसर में बीडीओ निशा राय की उपस्थिति एवं थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ निशा राय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सभी पूजा शांति एवं सद्भाव का प्रतीक है। लोग इसे आपसी भाईचारे के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ मनावें। कहीं किसी तरह का द्वेष भाव ना रखें। इसके अलावे छठ पूजा हेतु विभिन्न घाटों की जानकारियां ली। लोगों द्वारा आए गए सुझावों का पूरी ध्यान रखने की बात कही। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने काली पूजा समिति के सदस्यों को विशेष रूप से मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, मंदिर परिसर में डीजे ना बजाने, महिलाओं एवं पुरुषों के मंदिर प्रवेश अलग-अलग रखने, मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने के अलावे स समय मूर्ति विसर्जन की सख्त हिदायत दी।

### खेल मैदान के निर्माण को लेकर 15 तक भेजेंगे रिपोर्ट

**मुंगेर**। मुंगेर जिले के 9 प्रखंडों के सभी 96 पंचायतों व नगर निकाय में खेल मैदान का निर्माण कराया जाना है। खेल स्टेडियम के निर्माण को लेकर सरकार के द्वारा राशि भी आवंटित कर दी गयी है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी 96 पंचायतों में खेल का मैदान बनना है, इसके लिए सर्वे का काम किया जा रहा है। जिला प्रशासन 15 नवंबर तक सरकार के ग्रामीण विकास विभाग को रिपोर्ट भेजना है। जिलाधिकारी ने बताया कि खेल मैदान में युवा वर्ग के लिए बास्केट वॉल,बैडमिंटन, वॉलीवॉल, रनिंग ट्रैक समेत अन्य खेलों के लिए संरचनाओं के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के वैसे युवा जो खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राज्य अथवा राष्ट्र स्तर पर नाम रोशन कर मेडल लाते हैं, उनके लिए सरकार नौकरी प्रदान कर रही है। बिहार सरकार राज्य व जिले में खेल व खिलाड़ी को प्रोत्साहन के लिए लगातार योजनाएं बना रही है।

# जेल में बदमाश ने रची थी हत्या की साजिश

## ♦ भागलपुर में 6 दिन पहले हुआ था मर्डर, मारपीट की घटना से नाराज था आरोपी

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के नवगछिया उपकारा में कुख्यात छोटुआ व लव कुमार ने हत्या की साजिश रची। बेतिया के लोगनाहा निवासी रविंद्र कुमार चौधरी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित नयाटोला निवासी लव कुमार को पुलिस ने ढोलबज्जा से गिरफ्तार किया है। नवगछिया के पुलिस अधीक्षक पूरण कुमार झा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 अक्तूबर को नवगछिया के खादी भंडार के पास रविंद्र कुमार चौधरी की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। हत्या की प्राथमिकी मृतक की पत्नी नेहा कुमारी के बयान पर दर्ज की गई थी। जिसमें लव कुमार सहित तीन को आरोपित बनाया गया था। साल 2017 में मैट्रिक का रिजल्ट देखने के लिए गए बेतिया के लोगनहा निवासी रविंद्र कुमार चौधरी के साथ मारपीट हुई। हालांकि, इस घटना में रविंद्र कुमार चौधरी का सिर फट गया था। गुस्साए लोगों ने रविंद्र चौधरी ने घर में घुसकर मारपीट करने वाले लव कुमार पर गोलीबारी शुरू कर दी थी। इस बीच लव ने भाग कर अपनी जान बचाई थी। रविंद्र को जेल भेज दिया गया था।

**उपकारा में बंद कुख्यात ने रची हत्या की साजिशः** नवगछिया उपकारा में बंद कुख्यात छोटुआ व लव कुमार ने रविंद्र की मर्डर मिस्ट्री की पूरी साजिश रची। दोनों ने हत्या के कई महीने पहले इस साजिश को रचा था। जेल से बाहर आते ही उसने पूरी वारदात को अंजाम दे दिया। हालांकि, रविंद्र कुमार चौधरी मर्डर मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। नवगछिया थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी लव कुमार को पुलिस ने ढोल बाजा से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नवगछिया एसपी पूरण कुमार झा ने बताया कि 20 अक्तूबर को नवगछिया के खादी भंडार के पास रविंद्र कुमार चौधरी की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। हत्या की प्राथमिकी मृतक



की पत्नी नेहा कुमारी के बयान पर दर्ज की गई थी। जिसमें लव कुमार सहित तीन को आरोपित बनाया गया था। दरअसल, 2017 में लव कुमार नवगछिया बाजार मैट्रिक का रिजल्ट देखने के लिए गए थे। इसी दौरान रविंद्र कुमार चौधरी से मारपीट हुई थी। जिसमें रविंद्र कुमार चौधरी का सिर फट गया। रविंद्र कुमार चौधरी ने लव कुमार को गोली मार दी। लव कुमार ने भाग कर जान बचाई थी। रविंद्र कुमार चौधरी जेल भेज भी गया। इसी दौरान जेल में लत्तरा के कुख्यात छोटुआ यादव के पिता रामरत्ती यादव के साथ मारपीट की। इससे छोटुआ रविंद्र कुमार चौधरी नाराज था। लव कुमार पर भी चोरी लूट, डकैती के कई मामले दर्ज हैं। लव कुमार चौधरी को भी नवगछिया पुलिस लूट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लव कुमार की छोटुआ यादव से दोस्ती हो गई। जेल में रविंद्र कुमार चौधरी की हत्या का प्लान लव कुमार छोटुआ यादव ने बनाया। लव कुमार के जेल से निकलने के कुछ ही दिन बाद छोटू यादव के भांजा दिलखुल यादव जेल चला गया था। इस कारण रविन्द्र चौधरी को मारने की योजना विफल हो गया।

**विजेन्द्र के परिवार को दी थी जान से मारने की धमकीः** विजेन्द्र और राजा पिता नंदू चौधरी रविन्द्र कुमार के मामा के बीच जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई। इसके बाद से रविन्द्र कुमार ने विजेन्द्र के परिवार को जान मारने की धमकी दी थी। करीब 2 महीने पहले कुख्यात कुख्यात दिलखुश यादव जेल से बाहर निकला। अपने मामा कुख्यात बदमाश छोटू यादव के कहने पर लव कुमार से सम्पर्क कर एक योजना बनाकर लव को बैंगलोर से 17 अक्टूबर को नवगछिया बुलाया। विजेन्द्र ने इस हत्या कांड को अंजाम देने के लिए लव कुमार के खाते में 10 हजार रूपया भेजा था। योजना के अनुसार 20 ् को दिलखुश यादव अपने एक अन्य साथी और लव कुमार के साथ लाईनर राजा के सूचना पर संध्या करीब 6 बजे नया टोला स्थित विजय यादव के गुमती के पास रविन्द्र चौधरी को गोली मारकर हत्या कर दिये।

# पोखर में मिली महिला की लाश, 72 घंटे में दूसरी घटना

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में क्षत-विक्षत स्थिति में एक महिला की लाश शुक्रवार को पोखर से बरामद की गई है। घटना, लोदीपुर थाना क्षेत्र के गांगटा पोखर की है। महिला का शव 24 घंटा पुराना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि असामाजिक तत्वों ने उक्त महिला के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या की। फिर पोखर में लाश को फेंक दिया है। हालांकि घटना की जानकारी मिलने के डेढ़ घंटे बाद मौके पर लोदीपुर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

**असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ाः** छठ पूजा को लेकर घाट की साफ-सफाई हो रही थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने लाश देखा। इसके बाद घटना की जानकारी लोगों के बीच आग की तरफ फैल गई। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। स्थानियों के मुताबिक गांगटा पोखर पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। यहां पर बैठकर लोग नशेबाजी करते हैं। लोगों का कहना है कि नशा का ही यह परिणाम है। नशे में ऐसी वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। 72 घंटा पहले मंगलवार को लोदीपुर थाना से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर लाश मिली थी। इसके बाद शुक्रवार को भी एक किलोमीटर की दूरी पर लाश मिली है, जिससे लोगों में डर का माहौल है।

**सेक्स वर्कर होने की आशंकाः** मंगलवार को एक बगीचे से मिली लाश मामले में लोगों ने आशंका जताई थी कि वह सेक्स वर्कर है। हालांकि, इस मामले में अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई। 72 घंटे के बाद यह दूसरी महिला का इसी इलाके में लाश मिली है। लाश पोखर से निकालने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

**72 घंटे में दूसरी हत्याः** लगातार उस इलाके में महिला की लाश मिल रही है। बता दे की देर रात होते ही सेक्स वर्करों का जमाबड़ा लोदीपुर चौक पर रहता है। सेक्स वर्कर के इलाके में काफी सक्रिय है।

इस मामले में लोगों ने आशंका जताई है कि सामाजिक तत्वों द्वारा उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि, डेड बॉडी देखने से या अंदाजा लगाया जा सकता है कि 24 घंटा पुराना है। पत्थर में बांधकर शव को पोखर में फेंके जाने की आशंका है। फिलहाल, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# पुरुष कक्ष के सेवक के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई, 15 अक्टूबर को अधीक्षक ने किया था शोकॉज

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के मायागंज अस्पताल के फैब्रिकेटेड वार्ड में आठ अक्टूबर की देर रात एनिमा नहीं लगाने पर मरीज की मौत का मामला सामने आया था। इस मामले में प्रबंधन एक्शन मोड में नहीं पहुंच सका है। आठ अक्टूबर की घटना में अधीक्षक ने 15 अक्टूबर को पुरुष कक्ष सेवक मो. नौशाद आलम को शोकॉज किया। पुरुष कक्ष सेवक ने 16 अक्टूबर को जबाब देकर कहा कि मुझे न तो डॉक्टर न नर्स ने संबंधित मरीज को एनिमा लगाने के लिए कहा था। हमने किसी मरीज को एनिमा लगाया भी नहीं था, मुझे यह आता ही नहीं है। मेरा काम अस्पताल प्रशासन के पदाधिकारी आदेश का पालन करना है। मरीज के इलाज में छेड़छाड़ करने से शायद उसकी जान खतरे में आ सकती है, जान भी जा सकती है।

**अस्पताल प्रबंधन ने नहीं की कार्रवाईः** नौशाद आलम ने जवाब दिया है कि मुझ पर लगाए गए आरोप से मुझे मुक्त किया जाए। इस जबाब के आने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने अब-तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि, खुद मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉक्टर अभिलेष कुमार व अधीक्षक डॉक्टर केके सिन्हा कह रहे हैं कि मरीज को एनिमा लगाने का काम पुरुष कक्ष सेवक का ही है। उसे ही यह लगाना है, अगर उसे यह काम नहीं आता है तो ट्रेनिंग दे दिया जाएगा। लेकिन ऐसी बात नहीं है कि उसे यह काम नहीं आता होगा। खुद प्रबंधन कह रहे है कि जिसका जो काम है, उसे ही करना है और उसने ऐसा नहीं किया तो अब-तक एक्शन क्यों नहीं ले सका है। एक तो वार्ड में तैनात पुरुष कक्ष सेवक मो. नौशाद आलम ने लापरवाही करते हुए मरीज को एनिमा नहीं दिया। वार्ड में ड्यूटी पर तैनात नर्स ने भी कहा कि लगा दीजिए, मरीज गंभीर है। नहीं लगाने पर परिजन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम में शिकायत की, तो वहां से भी तीन बार नौशाद को कॉल कर लगाने का निर्देश दिया गया।

**मरीज की जान बचाने की स्टाफ ने नहीं की कोशिशः** मरीज के परिजन का कहना है कि नौशाद से मिन्नत किया। लेकिन उसने कहा कि छोटा एनिमा खरीदकर लाएं, तो कभी बड़ा एनिमा लाएं। मरीज गंदगी फैलाएगा, तो कौन साफ करेगा। परिजनों से करार भी करवाया कि वह साफ कर देगा। उसके बाद भी एनिमा नहीं दिया। इस बीच रात 1.35 में मरीज की मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि मरीज का मरना-जीना किसी के हाथ में नहीं है।

## अंचल कार्यालय देव

बिहार सरकार

### अति अल्पकालीन निविदा

**देव कार्तिक छठ मेला, 2024 दिनांक–05.11.2024 से 08.11.2024 तक** मनाया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए लाईट, साउण्ड एवं पंडाल भाड़े पर लगाने के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक फर्मो/अपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द द्वि–लिफाफा प्रणाली में दिनांक–**03.11.2024** के अपराह्न **12:00** बजे तक विहित शर्तो के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक–**03.11.2024** को अपराह्न **03:00** बजे समाहरणालय सभाकक्ष, औरंगाबाद में खोली जायेगी। निविदा के समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

| क्र0 | सामग्री का नाम | मात्रा/साईज | दर (सभी अनुमान्यकर सहित) |
|---|---|---|---|
| | **ग्रुप 'A' – लाईट, पंडाल, साउण्ड एवं टेन्ट समाग्री** | | |
| 01 | हैलोजन 100 वॉट | 150 | |
| 02 | 40 के0भी0ए0 जेनरेटर ईंधन सहित | 04 | |
| 03 | 08 के0भी0ए0 जेनरेटर ईंधन सहित | 70 | |
| 04 | ट्यूब लाईट | 2000 | |
| 05 | मेटल लाईट | 80 | |
| 06 | मशीन–250 वाट | 04 | |
| 07 | मशीन–500 वाट | 05 | |
| 08 | मशीन–1000 वाट | 06 | |
| 09 | मशीन–1500 वाट | 05 | |
| 10 | इको मशीन | 20 | |
| 11 | मिक्सर मशीन | 25 | |
| 12 | चोंगा | 125 | |
| 13 | बड़ा बाक्स | 30 | |
| 14 | कोडलेश माईक | 12 | |
| 15 | स्टेण्ड माईक | 12 | |
| 16 | स्टेब्लाईजर 05 के0भी0ए0 | 08 | |
| 17 | स्टेब्लाईजर 10 के0भी0ए0 | 08 | |
| 18 | वाटर प्रुफ पंडाल | 2000 sft. | |
| 19 | सामान्य पंडाल | 12000 sft. | |
| 20 | कारपेट | आवश्यकतानुसार | |
| 21 | सोफा | 12 | |
| 22 | वी0आई0पी0 कुर्सी कवर के साथ | 250 | |
| 23 | उद्घाटन स्टेज | 20x15 | |
| 24 | प्लास्टिक कुर्सी | 600 | |
| 25 | टेबल क्लॉथ सहित | 80 | |
| 26 | तोशक | 600 | |
| 27 | तकिया | 600 | |
| 28 | कम्बल | 600 | |
| 29 | बेडसीट | 600 | |
| 30 | फोल्डिंग | 60 | |
| 31 | जाजिम | आवश्यकतानुसार | |
| 32 | दरी | आवश्यकतानुसार | |
| 33 | पोडियम | 01 | |
| 36 | पिनीअन बोर्ड | आवश्यकतानुसार | |
| 37 | घेरा साईडिंग | आवश्यकतानुसार | |
| | **ग्रुप 'B' – नास्ता, भोजन एवं रिफ्रेंस्मेन्ट** | | |
| 01 | **सुबह का नास्ता**<br>जलेबी–4 या मिठाई–02 अद्द (50 ग्राम)<br>पुड़ी/कचौड़ी–05 (150 ग्राम)<br>सूखा सब्जी– 100 ग्राम<br>अचार–10 ग्राम | प्रति थाली | |
| 02 | **दिन का खाना**<br>चावल–150 ग्राम<br>रोटी – 04 अदद<br>अरहर की दाल–150 ग्राम<br>मौसमी सब्जी आलू के साथ सूखा–100 ग्राम<br>आलू की भुंजियां–50 ग्राम<br>छेना का बड़ा रसगुल्ला–01 अद्द<br>अचार एवं नमक (पैकेट में)– 20 ग्राम<br>सलाद–50 ग्राम | प्रति थाली | |
| 03 | **रात का खाना**<br>चावल–150 ग्राम<br>रोटी – 04 अदद<br>अरहर की दाल–150 ग्राम<br>मौसमी सब्जी आलू के साथ सूखा–100 ग्राम<br>आलू की भुंजियां–50 ग्राम<br>छेना का बड़ा रसगुल्ला–01 अद्द<br>अचार एवं नमक (पैकेट में)– 20 ग्राम<br>सलाद–50 ग्राम | प्रति थाली | |
| 04 | रिफ्रेंस्मेन्ट/स्नैक्स/कॉफी/चाय/पेयजल (तीन दिन के लिए) | | |
| 05 | आर0ओ0 पानी (जार) | 120 | |
| 06 | पानी का बोतल–500 मि0ली0 (ब्रांडेड) | 10 पेटी | |
| 07 | पानी का बोतल–250 मि0ली0 (ब्रांडेड) | 10 पेटी | |
| | **ग्रुप 'C' – विविध** | | |
| 01 | विडियोग्राफी (सी0डी0 के साथ) | 02 Set | |
| 02 | CCTV Camera set | 100 Pcs | |
| 03 | LED Screen (With Live Internet Connection) | 08 | |
| 04 | Drone Camera | 02 | |
| 05 | आई0कार्ड0 | 500 | |
| 06 | बुके | 20 | |
| 07 | मोमेन्टो | 20 | |
| 08 | रिफ्रेशमेंट/स्नेक्स/कॉफी/चाय/पेयजल (तीन दिनों के लिए) | आवश्यकतानुसार | |
| 09 | जिला मुख्यालय/विभिन्न स्थान/कार्यक्रम स्थल पर फलेक्स एवं बैनर अधिष्ठापन | आवश्यकतानुसार | |

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR. No. 011424 ( District ) 2024-25

**अंचल अधिकारी, देव**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

### काली मंदिरों के लिए होगी 40 डस्टबिन की खरीदारी

**मुंगेर**। छठ महापर्व के दौरान नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सभी 12 छठ घाटों की साफ-सफाई के अलावा पूजा पंडाल, लाइटिंग, सजावट, नियंत्रण कक्ष व बैरिकेडिंग निर्माण के लिए टेंडर को स्टैंडिंग कमेटी से पास कर दिया गया है। शुक्रवार को आयोजित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक ने बताया कि नगर आवास विभाग से छठ घाटों की मरम्मती व सजावट के लिए जो आवंटन हुआ है, उसके कार्ययोजना के अनुसार टेंडर को स्वीकृत किया गया। इसके अलावा काली पूजा में मंदिरों के लिए 40 डस्टबीन खरीदने का प्रस्ताव भी पास किया गया। मालूम हो कि नगर विकास व आवास विभाग से छठ घाटों के निर्माण व सजावट के लिए अलग से राशि आवंटित होती है। नगर आयुक्त ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया के बाद नगर निगम क्षेत्र में दीपावली पर्व और छठ व्रत महापर्व के अवसर पर छठ घाटों की साफ-सफाई, छठ घाट के अलावा पहुंच पथों पर लाईट की व्यवस्था, घाटों पर आवश्यकतानुसार रबीस व मिट्टी भराई, अस्थायी शौचालय, चुना व ब्लीचिंग आवश्यकतानुसार आपूर्ति, चेतावनी वाले फ्लैक्स, खतरनाक घाटों के लिए नाव की व्यवस्था आदि के लिए टेंडर की गई है।

सुदृढ़ प्रजात''सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता'' हेतु वृहत्तर

Tel. No. (Election Office) – 0656-222154
E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

## कार्यालय ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू

### आम-सूचना

विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदान केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के क्रम में पलामू जिला के 75–पाँकी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित 02 वैसे मतदान केन्द्र, जो सत्यापन के दौरान जर्जर/क्षतिग्रस्त पाये गये का स्थल/भवन परिवर्तन का जिला स्तर से प्रेषित प्रस्ताव, जो मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भेजा गया था, का अनुमोदन आयोग के पत्र संख्या सं0 64/पूर्व अनु0–1/झार.–वि.स./ 2024 दिनांक 25.10.2024 के माध्यम से प्राप्त हो चुका है।

**75–पाँकी विधानसभा क्षेत्र में निम्नांकित 02 मतदान केन्द्रों का स्थल/भवन परिवर्तन किया गया है :–**

| क्र0 | विधानसभा क्षेत्र सं0 एवं नाम | प्रखण्ड का नाम | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र संख्या एवं नाम | | भवन/स्थल परिवर्तन के फलस्वरूप आयोग के स्तर से अनुमोदित मतदान केन्द्र संख्या एवं नाम | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | | (5) | |
| 01 | 75–पाँकी | मनातू | 24 | सामुदायिक विकास भवन, तेतरडीह | 24 | उत्क्रमित मध्य विधालय, तेतरडीह |
| 02 | 75–पाँकी | लेस्लीगंज (नीलाम्बर–पीताम्बरपुर) | 121 | राजकीय प्राथमिक विधालय, तुर्काडीह | 121 | आँगनबाड़ी केन्द्र, तुर्काडीह |

75–पाँकी विधानसभा क्षेत्र के उपरोक्त मतदान केन्द्र क्षेत्र में निवास करने वाले सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग कॉलम संख्या 05 में अंकित मतदान केन्द्रों पर करना सुनिश्चित करेंगे।

PR 339564 (Palamu) 24-25 (D)

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



संक्षिप्त समाचार

## अपराधियों ने कपड़ा दुकानदार को मारी गोली: आपसी रंजिश का मामला



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के साहेबगंज में अपराधियों ने दुकान पर चढ़कर कपड़ा दुकानदार को गोली मार दी है। अभी युवक की स्थिति गंभीर है। परिजनों ने इलाज के लिए एक नीची अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक की पहचान दिप्पू कुमार के रूप में हुई है। दिप्पू साहेबगंज के डालडा चौक पर कपड़ा का दुकान चलाता है। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गया है। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल है। वहीं, इलाज कर रहे डॉक्टर दिव्य प्रकाश ने बताया कि युवक को एक गोली लगी है। फिलहाल स्थिति गंभीर है। इस मामले पर सरैया एसडीपीओ कुमार चन्दन ने बताया कि साहेबगंज थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश को लेकर दिप्पू कुमार नामक कपड़ा दुकानदार को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया है। फिलहाल दिप्पू कुमार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साहेबगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है।

## पड़ाव पोखर छठ घाट पर कचरे का अंबार, पहुंच पथ जर्जर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पड़ाव पोखर छठ घाट पर पूजा के लिए छह वार्डों के 10 हजार से अधिक श्रद्धालु जुटते हैं। छठ पर्व में 11 दिन बाकी हैं। स्थिति यह है कि पोखर पर घाट के किनारे कचरे का अंबार लगा है। पोखर के दो हिस्सों में किनारे वाले भाग की सफाई हुई है। हालांकि बड़े एरिया में अभी गंदगी है। तालाब के पूर्वी हिस्से में स्ट्रीट लाइट भी नदारद है। इसके अलावा मुख्य एप्रोच पथ पड़ाव पोखर मेन रोड जर्जर है। आमगोला पुल से जुड़ी इस सड़क में नाला बन गया पर रोड की मरम्मत नहीं होने से श्रद्धालुओं को अधिक परेशानी होगी। सतीश कुमार, किशोर कुमार व अन्य लोगों के मुताबिक सफाई कार्य की धीमी गति के कारण गंदगी की समस्या बरकरार है। पोखर के पानी को भी साफ करना जरूरी है। स्थानीय वार्ड 34 की पार्षद चंदा कुमारी के मुताबिक निगम के स्तर से छठ घाट की सफाई के लिए मजदूर नहीं दिया गया है। वार्ड स्तर पर तैनात सफाईकर्मी के भरोसे छठ घाट की सफाई करवाने की विवशता है। निगम को पत्र देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कहलगांव में 21.48 करोड़ और शिवनारायणपुर में 17.94 करोड़ से स्टेशन का हो रहा उन्नयन

**भागलपुर, एजेंसी।** मालदा डिवीजन के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहलगांव में मीडिया टूर का आयोजन किया। जिसमें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कहलगांव और शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के चल रहे आधुनिकीकरण के बारे में बताया कि कहलगांव में 21.48 करोड़ और शिवनारायणपुर में 17.94 करोड़ से स्टेशन का उन्नयन हो रहा है। कहलगांव में सात भागों में विभक्त कर काम किया जा रहा है। कुल स्वीकृत लागत लगभग 21.48 करोड़ है। इसमें सिविल, इलेक्ट्रिकल, एसएंडटी सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य, साइनेज, लिफ्ट और 12 मीटर के एफओबी/रूफ प्लाजा का निर्माण शामिल है। जिसमें प्रथम चरण में अग्रभाग, पोर्टिको और ग्रैंड कॉनकोर्स 12 मीटर का रूफ प्लाजा और सौंदर्यपूर्ण रूप से मनभावन अंदरूनी भाग, पैदल यात्री मार्ग और आकर्षक मूर्तियां, सौंदर्यपूर्ण अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था और एक बड़ी वीडियो दीवार, दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाएं प्रदान होगी। बताया गया कि कहलगांव के वर्तमान में 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। दिसंबर तक में पहले चरण का कार्य पूरा करना है। शिवनारायणपुर में वर्तमान में 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। नवंबर 2024 तक में कार्य पूरा करना है।

# 10 दिनों के अंदर बदमाश अरेस्ट, कट्टा-कारतूस जब्त

## गया में 13 अक्टूबर को दिनदहाड़े की थी फायरिंग, हथियार बरामद



**गया, एजेंसी।** गया शहर के रामपुर थाना क्षेत्र में फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपी प्रेम यादव को जिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। फायरिंग की घटना 13 अक्टूबर की है। पकड़े गए आरोपी ने 13 अक्टूबर को कृष्णा पथ इलाके में दिनदहाड़े फायरिंग की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेम यादव को दबोच लिया। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम बनाई गई थी। तकनीकी अनुसंधान और सूचना तंत्र के आधार पर प्रेम यादव को कटारी हिल रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से हथियार बरामद हुआ है। पुलिस का दावा है कि बरामद हथियार फायरिंग की घटना के दौरान इस्तेमाल किया गया था।

### पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की थी छानबीन

13 अक्टूबर को कृष्णा पथ इलाके में हुई फायरिंग से लोगों में डर फैल गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। रामपुर थाना में कांड संख्या 531/24 के तहत मामला दर्ज हुआ था।

एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी। पुलिस की टीम ने तकनीकी साधनों और आसूचना के आधार पर प्रेम यादव की लोकेशन का पता लगाया और छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। प्रेम यादव का नाम गया शहर के कुख्यात अपराधियों में शामिल है। उसके खिलाफ 14 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह कई संगीन वारदातों में शामिल रहा है, जिसमें हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखना और फायरिंग जैसी घटनाएं शामिल हैं।

### प्रेम यादव के खिलाफ कुछ प्रमुख मामले

1. कांड संख्या 07/16 - हत्या का प्रयास और अवैध हथियार रखने का मामला।
2. कांड संख्या 321/16 - फायरिंग और हथियारों का अवैध उपयोग।
3. कांड संख्या 03/17 - हत्या के प्रयास से जुड़ा मामला।
4. कांड संख्या 69/17 - हत्या का प्रयास और हथियारों का इस्तेमाल।
5. कांड संख्या 371/19 - विस्फोटक पदार्थों का अवैध उपयोग।
6. कांड संख्या 107/20 - हत्या का प्रयास और अवैध हथियार रखना।
7. कांड संख्या 183/20 - हथियारों का अवैध इस्तेमाल।
8. कांड संख्या 77/23 - गंभीर हमले और हत्या का प्रयास।
9. कांड संख्या 321/23 - जबरन वसूली और अवैध हथियार का उपयोग।
10. कांड संख्या 346/23 - बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम का उल्लंघन।
11. कांड संख्या 438/23 - धोखाधड़ी और विस्फोटक सामग्री का अवैध उपयोग।
12. कांड संख्या 531/24 - हालिया फायरिंग की घटना जिसमें प्रेम यादव मुख्य आरोपी था। एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ हमारी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



## चीफ गुड्स सुपरवाइजर के सरकारी क्वार्टर से चोरी

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में चोरों ने पूर्णिया जंक्शन में कार्यरत चीफ गुड्स सुपरवाइजर के सरकारी क्वार्टर का ताला तोड़ चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शातिर चोरों ने महज डेढ़ घंटे के भीतर सरकारी क्वार्टर में रखे 4.50 लाख के सोने और चांदी के जेवरात के समेत 30 हजार कैश पर अपना हाथ साफ कर लिया। घटना दो थाना से लगे पूर्णिया जंक्शन के उत्तर रेलवे कॉलोनी इलाके की है। गृहस्वामी कुली को क्वार्टर की चाबी सौंप बेटी की शादी फिक्स करने मोतिहारी स्थित पैतृक गांव गए थे। पीड़ित गृहस्वामी फिलहाल मोतिहारी में हैं। जो शनिवार सुबह पूर्णिया पहुंचेंगे।

**रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू की :** कुली की ओर से घटना की जानकारी मिलते ही गृहस्वामी ने पूर्णिया जंक्शन के अंतर्गत आने वाले आरपीएफ व जीआरपी को कॉल कर घटना की सूचना दी। सूचना पाकर सरकारी क्वार्टर पहुंची रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की पहचान पूर्णिया जंक्शन के चीफ गुड्स सुपरवाइजर शैलेंद्र नाथ मिश्रा के रूप में हुई है। जो मूल रूप से मोतिहारी जिले के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी देते हुए चीफ गुड्स सुपरवाइजर शैलेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि वे अपने बेटी की शादी फिक्स करने गुरुवार सुबह सपरिवार अपने पैतृक गांव मोतिहारी गए थे। क्वार्टर के देखभाल की जिम्मेदारी कुली को देते हुए क्वार्टर के ताले की चाबी उसी को दे दी थी। इसके बाद देर शाम जानकारी कुली ने फोन कर जानकारी दी, कि वो दिन भर कमरे में ही था।

**मेन गेट में लगा ताला टूटा :** रात में ट्रेन का ठहराव होने पर सामान उतारने व चढ़ाने के लिए क्वार्टर में ताला जड़ रात गए 8:45 के आसपास जंक्शन पर चले गए थे। ठीक डेढ़ घंटे बाद 10:30 बजे स्टेशन का काम खत्म कर वापस क्वार्टर लौटे, तो मेन गेट में लगा ताला टूटा हुआ पाया। जब वे अंदर गए तो देखा कि कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी का लॉकर टूटा हुआ है। लॉकर में बेटी की शादी के लिए साढ़े चार लाख के जेवर और 30 हजार रुपए कैश रखे थे। चोर ये सब कुछ अपने साथ ले गए।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस :** इस घटना के तुरंत बाद कुली ने फोन कर उनके क्वार्टर में हुई चोरी की घटना की जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने स्टेशन प्रबंधक मुन्ना कुमार और जंक्शन के आरपीएफ व जीआरपी थाना को कॉल कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे की छानबीन की। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। वे शनिवार सुबह मोतिहारी से पूर्णिया पहुंचेंगे। जिसके बाद क्वार्टर में हुई चोरी की वारदात को लेकर थाने में आवेदन दिया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि रेलवे कॉलोनी में हुई चोरी की ये घटना कोई पहली घटना नहीं बल्कि इससे पहले 10 महीने के भीतर चोरी की तीन वारदात हो चुकी है। 5 बाइक को भी चोर अपना निशाना बना चुके हैं।

## मैजिक पिकअप में तहखाना बना कर शराब की तस्करी



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर में शराब तस्कर गंगा और कर्मनाशा नदी के रास्ते नदी पर बने पुल के रास्ते शराब तस्करी कर रहे है। पर्व के दौरान गाढ़ी कमाई को लेकर शराब तस्कर रोज नए-नए हथकंडे अपनाकर बिहार में पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी करने में जुटे हुए हैं। इस बार तस्करों ने वाहन के नीचे तहखाना बना कर शराब की तस्करी की है।

हालांकि, पुलिस को मिले गुप्त सूचना के कारण शराब के साथ वाहन को पकड़ लिया गया। लेकिन तस्कर भगाने में सफल रहा। मामला राजपुर थाना क्षेत्र के यूपी बिहार को जोड़ने वाली देवल पुल की है। बीती रात बक्सर उत्पाद पुलिस ने मैजिक माल वाहक यूपी से बिहार में प्रवेश करने के साथ ही रोक कर तलाशी लेने लगे। वाहन देखने में पूरी तरह से खाली थी। लेकिन जब पुलिस की भनक लगी की ही गाड़ी में तहखाना है।

धंधेबाज अंधेरा का फायदा उठा भाग निकला। इस पर पुलिस का शक और गहरा गया। जब बारीकी से जांच की तो वाहन के नीचे तहखाना बना 35 पेटी यानी 302 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। इसकी पुलिस ने जब्ती सूची बनाई है।

### गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई

उत्पाद निरीक्षक आलोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप में तहखाना बनाकर विदेशी शराब की तस्करी की जा रही है। इसके बाद जैसे ही पुलिस देवल पुल बारीकी से जांच शुरू की ड्राइवर पुलिस को देख गाड़ी छोड़ फरार हो गया। शराब तस्कर पीछे वाले हिस्से में वेल्डिंग और नट बोल्ट की मदद से बॉक्स बनाकर उसके अंदर तहखाना बना दिया था। जिसमें 3 लाख के आसपास शराब छुपा कर रखा गया था।

## बिहार में 24 घंटे के अंदर डेंगू के 213 मरीज

### पटना से सिर्फ 117 मरीज आए, डॉक्टर की सलाह- लक्षण दिखने पर जांच कराएं



**पटना, एजेंसी।** पूरे बिहार में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 24 घंटे में बिहार से 213 नए मामले सामने आए हैं। इसमें अकेले पटना से सबसे अधिक 117 मामला है, जो पिछले दिन से अधिक है। अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने एक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि राज्य में लगातार डेंगू के मामले में वृद्धि हो रही है। हालांकि, इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। पूरे बिहार में अब तक 6452 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके है। सबसे अधिक पटना के 3205 लोग डेंगू से प्रभावित है। स्वास्थ्य विभाग डेंगू से बचाव के लिए मच्छर से बचाव का सुझाव दे रहा है। डेंगू का लक्षण मिलते ही तुरंत जांच कराने का भी सुझाव दिया है।

### लक्षण दिखने पर जांच कराएं

पटना के पीएमसीच, एनएमसीएच, आईजीएमआईएमएस, एआईआईएमएस, और आरआईआरआईएम में मुफ्त में डेंगू की जांच की जा रही है। यदि किसी की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो उन्हें डॉक्टर की सलाह के अनुसार उचित दवाइयां प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस स्थिति को देखते हुए सभी से अपील की जा रही है कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लें। डेंगू से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखने को लेकर कई निर्देश दिए जा रहे है।

### पिछले 24 घंटे में डेंगू के मामले कहां-कहां आए हैं

औरंगाबाद में 10, गोपालगंज में 10, बेगूसराय में 6, वौशाली में 7, नालंदा में 7, मोतिहारी में 5, दरभंगा में 6 सहित पूरे बिहार में 213 मामले सामने है। डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू के लक्षण जैसे बुखार, सिरदर्द, या शरीर में दर्द महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बुखार होने पर किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और केवल पेरासिटामोल का उपयोग करें। अन्य दवाइयों का सेवन करना हानिकारक हो सकता है।

## दूसरी बार पिया शराब तो 1 साल की हुई सजा:मध निषेध कानून का किया उल्लंघन



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में उत्पाद न्यायालय के द्वारा संशोधित मध निषेध कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को उत्पाद कांड संख्या 752/ 23 में औरंगाबाद विशेष उत्पाद न्यायाधीश नीतीश कुमार की अदालत में कुटुंबा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी संतोष मिस्त्री को दोबारा शराब सेवन करने के आरोप में दोषी मानते हुए एक वर्ष का साधारण कारावास की सजा सुनाई है। उत्पाद विभाग के विधि परामर्शी शेखर कुमार ने अभियोजन की ओर से न्यायालय में पक्ष रखा था कि सजायाफ्ता कुटुंबा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी संतोष मिस्त्री 26 सितंबर 2023 को कुटुंबा थाना क्षेत्र के और का चेक पोस्ट के समीप शराब के नशे में पकड़ा गया था। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई थी और फिर उसे गिरफ्तार किया गया था। पत्रावली पर आए साक्ष्य और गवाहों की गवाही के बाद अदालत में अभियुक्त संतोष मिस्त्री को दोषी करार किया है। इसके बाद औरंगाबाद विशेष उत्पाद न्यायाधीश नीतीश कुमार की अदालत ने अभियुक्त संतोष मिस्त्री को दोबारा शराब की सेवन करने के आरोप में दोषी मानते हुए एक वर्ष की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी दे दे कि इधर औरंगाबाद में उत्पाद विभाग द्वारा लगातार शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार, दो पिस्टल-दस गोलियां बरामद

### भोजपुर में पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा, बाइक भी जब्त

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने हथियार और गोलियों के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी अजीमाबाद थाने कमरियां गांव के पास से हो सकी। उसके पास से दो पिस्टल और दस गोलियां बरामद की गयी हैं। बाइक भी जब्त की गई है। गिरफ्तार अपराधी भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के पिंजरोई गांव निवासी दयाशंकर सिंह का बेटा संदीप कुमार है। एसपी राज ने यह जानकारी दी है।



बताया कि तरारी विधानसभा उप चुनाव को लेकर जिले भर में विशेष सघन वाहन जांच अभियान चलायी जा रही है। उसी क्रम में अजीमाबाद थाने की पुलिस कमरियां गांव के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस को देख बाइक सवार एक युवक तेजी से भागने लगा। पुलिस ने खदेड़ कर उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से दो पिस्टल और दस गोलियां बरामद की गयीं। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बाइक भी जब्त कर ली गयी है। हथियार के बारे में पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। उसके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। हथियार की खरीद-बिक्री सहित अन्य एंगल से छानबीन की जा रही है। इधर, हथियार बरामदगी को लेकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।



# ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के विकास को मिलेगी नई दिशा

## नालंदा में मनरेगा के तहत आधुनिक खेल मैदान का निर्माण, खिलाड़ियों को होगा फायदा

**नालंदा, एजेंसी।** ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा योजना के तहत खेल मैदानों के निर्माण के मानकों में बड़ा बदलाव किया है। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, अब पंचायत स्तर और विद्यालयों में दो श्रेणियों के खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। ये छोटे और बड़े दोनों होंगे। विभाग के अनुसार ÷छोटे मैदान एक एकड़ में, जबकि बड़े मैदान चार एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जाएंगे। यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

### पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान

चहारदीवारी नहीं रहने वाले जगह पर मनरेगा के तहत वृक्षारोपण कर कंटीले तारों से घेराबंदी की जाएगी। इस काम में इमारती लकड़ी के पेड़ों और फलदार वृक्षों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो न केवल सुरक्षा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान करेंगे। पहल ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी। यह योजना मनरेगा के दोहरे उद्देश्य, रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को पूरा करते हुए, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल बुनियादी ढांचे के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगी।

### दो चरणों में होगा विकास

मैदानों का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में बुनियादी खेल सुविधाओं का निर्माण होगा। दूसरे चरण में अतिरिक्त सुविधाएं जैसे दर्शक दीर्घा, चेंजिंग रूम और शौचालय का निर्माण किया जाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पहले चरण में ही इन अतिरिक्त सुविधाओं के लिए स्थान चिह्नित कर लिया जाएगा। नए मानकों के अनुसार बड़े मैदान का बजट 9,94,331 रुपए और छोटे मैदान का 9,11,931 रुपए है। प्रशासन को 15 नवंबर तक स्थल चयन और प्रशासनिक स्वीकृति देने का निर्देश दिया गया है।



# कुश्ती में करियर बनाने के लिए आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना आवश्यक है

**वर्तमान समय में कुश्ती एक करियर के रूप में युवाओं के समक्ष आ रहा है, इसमें करियर बनाने पर आप अपने देश और सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त कर सकते है, इस क्षेत्र में आने के लिए आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना आवश्यक है, इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के पश्चात आपको सरकार द्वारा अनेक प्रकार की सुविधा प्रदान की जाती है, और सरकारी क्षेत्र में नौकरी प्राप्त करने के लिए प्राथमिकता दी जाती है।**

आधुनिक ओलंपिक में सन् 1896 में कुश्ती को सम्मिलित किया गया था, आधुनिक ओलंपिक खेलों के निर्माता कुवरतन एक सफल कुश्ती के पहलवान थे, अगर आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते है, तो आपको सम्पूर्ण जानकारी मिलने वाली है।

## पढ़ाई और खेल के बीच सामंजस्य स्थापित करना

कोच अपने यहाँ के सभी बच्चों को पढ़ाई सही से करने का निर्देश देते रहते है, जिससे उनके परीक्षा परिणाम पर इसका असर न पड़े, अधिकतर अखाड़ों में प्रैक्टिस सुबह-शाम होती है, इससे बच्चे विद्यालय का कार्य भी आसानी से कर सके, प्रतिदिन दो घंटे सुबह और दो घंटे शाम में प्रैक्टिस करना चाहिए और रविवार को अवकाश होना सही रहता है, आप इस प्रकार से कुश्ती में अपने करियर की शुरुआत कर सकते है।

## कुश्ती की अवधि

वर्तमान समय में कुश्ती में परिवर्तन हो रहा है, ओलंपिक खेलों में पहले कुश्ती की अवधि 15 मिनट थी, फिर 9 मिनट व 6 मिनट कर दी गई, इसके बाद इसकी अवधि 20 मिनट, 10 मिनट, 9 मिनट व 6 मिनट कर दी गई, आज के समय में एक कुश्ती की अवधि 5 मिनट है और 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए यह 4 मिनट निर्धारित की गई है, इस अवधि में यदि कुश्ती का निर्णय नहीं होता है तो उसे सडेन डैथ का अतिरिक्त समय 3 मिनट दिया जाता है।



# इंटीरियर डिजाइनिंग फील्ड में स्वरोजगार के लिए अनेक संभावनाएं मौजूद हैं

**इंटीरियर डिजाइनिंग के तहत घर, ऑफिस, होटल, शॉप, मॉल आदि की आंतरिक सुरुचिपूर्ण साज-सज्जा की जाती है। अपने घर को साफ-सुथरा रखने के साथ-साथ हर कोई उसे यथासंभव सजाकर भी रखना चाहता है। यही कारण है कि इंटीरियर डिजाइनिंग की मांग बढ़ रही है और इसका दायरा महानगरों से बढ़कर नगरों और कस्बों तक पहुंच चुका है। लोग न सिर्फ होटल, बिल्डिंग, दफ्तर, शोरूम और दुकानों की अंदरूनी सजावट कराना पसंद करते हैं, बल्कि घरों को भी अंदर से सजाने की खास ललक देखी जा रही है। यही कारण है कि इंटीरियर डेकोरेशन के लिए प्रशिक्षित इंटीरियर डिजाइनर्स की सेवाएं लेना आजकल आम बनता जा रहा है। यहां तक कि मेलों, प्रदर्शनियों, सामाजिक समारोहों के अलावा निजी समारोहों को सजाने के लिए भी ऐसे प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ रही है। इस फील्ड में स्वरोजगार के लिए भी अनेक संभावनाएं मौजूद हैं।**

## संभावनाएं

इंटीरियर डिजाइनिंग से जुड़े प्रोफेशनल्स कंस्ट्रक्शन कंपनियों, आर्किटेक्चर फर्मों, प्रोडक्शन हाउस, मॉल, मल्टीप्लेक्स, थिएटर और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों में काम करने के अलावा खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं। दिनो-दिन बदलती जीवनशैली और मॉडर्न होते समाज के बीच इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए जॉब के अवसर आने वाले वर्षों में भी रहेंगे क्योंकि रियल एस्टेट सेक्टर आज भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले 15 टॉप सेक्टर्स में शुमार है। देश में स्मार्ट सिटी के निर्माण, वर्ष 2025 तक सभी के लिए लो-बजट मकानों का निर्माण और मेक इन इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा से निर्माण क्षेत्र में और भी बूम आने का अनुमान है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) के अनुसार, वर्ष 2027 तक कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट सेक्टर में युवाओं के लिए करीब 7 करोड़ जॉब के अवसर पैदा होंगे। ऐसे में इंटीरियर डिजाइनर्स को भी जॉब के ढेर सारे मौके मिलेंगे।

## क्या है कार्य?

इंटीरियर डिजाइनिंग के अंतर्गत किसी भी भवन के अंदरूनी हिस्सों की सजावट की जाती है। किसी भी ऑफिस, घर, मॉल, रेस्तरां या कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को अच्छे तरीके से डिजाइन करने का काम इंटीरियर डिजाइनर ही करते हैं। चूंकि आज के समय में एक सीमित जगह के बीच लोग सब कुछ अरेंज करना चाहते हैं, अपने इंटीरियर स्पेस को आकर्षक लुक देना चाहते हैं, ऐसे में डिजाइनर्स की प्राथमिकता यही होती है कि कैसे किसी होटल, रेस्तरां, शोरूम या दफ्तर को आकर्षक लुक दिया जाए। इसके लिए ऐसे प्रोफेशनल्स में प्लानिंग, डेकोरेशन, रेनोवेशन जैसी कला की अच्छी समझ होती है। आजकल इमारत के बाहरी हिस्सों को आकर्षक लुक देने की जिम्मेदारी भी यही प्रोफेशनल निभा रहे हैं, हालांकि वे लैंडस्केप डिजाइनर कहलाते हैं।

## पर्सनल स्किल

चूंकि इंटीरियर डिजाइनिंग का क्षेत्र क्रिएटिविटी से ही जुड़ा है, इसलिए यहां कलात्मकता, रचनात्मकता, प्रबंधकीय दक्षता और नई-नई सोच रखने वाले लोगों की बहुत डिमांड है। इस क्षेत्र में आने के लिए तार्किक बुद्धि और कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छी होनी चाहिए, क्योंकि इंटीरियर डिजाइनर को अक्सर अपनी प्लानिंग और हुनर को क्लाइंट के सामने प्रस्तुत भी करना होता है। टीम भावना भी इस फील्ड के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि डिजाइनर्स को बिल्डर्स, आर्किटेक्ट, कॉन्ट्रैक्टर्स, प्लंबर, कारपेंटर, इलेक्ट्रिशियन आदि के साथ सामंजस्य बिठाकर काम करना होता है। कुशल प्रोफेशनल बनने के लिए बदलते ट्रैंड के अनुसार काम में बदलाव भी लाते रहना जरूरी होता है।

## कोर्स व क्वॉलिफिकेशन

इंटीरियर डिजाइनर्स की डिमांड इतनी है कि देश भर में अनेक सरकारी और निजी संस्थानों में इसके डिग्री, पीजी डिप्लोमा और डिप्लोमा कोर्स संचालित हो रहे हैं। मैनेजमेंट एंड डिजाइन एकेडमी, दिल्ली के डायरेक्टर रोहित माथुर के अनुसार, आप 12वीं के बाद इस तरह का कोर्स कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश एंट्रेंस एग्जाम के जरिए मिलता है। इंटीरियर डिजाइनिंग अपने आप में एक स्पेशलाइज्ड कोर्स है, जिसमें बिल्डिंग की आंतरिक और बाहरी साज-सज्जा, प्लानिंग और बनावट के हिसाब से बेहतर लुक देने के बारे में युवाओं को सिखाया जाता है। मगर आप चाहें, तो ऑफिस डिजाइनिंग, बिजनेस डिजाइनिंग, रूम डिजाइनिंग, किचन डिजाइनिंग या होम डेकोर में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं।

सरकारी और निजी संस्थानों में कई तरह के कोर्स हैं, जैसे- बैचलर इन इंटीरियर डिजाइन, ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फर्नीचर एंड इंटीरियर, बीए ऑनर्स इंटीरियर आर्किटेक्ट एंड डिजाइन, ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंटीरियर स्पेस एंड फर्नीचर डिजाइन, बीएससी इन इंटीरियर डिजाइनिंग, अंडर ग्रेजुएट प्रोफेशनल डिप्लोमा प्रोग्राम, एडवांस डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन, डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन आदि। कुछ पाठ्यक्रमों की अवधि 1 साल, तो कुछ की 3 साल या उससे अधिक भी है। कोर्स के दौरान प्रेक्टिकल पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होती है।

## सैलरी पैकेज

इंटीरियर डिजाइनिंग का कोर्स पूरा करने के बाद युवाओं को किसी अनुभवी प्रोफेशनल के साथ कुछ महीनों तकप्रेक्टिस करके अनुभव हासिल करना चाहिए। शुरूआती दौर में फ्रेशर्स की सैलरी 15 हजार रुपए प्रति माह हो सकती है लेकिन कुछ वर्षों के अनुभव के बाद ऐसे प्रोफेशनल्स 50 हजार से 1 लाख रुपए प्रति माह तक कमा लेते हैं। खुद का काम करके भी प्रोफेशनल्स अच्छी कमाई कर सकते हैं।





# वर्तमान समय में लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है सोशल मीडिया

सोशल मीडिया के अंतर्गत फेसबुक, ट्विटर,इंस्टाग्राम, वाट्सअप आदि आते है, इनका उपयोग वर्तमान समय में लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है, ओर इस समय में आप लोगों को कॉलेज में, बस में, मेट्रो में यात्रा करते समय लगभग सभी स्थानों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यस्त देखा जा सकता है, आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ और दोस्तों के साथ व्यतीत किये हुए अच्छे समय को सोशल मीडिया पर शेयर करना पसंद करते है, सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने दूर के मित्रो व रिसतेदारों से जुड़े रहते हैं, कई लोग सोशल मीडिया का प्रयोग कंपनियों और संगठनों का प्रचार और प्रसार करने में करते है, और इसके माध्यम से अपना करियर बनाते है।

## सोशल मीडिया विशेषज्ञ के रूप में कार्य

सोशल मीडिया को किसी व्यक्तिगत उपकरण के रूप में देखा जाता है, इसमे व्यक्ति के द्वारा अपने निजी जीवन की सूचनाओं को साझा करने के लिए उपयोग किया जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से शीर्ष कंपनियों और संगठनों के लिए सोशल मीडिया व्यापार को बढ़ाने के लिए एक उपकरण के रूप में उभर कर सामने आया है, इसका प्रयोग प्राइवेट, सरकारी संस्थान अपने ग्राहकों को जोड़ने के लिए करते है, इसलिए यह एक करियर विकल्प के रूप में युवाओं के सामने आया है, इसमें विभिन्न कंपनियों के उत्पादों की मार्केटिंग करने में अधिक ध्यान दिया जाता है।

## सामाजिक मीडिया विशेषज्ञ के लिए मुख्य कौशल

सोशल मीडिया एक रचनात्मक क्षेत्र है, इसमें दर्शकों को अपनी डिजायन व क्ला के माध्यम से आकर्षित किया जाता है, इसलिए यह एक रचनात्मक कार्य है, आप एक सोशल मीडिया प्रबंधक के रूप में आपको यूजर के व्यवहार को समझना होगा, आपको यूजर के अनुरूप अपने प्रोग्रामों को संचालित करना होता है, इसके अतिरिक्त स्ट्रेटेजिक प्लानिंग और कंटेंट ऑप्टिमाइजेशन और अन्य प्रकार के गुण है, जो कि एक सोशल मीडिया प्रबंधक के रूप में आपको सीखना आवश्यक है।

## सोशल मीडिया एक्सपर्ट के रूप में रोजगार के अवसर

यह क्षेत्र नया है, लेकिन फिर भी इसमे रोजगार के अवसर बहुत से प्रचलित है, लेकिन सोशल मीडिया का डोमेन धीरे-धीरे विकास की ओर बढ़ रहा है, जिससे सोशल मीडिया विशेषज्ञों के लिए नए और रचनात्मक अवसर उपलब्ध हो रहे है, इस समय सोशल मीडिया पर मुख्यतया डिजिटल मार्केटर्स, अभियान प्रबंधक और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के रूप में जॉब के अवसर मिल रहे है।

## सोशल मीडिया एक्सपर्ट के रूप में सैलरी

आपको बता दे की इस क्षेत्र मे कोई भी सैलरी निर्धारिक नहीं है लेकिन कमाई आपकी कला व योग्यता पर निर्भर करती है। इस क्षेत्र मे आप अपने कौशल के अनुरूप 1 लाख वार्षिक से 2 लाख रुपये शुरुआत में कमाई कर सकते है। जो की फिर बाद मे आपकी योग्यता के आधार बार बढ़ती रहती है।

# अगर आपको सर्दियां पसंद है तो आपके कॅरियर बनाने के लिए एक अच्छा विकल्प है स्नो एक्सपर्ट

**बहुत से लोग पर्वत और चोटियों पर घूमना पसंद करते है, पर्वत और चोटियों पर बर्फ जमा रहती है, स्नो एक्सपर्ट के रूप में बर्फ के क्षेत्र में सर्वेक्षण किया जाता है, और भविष्य में हिमस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओ की सटीक जानकारी प्रदान करनी होती है, स्नो एक्सपर्ट के रूप में रोजगार सरकारी एजेंसियों और ट्रैवल एंड एडवेंचर टूरिज्म से जुड़ी कंपनियों के द्वारा प्रदान किया जाता है, अगर आपको सर्दियां और कड़ाके की ठंड अच्छी लगती है, तो स्नो एक्सपर्ट आपके कॅरियर बनाने के लिए एक अच्छा विकल्प है -**



## स्नो एक्सपर्ट का कार्य

एक स्नो एक्सपर्ट के रूप में स्नो फॉल और एक्यूमुलेशन पैटर्न के विषय में पढ़ाई की जाती है, जिसके माध्यम से भविष्य में हिमस्खलन और अन्य प्राकृतिक खतरों की जानकारी बिलकुल सही प्राप्त हो सके, इसके साथ स्नो एक्सपर्ट से यह आशा की जाती है, कि वह ग्लेशियर और बर्फीली जगहों पर रिसर्च करे और उनके डाटा को एकत्रित करें, जिससे वैज्ञानिकों को ग्लोबल वॉर्मिंग की जाँच करने में सहायता मिल सके, विशेषज्ञों के लिए हिमस्खलन और ग्लेशियोलॉजिस्ट के रूप में बर्फ का अध्ययन करना एक विषय के रूप में है.

इस समय ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण ग्लेशियरों के बड़े-बड़े बर्फ के टुकड़े टूटकर पिघल रहे है, जिससे सागर का जल स्तर में अत्यधिक वृद्धि हो रही है, ग्लेशियर की बर्फ का अध्ययन ग्लेशियोलॉजिस्ट के द्वारा किया जाता है, इसके साथ ही वातावरण में हुए बदलाव के कारण जलस्तर, चट्टान या अवसाद के सिकुड़ते या बढ़ने की जांच की जाती है.

## प्राकृतिक आपदाओं में सहायता

ग्लेशियर के डाटा से विशेष्ज्ञ और स्नो वैज्ञानिकों को अत्यधिक सहायता प्राप्त होती है, जिससे वह समुद्र तल, सिकुड़ते ग्लेशियर की जाँच सही तरीके से कर सकते हैं, विशषेज्ञ बर्फ का विश्लेषण उसके गुण और व्यवहार के माध्यम से करते है, इस प्रयोग के द्वारा प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी करने में सहायता प्राप्त होती है.

## प्रवेश प्रक्रिया

अभ्यर्थी को 12वीं की परीक्षा विज्ञान वर्ग में उत्तीर्ण करना आवश्यक है, इसके बाद आप बीएससी या एमएससी को फिजिक्स या मैथेमैटिक्स विषय के साथ पास करना होता है, इसके पश्चात आप इसके कोर्स में प्रवेश प्राप्त कर सकते है, इस कोर्स में आप फिजिकल/ बायोलॉजी/ कैमिककल और पृथ्वी व पर्यावरण विज्ञान में डिग्री प्राप्त कर सकते है, इस विषय में पीएचडी करने के उपरांत अभ्यर्थी को उच्च पद पर कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है, इस क्षेत्र में फिजिकल/ एनवायरनमेंट साइंस में मास्टर डिग्री के उपरांत भी प्रवेश प्राप्त कर सकते है, ग्लेशियोलॉजिस्ट बनने के लिए व्यक्ति के अन्दर प्रकृति प्रेम के साथ फिजिकली रूप से मजबूत होना आवश्यक है.

## स्नो एक्सपर्ट में रोजगार के अवसर

रिसर्च इंस्टीट्यूट, पेट्रोलियम और माइनिग कंपनी, जियोलॉजी और इंजीनियरिंग फर्म में आप स्नो साइंटिस्ट ग्लेशियोलॉजिस्ट और हिमस्खलन विशेषज्ञ के रूप में कार्य कर सकते है, इसके अतिरिक्त आप कंसल्टिंग कंपनी, सरकारी व शैक्षिणिक संस्थानों कंसल्टिंग कंपनी, सरकारी व शैक्षिणिक संस्थानों में भी कार्य कर सकते हैं.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# दुनिया में साइबर अटैक का बढ़ा खतरा

आम जनजीवन में बहुत सारे काम और सुविधाओं के मामले में इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता के समांतर इसके बहुस्तरीय जोखिम भी बढ़े हैं। अब इंटरनेट के जरिए किसी सुविधा का उपयोग करने वाला आम उपभोक्ता कब किस ठगी या गंभीर अपराध का शिकार हो जाए, कहा नहीं जा सकता। बैंक खातों के संचालन में बिना किसी वजह के अचानक पैदा की जाने वाली बाधाएं, उसमें जमा पैसों में होने वाली गड़बड़ियों से लेकर अन्य कई तरीके से लोगों के परेशान होने की खबरें आए दिन आती रहती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें किसी देश के सुरक्षा-तंत्र को भी साइबर अपराधियों ने बुरी तरह बाधित कर दिया।हालत यह है कि बहुत सावधान और इंटरनेट के उपयोग को लेकर जागरूक रहने वाले लोगों को भी अक्सर इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में साइबर दुनिया के विस्तार के समांतर ही आम लोगों के हक में सुरक्षात्मक उपाय भी किए जाने जरूरी हैं। सही है कि सरकारें ऐसे उपाय करती हैं, लेकिन इंटरनेट के जरिए धोखाधड़ी या 'साइबर अरेस्ट' जैसे बढ़ते मामले बताते हैं कि इस संबंध में व्यापक स्तर पर एक सुरक्षा तंत्र खड़ा करने की जरूरत है।इंटरनेट के जरिए होने वाले अपराधों का स्वरूप चूंकि अंतरराष्ट्रीय है, इसलिए इसी स्तर पर सुरक्षात्मक उपाय भी किए जाने चाहिए। इस लिहाज से क्वाड में शामिल देशों अमेरिका, भारत, आस्ट्रेलिया और जापान द्वारा एक बार फिर साइबर चुनौती-2024 को जारी रखने की घोषणा महत्त्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य साइबर परिवेशी तंत्र को मजबूत करना और साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों को शिक्षित करने के साथ-साथ एक ताकतवर साइबर कार्यबल बनाना भी है।समूची दुनिया में साइबर तंत्र पर बढ़ती निर्भरता के दौर में इससे दूर रहना बेहद मुश्किल है। मगर इसके उपयोग को लेकर पर्याप्त स्तर तक जागरूकता पैदा नहीं हो सकी है। इसलिए क्वाड देशों ने अगर साइबर सुरक्षा के प्रति अपना सरोकार जाहिर किया है, तो यह अच्छा है। जरूरत है कि साइबर दुनिया में एक ऐसा तंत्र बनाया जाए, जिसमें आम लोग इंटरनेट का उपयोग करते हुए पूरी तरह सुरक्षित महसूस करें।

# ईरान पर बड़े हमले की तैयारी में इजरायल

हमास के खिलाफ इजराइल की कार्रवाई के बाद यह अनुमान नहीं था कि एक वर्ष से चल रहा यह टकराव एक लंबे और जटिल युद्ध में तब्दील हो जाएगा। गाजा में इजराइल अभी हवाई हमले और जमीनी अभियान दोनों ही जारी रखे हुए हैं। गंभीर बात है इसका दायरा प्रतिदिन बढ़ रहा है। हर रोज बड़ी संख्या में लोग हताहत हो रहे हैं। हमास के भयावह हमले के बाद इजराइल की प्रतिक्रिया को स्वाभाविक बताया गया था, मगर यह अंदाजा नहीं था कि वह प्रतिशोध में इतनी बड़ी तबाही मचा देगा।रविवार को उत्तरी गाजा में किए गए हमले में सत्तासी लोगों की मौत हो गई, चालीस लोग जख्मी हो गए। कोई नहीं जानता कि इजराइल और हमास के बीच संघर्ष कब थमेगा। यह दिनोंदिन जटिल होता जा रहा है। इस युद्ध के दायरे में गाजा पट्टी के बाद अब लेबनान से लेकर ईरान तक आ रहे हैं। हिजबुल्लाह और इजराइल में तनातनी के बीच लेबनानी सेना दूर ही थी, मगर हालिया हमले में उसके तीन सैनिकों की मौत ने इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है। इस समय दक्षिणी लेबनान पर इजराइल के हवाई हमले से तबाही मची हुई है।यों गाजा पर निरंतर हमले में अब तक बयालीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों की जान चुकी है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और मासूम बच्चे थे। चिंता की बात है कि इजराइल की कार्रवाई से जिस तरह मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, उस पर कहीं कोई आवाज नहीं उठ रही है। ईरान के मिसाइल हमले के बाद वैसे भी यह युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। इजराइल ने इसे चुनौती के रूप में लिया है। पिछले दिनों अमेरिकी खुफिया विभाग के जो दस्तावेज लीक हुए हैं, उससे पता चला है कि इजराइल की सेना ईरान पर बड़े हमले की तैयारी कर रही है।अगर ऐसा होता है, तो ईरान पलट कर वार नहीं करेगा, इसकी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। बल्कि ईरान की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इजराइल के किसी भी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। ईरान पहले ही अपनी सेना के शीर्ष कमांडरों के मारे जाने से बौखलाया हुआ है। अगर इन दोनों देशों के बीच भी सीधा युद्ध छिड़ जाता है, तो इसके विनाशकारी परिणाम निकलेंगे और इसका दायरा विश्व स्तर पर कितना बड़ा होगा।

# विकसित भारत की ओर बढ़ते देश के कदम

(बृजनन्दन राजू)

नरेन्द्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद विकसित भारत की आधारशिला रखी। 2014 में विकसित भारत की बात किसी को हजम होने वाली नहीं थी लेकिन मोदी ने उसके लिए आधारभूमि तैयार की। देशवासियों को मिशन के साथ एक विजन दिया और नवाचार के लिए प्रेरित किया। विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ा रहा है। देश को आत्मनिर्भर बनाने, विकास की गति को तेज करने के लिए उठाये गये सकारात्मक परिणामों का असर कई क्षेत्रों में दिखने लगा है। भारत ने जहां 200 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली है। 2014 में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता केवल 75 गीगावाट थी 6 जी तकनीक के पेटेंट में हम विश्व के छह शीर्ष देशों में शामिल हैं। भारत से प्रभावित होकर 11 देशों ने भारत के दवा कानून अपनाए हैं। इसी प्रकार कई अन्य क्षेत्रों में भी अच्छे संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। देश की जनता ने यह साबित कर दिया है कि अगर सामूहिक प्रयास किया जाय तो कुछ भी असंभव नहीं है। आज भारत की तेज विकास की गति दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय है। प्रत्येक देशवासी यह चाहता है कि अपना देश वैभव सम्पन्न हो। विश्व में अग्रणी हो। भारत विकसित बने। जगद्गुरू का स्थान भारत को फिर से प्राप्त हो। हम आकांक्षा तो रखते हैं लेकिन वर्तमान में वस्तुस्थिति कैसी है इसपर बहुत कुछ निर्भर करता है। 2014 से पहले राष्ट्र का ओज क्षीण हो रहा था। जनता आतंकी हमलों से त्रस्त थी। देश भ्रष्टाचार के दलदल में धंसता जा रहा था। मनमोहन सरकार में घोटालों का अंबार लग गया था। देश में निराशा का माहौल था। युवा मन दुर्बल हो गया था। ऐसे समय में देश की बागडोर नरेन्द्र मोदी ने संभाली। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश से निराशा के वातावरण को दूर करने का काम किया। नरेन्द्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद विकसित भारत की आधारशिला रखी। 2014 में विकसित भारत की बात किसी को हजम होने वाली नहीं थी लेकिन मोदी ने उसके लिए आधारभूमि तैयार की। देशवासियों को मिशन के साथ एक विजन दिया और नवाचार के लिए प्रेरित किया। भारत के अंदर क्षमताओं की कमी नहीं थी। कमी केवल आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय की थी। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से सीधे जुड़े। युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया। आज प्रत्येक देशवासी के मन में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की लालसा जगी है। हमारे देश के प्रत्येक नागरिक का आत्मविश्वास बढ़ा है। जो जिस स्थिति में है उससे आगे बढ़ने का प्रयत्न कर रहा है। विकास भी विरासत के नारे के साथ सांस्कृतिक पुनर्जागरण का कार्य तेजी से हो रहा है। अपने प्रभावी नेतृत्व से भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को देश की एकता के साथ जोड़ने का काम किया है। आज भारत जाग्रत अवस्था में है। मोदी के नेतृत्व में भारत का भविष्य उज्ज्वल है। आईटी एवं नवाचारों के क्षेत्र में भारत वैश्विक शक्ति बन रहा है। भारत अपने लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाने का काम मोदी सरकार ने किया है। 2014 से पहले कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की संख्या शून्य थी जब अब 4000 से अधिक हो गयी है। जिसके कारण देश के किसानों की आय और खुशहाली दोनों बढ़ रही है। सरकार के विकसित भारत 2047 विजन का लक्ष्य भारत को 2047 तक 3.4 ट्रिलियन डॉलर से 30 ट्रिलियन डॉलर तक जीडीपी के साथ विकसित अर्थव्यवस्था में बदलना है। इस लक्ष्य में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, सुशासन और पर्यावरणीय स्थिरता शामिल है। 2047 के लिए देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में 90 प्रतिशत ग्रीन ग्रिड क्षमता हासिल करना, 2035 तक बेचे जाने वाले सभी वाहनों को इलेक्ट्रिक बनाना और भारी औद्योगिक उत्पादन को ग्रीन हाइड्रोजन और विद्युतीकरण की ओर ले जाना है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए जरूरी है कि आज अपना देश जिस स्थित में है उसे उन्नत अवस्था में पहुंचाना है। आज दुनिया के जो विकसित राष्ट्र हैं। क्या हमें भारत को उस तरह का विकसित देश बनाना है। क्या इनमें से कोई एक ऐसा राष्ट्र अपने अनुकरण के लायक नहीं है। इस समय हर प्रकार से उन्नत देश अमेरिका को माना जाता है लेकिन क्या अमेरिकावासी सुखी हैं नहीं। तकनीकी दृष्टि से उन्नत हो रहे हैं लेकिन अन्य समस्याएं विकराल हैं। इसलिए हमें भारत को भारत ही बनाना है अमेरिका नहीं। भारत विकसित बने लेकिन भारत के विचारों और भारत की मेधा शक्ति के आधार पर। आज वैश्विक संकटों से समाधान की खोज में दुनिया भारत की ओर देख रही है। कहीं ऐसा न हो कि हम भारत को इंग्लैंड और अमेरिका न बनाने लग जायें। इसलिए विकसित भारत के लिए भारतीय अवधारणा चाहिए। आजादी के बात से हमारे राजनेताओं से यही भूल हुई थी। पश्चिम से प्रभावित होकर हम अपने दर्शन व ज्ञान की उपेक्षा करने लगे थे। स्वच्छता मिशन के रूप में एक जन आन्दोलन का सूत्रपात किया। जन धन की योजना से सबको जोड़ा। देश में डिजिटल क्रान्ति की शुरूआत की। स्टार्टअप के तहत देश में स्वरोजगार के अवसर खुले। मुद्रा योजना के तहत लोगों को लोन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों का स्वयं का घर होने का सपना पूरा हुआ है। वर्ष 2016 में उरी में आतंकी हमला हुआ। देश गुस्से में था। सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर पापी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। जीएसटी को लागू करके एक बड़ा व्यापारिक सुधार किया। 2014 के बाद भारत का सांस्कृतिक अभ्युदय का मार्ग प्रशस्त हुआ। 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, हैदराबाद में स्टैचू आफ इक्वालिटी, काशी विश्वनाथ कारिडोर, मथुरा वृन्दावन कारिडोर, केदारनाथ धाम व चार धाम परियोजना के कार्य से सनातन संस्कृति का पुनरोदय का आभास हो रहा है। मोदी के कार्यकाल में सांस्कृतिक पुनरूत्थान का कार्य सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में देखने को मिला। अरब देश, रेत का सागर, इस्लामी कायदे कानून का पालन करने वाले देश अबू धाबी में 27 एकड़ भूमि में जब मोदी हिन्दू मंदिर का उद्घाटन कर रहे थे यह मन को विश्वास ही नहीं हो रहा था। यह भारतवर्ष के नवीन सामार्थ्य और आत्मविश्वास का प्रकटीकरण था।

*मोदी विश्व में हिन्दू शक्ति के प्रतीक बन गये हैं। योग को मान्यता दिलाई। मोदी सरकार बनने के बाद से 150 से अधिक मूर्तियां विदेश से वापस आयीं। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता ने विश्व को भारतीय संस्कृति का दर्शन कराया। राष्ट्र की प्रगति के लिए सुशासन महत्वपूर्ण होता है। सरकार की योजनाओं के बारे में मोदी सरकार में आम आदमी की धारणा बदली है। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता था।*

# महिला सशक्तिकरण के लिए यह जागने का समय है

(चेतनादित्य आलोक)

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो महिलाओं के विविध रूपों के मानवाधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता लाने तथा उनके प्रति लोगों को निजी एवं सामूहिक जिम्मेदारियों का स्मरण कराने के लिए ही विश्व इन तमाम दिवसों के आयोजन किए जाते हैं। महिला के कई रूप होते हैं। वह बेटी, बहू, मां, बहन, पत्नी, दादी, नानी आदि रूपों में हमारे इर्द-गिर्द जन्म से मृत्यु तक साए की तरह मौजूद रहती हैं। देखा जाए तो जीवन और समाज के प्रायः प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका किसी-न-किसी रूप में अवश्य पाई जाती है। इसके बावजूद आधुनिक वैश्विक सामाजिक ढांचे और आर्थिक एवं सांस्कृतिक खांचे में महिलाएं लगातार उपेक्षा, उत्पीड़न, शोषण और दमन का शिकार होती आ रही हैं। घर से लेकर बाहर तक सर्वत्र दमन और शोषण की चक्की में पिसतीं महिलाओं का वास्तविक महत्व समाज को अभी समझना शेष है। यही कारण है कि वैश्विक समाज में महिलाओं के महत्व को प्रतिपादित करने और उन्हें उनका वास्तविक अधिकार दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 08 मार्च को विश्व भर की महिलाओं के प्रति आभार जताने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 26 अगस्त महिला समानता दिवस, 22 सितंबर को बेटियों के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस एवं 11 अक्तूबर को विश्व भर की बालिकाओं को समर्पित 'विश्व बालिका दिवस' का दुनिया भर में प्रमुखता से आयोजन किया जाता है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो महिलाओं के विविध रूपों के मानवाधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता लाने तथा उनके प्रति लोगों को निजी एवं सामूहिक जिम्मेदारियों का स्मरण कराने के लिए ही विश्व इन तमाम दिवसों के आयोजन किए जाते हैं। हालांकि ऐसे आयोजनों का अब कोई मतलब नहीं रह गया है, क्योंकि ये सब महज रिवाज बन कर रह गए हैं। न तो हमारी बेटियों, बहुओं, माताओं और बहनों के विरूद्ध बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के बाद दरिंदगी करने वाले अपराधियों पर इनका कोई असर होता है और न समाज पर ही इन आयोजनों का कोई सकारात्मक प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई देता है। यहां तक कि कानून, जिसे निर्दोष और मासूम बेटियों, बहुओं और माताओं के लिए रक्षा कवच माना जाता रहा है, की सख्ती और मजबूती भी अब उन्हें अपराधियों से बचाने में असमर्थ साबित होती जा रही है। यदि ऐसा नहीं होता तो क्या दिन-प्रतिदिन महिलाओं के विरूद्ध इस भांति अत्याचार, उपेक्षा, उत्पीड़न, शोषण और दमन की घटनाएं बढ़ती नहीं जातीं। केवल बलात्कार की भी बात करें तो नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रतिदिन कम-से-कम 87 महिलाओं के विरूद्ध बलात्कार के मामले सामने आते हैं। तात्पर्य यह कि प्रत्येक घंटे हमारा देश तीन से भी अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार की निर्मम घटनाओं और दरिंदगी का साक्षी बनता है। दुर्भाग्य से यह आंकड़ा भी अंतिम और संपूर्ण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह तो सिर्फ उन घटनाओं को ही रेखांकित करता है, जिनकी रिपोर्ट पुलिस थानों में दर्ज की जाती हैं। निश्चित रूप से इनके अलावा भी देश भर में बलात्कार और दरिंदगी के न जाने कितने ही मामले नित्य प्रति घटित होते रहते होंगे, जिनकी कहीं कोई खोज-खबर लेने वाला नहीं होता है। कई बार तो पीड़िताएं स्वयं ही समाज के भय अथवा लोक-लाज के कारण बलात्कार की घटनाओं को छिपा देती हैं। वहीं, कई बार ऐसा करने के लिए उनके ऊपर माता-पिता और परिवार वालों का भारी दबाव होता है। अनेक बार ऐसा भी होता है कि बलात्कारी ही इतने दबंग होते हैं कि अपने वर्चस्व के कारण बलात्कार करने के बाद पीड़िताओं को डरा-धमकाकर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने देते। वहीं, कई बार तो रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में पुलिस की भी बेपरवाही और गैर-जिम्मेदारी सामने आती रहती है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5534

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5533

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 5534




**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1 जून 1975 को भारत की महिला भारोत्तलक का जन्मदिवस है ये 2000 के सिडनी ओलम्पिक खेलों में कांस्य पक जीतने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी है (7)
6. जल नित्तल, हथेली कवच (2)
7. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
9. यह भारत देश की प्रचलित मुद्रा है (3)
10. जो रिश्तें पति की बहन हो (3)
11. खत, कागज, चिट्ठी (2)
13. लेखा पुस्तक, रजिस्टर (2)
14. रामचरितमानस का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्य काल का विवरण है (4)
16. राजा जनक के नामों में एक (5)
17. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
19. रिश्ता, संबंध (2)
20. ऐसी गोरी स्त्री जिसमें बल और आंखे स्याह हो (2)
21. ग्रीष्म ऋतु की तप्त हवा (1)
22. सैनिक, मिलिस्ट्रीमेन (2)

**ऊपर से नीचे**

1. कुंतीपुत्र जो कन्याकाल में सूर्य के अंश से उत्पन्न हुआ था, इसी से इसे कानीन कहते है, कान शरीर का एक संवेदी अंग (2)
2. इसे अंग्रेजी में बैलेट पेपर कहते है (4)
3. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
4. सांस लेने व छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
5. कारण (अंग्रेजी)(3)
8. गंभीर ध्वनि करना, बजाना (3)
9. अनाकर्षकता, आकर्षणहीनता, असौम्यता, असुंदरता (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. ध्वनि या नाद उत्पन्न होना (3)
14. वरदल, जनैत, वरपक्ष, वरयात्री (3)
15. यह धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित एक पर्यटक स्थ है यह स्थल हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का हिस्सा है (4)
18. नक्षत्र, सितारा, सुषेण की कन तथा बाली की पत्नी का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5533 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नू | र | ज | हां | | सा | के | त |
| त | ह | ल | का | | हि | सा | ल |
| न | म | न | | सु | र | | ब |
| | दि | | स | त | लु | ज | |
| गो | ल | मा | ल | | धि | | बां |
| पी | | मा | फ | | या | ज | क |
| ना | ज | | | | न | मी | |
| थ | ल | च | र | | वी | र | ता |

# आज का राशिफल

## मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी और भाग्य का साथ मिलेगा। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। सावधान रहें और अपने खाने पर नियंत्रण रखें। आपको धन लाभ होगा।

## वृष
आज आर्थिक मामलों में दिन लाभ से भरा होगा। अगर आप किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता प्राप्त होगी। आपको आपके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जा सकता है। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। आपको ससुराल पक्ष के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

## मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। अपने कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा। पत्नी को शरीर कष्ट से कुछ खिन्नता रह सकती है। व्यर्थ व्यय का योग भी है।

## तुला
आज करियर में सफलता मिलेगी और बेहतर होगा कि आप फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो सावधान रहे और समय पर दवा खाएं। आप समाज के लिए जो कार्य करने के बारे में सोच रहे हैं उसमें कुछ लोग बाधा पैदा कर सकते हैं। आपको संतान पक्ष के लोगों से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

## वृश्चिक
आज करियर के मामले में मिलेजुले फल प्राप्त होंगे और कुछ योजनाएं पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे और आपके दिमाग में हो सकते हैं। सायंकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद विवाद लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

## धनु
आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सावधानी बरतें, पांव में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको लाभ होगा और आपका कोई जरूरी रुका कार्य पूर्ण होगा। रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी। अगर आपको किसी मामले में धन का निवेश करना पड़े तो दिल खोलकर करें।

## कर्क
आज दिन बिना वजह के खर्च वाला रहेगा और आपको कुछ ऐसे अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके निए निवेश करने का दिन है और आपको इसका भविष्य में लाभ होगा।

## सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप जो भी कार्य अपने करियर को लेकर करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। आप सीमित और आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। अपने परिजनों से आपको सहयोग मिलेगा। सांसारिक सुख भोग, नौकर चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

## कन्या
आज दिन शुभ फलकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आज कारोबार से जुड़े कुछ नए कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा। आपको आगे चलकर लाभ होगा और भरपूर सफलता प्राप्त होगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में तरक्की होने के योग हैं।

## मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा। संतान के करियर को लेकर किसी विवाद का हल निकलेगा और आपको लाभ होगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपके साथ संबंध बेहतर बनाने के बारे में सोच सकते हैं। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात में प्रियजनों व परिजनों से हास्य विनोद रहेगा।

## कुंभ
आज भाग्य साथ देगा और दिन आपके लिए मिश्रित फलकारक है। आपको मानसिक शांति और खुशी प्राप्त होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से किसी कारण से आपकी नाराजगी हो सकती है। सावधान रहें और मधुर वाणी का प्रयोग करें। वरना आपके संबंधों में कड़वाहट आ सकती है।

## मीन
आज भाग्य की दृष्टि से दिन उत्तम रहेगा और आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के करियर को लेकर की जा रही भागदौड़ आपके लिए सफल साबित होगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको ननिहाल पक्ष के लोगों से प्रेम और विशेष सहयोग मिलने की संभावना है। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खर्च करेंगे और इससे आपके शत्रु आपसे जलन महसूस करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित **संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, स्थानीय संपादक- **साकेत अम्बष्ट**, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, **RNI-BIHHIN/2017/72765**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### 29 साल पहले मर चुके व्यक्ति को जिंदा दिखाकर कराया बैनामा, सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** हरदुआगंज कस्बे में 29 साल पहले मर चुके व्यक्ति को जिंदा दिखाकर जमीन का बैनामा करने का मामला सामने आया है। एसएसपी के आदेश पर मृतक के पौत्र की तहरीर पर थाना हरदुआ गंज पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पप्पू पुत्र बन्ने निवासी मोहल्ला अबुल फजल ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके दादा वजीर पुत्र छिद्दू सिंह की 20 मई 1995 में मौत हो गई थी। उनके नाम पर खाता संख्या 584, गाटा संख्या पर 2784/3 0.1150 हेक्टेयर और गाटा संख्या-2785/2 में 0.1270 हेक्टेयर जमीन है। इसमें परिवार के लोग खेती करते हैं। किनारे पर परिवार के बुजुर्गों की कब्रे हैं। कस्बे के कुछ लोगों ने उन्हें बताया कि उनकी जमीन बेच दी गई है।

तहसील जाकर जानकारी करने पर पता चला कि सात माह पहले गत एक मार्च को दबंग और भूमाफिया किस्म के लोगों ने उसके दादा नाम के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा कराया गया है। रिपोर्ट में वजीर निवासी मुल्लापाड़ा, भुजपुरा, उपेंद्र बहादुर सिंह व उसका भाई धीरेंद्र, निवासी प्रभात नगर प्रेम नगर कालोनी, दुजेंद्र प्रताप सिंह, निवासी ग्राम शेखूपुर, यशपाल सिंह, निवासी विहारी पुरम कॉलोनी फेस-1 मैलरोज बाईपास थाना-बन्नादेवी, सत्तार खां जलाली और शैलेंद्र कुमार निवासी मोहन नगर बरौला बाईपास को नामजद किया गया है। सत्तार और शैलेंद्र बैनामे में गवाह बनाए गए हैं।

### दरोगा को चढ़ा थानेदारी का बुखार, कोतवाल की कुर्सी पर फोटो खिंचवाकर कर दी वायरल

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के देहली गेट थाने में तैनात एक प्रशिक्षु दारोगा को कोतवाल बनने की तलब लगी तो दरोगा जी ने थानेदार की कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब यह भी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो अधिकारी इसे अनुशासनहीनता बताते हुए कार्यवाही की बात कह रहे हैं।

**प्रिशिक्षु है दरोगा, सोशल मीडिया पर शेयर की फोटो:** सोशल मीडिया पर प्रशिक्षु दारोगा गोपाल गौतम की आईडी से एक फोटो वायरल हुआ है। देहली गेट थाने में तैनात प्रशिक्षु दारोगा गोपाल गौतम इस फोटो में कोतवाल की कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं।

खुद गोपाल गौतम ने ही इस फोटो को अपने अकाउंट से शेयर किया है। इस फोटो के संज्ञान में आने पर पुलिस अधिकारी इसे प्रशिक्षु दरोगा की अनुशासनहीनता बताते हुए कार्रवाई की बात कह रहे हैं।

### चुपके से आई मौतः जोत कार्यक्रम में चिमटा बजाते-बजाते गिरा युवक, फिर न उठ सका...चली गई जान

**मैनपुरी , एजेंसी।** मैनपुरी के बिछ्वां थाना क्षेत्र के गांव भोजपुर में शुक्रवार की सुबह जोत कार्यक्रम के दौरान चिमटा बजा रहा युवक अचानक अचेत होकर गिर गया। कार्यक्रम स्थल पर अफरातफरी मच गई। जिला अस्पताल में युवक को मृत घोषित कर दिया गया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को अंतिम संस्कार के लिए घर ले गए। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। किशनी क्षेत्र के गांव महिगवां निवासी जितेंद्र सिंह (36) जोत आदि धार्मिक कार्यक्रमों में चिमटा बजा कर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के गांव भोजपुर में जोत का कार्यक्रम था। इसमें जितेंद्र चिमटा बजाने आए थे। देर रात को शुरू हुआ आयोजन सुबह समापन की ओर था। तभी अचानक चिमटा बजाते हुए जितेंद्र अचेत होकर गिर गए। पहले तो साथी कलाकार व ग्रामीण कुछ समझ नहीं पाए। युवक को उठाने की कोशिश की लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन में चीख पुकार मच गई।

### यूपी उपचुनाव : सपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**लखनऊ , एजेंसी।** समाजवादी पार्टी ने यूपी में नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में सीतापुर जेल में बंद वरिष्ठ नेता आजम खां का नाम भी शामिल है।

# खाद संकट का सचः नैनो डीएपी की भरमार किसानों को चाहिए दानेदार, कंपनियां इसे ही बेचने पर आमदा



**कानपुर , एजेंसी।** किसान डीएपी खाद के लिए धक्के खा रहे हैं। डीएपी खाद न तो सहकारी समितियों में मिल रही है, न ही निजी दुकानों में। दोनों ही जगहों पर नैनो डीएपी लेने पर ही दानेदार डीएवी की बोरी दी जा रही है। लेकिन, किसानों को नैनो डीएपी पसंद ही नहीं है। यही वजह है कि खाद का संकट बढ़ गया है। जानकार बताते हैं कि नैनो डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यदि किसान इसे खरीद लें तो खाद का संकट खत्म हो जाए। किसानों का कहना है कि उन्हें जबरन नैनो डीएपी खाद दी जा रही है, जोकि उनके मतलब की नहीं है।

अधिकतर किसानों को इसका उपयोग करना ही नहीं आता है। फतेहपुर जिले के कठौता गांव निवासी किसान रमेश कहते हैं कि किसान फसल के लिए किसी तरह का जुआ खेलना पसंद नहीं करता है। वह पूछते हैं कि यदि बुआई के समय नैनो डीएपी का प्रयोग किया और फसल खराब हो गई तो? इसकी भरपाई कौन करेगा? वहीं, फतेहपुर के जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार कहते हैं कि नैनो डीएपी और यूरिया मानक के अनुसार उपयोग करने से किसान कम खर्च में अच्छी उपज ले सकते हैं।

इसके लिए गांव-गांव हो रहे डेमो देखने के बाद किसान बुआई करें और अच्छी पैदावार लें। जाहिर है कि मामला नैनो डीएपी के चक्कर में फंस गया है। नैनो डीएपी की बाध्यता केवल सहकारी समितियों में ही नहीं है, बाजार में निजी खाद के दुकानदार भी बिना नैनो के खाद की बोरी नहीं दे रहे हैं। नैनो डीएपी की उपलब्धता चित्रकूट मंडल की इस स्थिति से समझ सकते हैं। मंडल में इस साल रबी सीजन में 55 हजार 213 बोतल नैनो डीएपी बांटने का लक्ष्य रखा गया है।

### कंपनियां हर हाल में बेचना चाहती हैं नैनो खाद

अभी तक केवल 9,397 बोतलें वितरित हो पाई हैं। जबकि बफर स्टॉक में 12,213 बोतलें रखी हैं। बताया जाता है कि ऐसा ही हाल कानपुर मंडल में भी है। जाहिर है कि यदि किसान नैनो डीएपी ले लें तो उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद मिल जाएगी। सूत्र बताते हैं कि नैनो डीएपी और यूरिया की वजह से ही खाद का संकट बना हुआ है। किसान नैनो खाद लेना नहीं चाहते, जबकि कंपनियां नैनो खाद हर हाल में बेचना चाहती हैं।

### जितनी मांग है, उतनी उपलब्धता नहीं है

डीएपी खाद का संकट किस कदर है इसे चित्रकूटधाम मंडल के इस आंकड़े से समझ सकते हैं। चित्रकूट मंडल में इस वर्ष रबी सीजन में 32,556 टन डीएपी खाद के वितरण का लक्ष्य था, लेकिन अभी तक केवल 11 हजार टन डीएपी किसानों को दी गई है। बिक्री केंद्रों पर 1,152 टन ही डीएपी उपलब्ध है। इसका मतलब है कि जितनी मांग है उतनी उपलब्धता नहीं है। यही हाल फतेहपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद आदि जिलों में भी है।

### इस तरह गहराया खाद संकट

नैनो डीएपी खाद के चक्कर में संकट कैसे गहराता जा रहा है, इसे फतेहपुर जिले के इस आंकड़े से भी समझ सकते हैं। जिले में गेहूं की फसल के लिए बुआई का रकबा दो लाख 19 हजार 908 हेक्टेयर रखा गया है। इतने रकबे में उपयोग के लिए कृषि विभाग ने 4,197 मीट्रिक टन डीएपी का लक्ष्य रखा है। इसके सापेक्ष अब तक 4,000 मीट्रिक टन डीएपी और पांच हजार मीट्रिक टन एनपीके का स्टॉक जिले में आ चुका है। सूत्र बताते हैं कि किसानों को नैनो डीएपी के जाल में फंसाने के लिए पर्याप्त डीएपी नहीं दी जा रही है।

### बाजार में महंगी खाद

फर्रुखाबाद जिले में बाजार में 1360 रुपये वाली डीएपी खाद 1600 रुपये में मिल रही है। इसके साथ नैनो डीएपी और नैनो पोटेशियम बैग लेने की शर्त भी है। किसान कहते हैं कि निजी दुकानों पर 1360 रुपये की खाद 2300 में खरीदनी पड़ रही है। इस वजह से किसान कर्जदार हो जा रहा है।

### नैनो डीएपी का ऐसे करें प्रयोग

इफ्को के अधिकारी अतर सिंह बताते हैं कि 50 किलो गेहूं के बीज में एक लीटर पानी, 250 ग्राम नैनो डीएपी मिलाकर शोधित करना है। इसके बाद बीज को आधा घंटे छाया में सुखाने के बाद किसान अपने मानक से आधी डीएपी यानी साढ़े 12 किलो के साथ शोधित बीज की बुआई करें। इससे गेहूं की फसल का मजबूत अंकुरण होगा। पहले पानी के बाद दानेदार यूरिया का छिड़काव करें। दूसरी और तीसरी बार सिर्फ नैनो यूरिया का छिड़काव करने से लागत में कमी आने के साथ अच्छा उत्पाद होगा। अभी तक प्रचार-प्रसार की कमी के कारण किसान नैनो डीएपी और यूरिया पर विश्वास नहीं कर रहा है। इसके लिए गांव-गांव में डेमो कराने की तैयारी है।

### अधिकारी का दावाः नैनो खाद सस्ती, उपयोगी भी

इफ्को के बांदा क्षेत्र के अधिकारी प्रतीक चौबे कहते हैं कि नैनो खाद किसानों के लिए फायदेमंद है। दानेदार खाद की अपेक्षा किसान नैनो खाद से करीब 50 प्रतिशत उर्वरक की बचत कर सकते हैं। इससे किसानों की उत्पादन लागत कम होगी।

## पुलिसकर्मी ले रहे थे महीनेदारी...दवा माफिया के बयान में फंसा टास्क फोर्स, डीसीपी सिटी से मांगी गई रिपोर्ट

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के सिकंदरा के औद्योगिक क्षेत्र में नकली-नशे की दवाओं की फैक्टरी चार महीने से धड़ल्ले से चल रही थी। दवा माफिया विजय गोयल जेल से रिहा होने के बाद बड़े आराम से अवैध धंधा कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद माफिया ने कई राज उगल दिए। इससे एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कठघरे में आ गई। महीनेदारी पर फैक्टरी चलने की बात सामने आने पर पुलिस आयुक्त ने डीसीपी सिटी को जांच दी है। मंगलवार को नकली-नशे की दवाओं की फैक्टरी पकड़ी गई थी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने छापा मारा था। माफिया विजय गोयल सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर 8 करोड़ का कच्चा माल, मशीनरी बरामद की थी। पहले वो जुलाई 2023 में पकड़ा गया था। सिकंदरा और बिचपुरी में फैक्टरी मिली थीं। फरवरी में जमानत पर बाहर आया। हवाला से रकम लेकर फैक्टरी चला रहा था। पुलिस अधिकारियों को दीं कई अहम जानकारियां

विजय गोयल ने एसीपी हरीपर्वत आदित्य सिंह और डीसीपी सिटी सूरज राय को कई जानकारियां दीं। दवा फैक्टरी में कितने लोग शामिल हैं। फैक्टरी में उसकी कौन मदद कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ने यह भी बताया कि खाकी वालों का भी हाथ सिर पर था। इसके लिए महीनेदारी देनी पड़ रही थी। इसमें एएनटीएफ के कुछ लोग थे। एक सिपाही की मदद से वह उन तक पहुंचा था। अब हिमाचल प्रदेश में एक परिचित की मदद से फैक्टरी खोलने वाला था। यहां फैक्टरी बंद करने वाला था। इस बात की भनक महीनेदारी लेने वालों को हुई। उन्होंने छापा मारकर अपना गुडवर्क दिखा दिया। जिस समय पूछताछ हुई, उस समय थाने में और भी पुलिसकर्मी मौजूद थे। इससे विभाग में चर्चाएं शुरू हो गईं। महीनेदारी लेने के आरोप का मामला पुलिस आयुक्त तक पहुंच गया। उन्होंने जांच के आदेश किए हैं। मामले की रिपोर्ट एएनटीएफ के मुख्यालय को दी जाएगी।

## रोमांचक हुआ मुकाबला...छोटे-छोटे दल बिगाड़ेंगे बड़ों का खेल



**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट पर सपा और भाजपा ने अपने पत्ते खोल दिए। सपा का गढ़ समझे जाने वाले कुंदरकी विधानसभा में रणनीतिकार अपनी लड़ाई भाजपा से मानते हुए समीकरण बैठा रहे हैं।

वहीं एक वर्ग का मानना है कि छोटे- छोटे दल बड़ों का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। कुंदरकी विधानसभा पर सपा का 2002 से वर्चस्व रहा है। इस सीट पर 1993 में एक बार भाजपा के नेता चंद विजय सिंह ने चुनाव जीता था।

इसके बाद इस सीट पर बसपा के अकबर हुसैन, दो बार चुनाव जीते थे। मुस्लिम बाहुल्य कुंदरकी सीट पर 2022 में जीते जियाउर्रहमान बर्क के सांसद बनने के कारण यह सीट रिक्त हुई है।

**सपा ने हाजी मोहम्मद रिजवान को उताराः** इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने कुंदरकी सीट पर एक बार फिर हाजी मोहम्मद रिजवान पर भरोसा जताया है। वहीं भाजपा ने रामवीर सिंह पर दांव खेला है। इस सीट पर एमआईएमआईएम ने हाफिज वारिस को टिकट देकर मैदान में उतारा है।

**एमआईएमआईएम ने हाफिज वारिस को दिया टिकटः** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने चांदबाबू को मैदान में उतारा है। हाफिज वारिस पिछले 2022 के चुनाव में 14 हजार 700 मत पाए थे। वर्तमान में कुंदरकी में एमआईएमआईएम का स्थानीय निकाय में चेयरमैन है। इस कारण हाफिज वारिस को हल्के में लेना बड़े दलों के लिए ठीक नहीं है।

**भाजपा ने लगााय पूरा जोरः** बसपा की तरफ से प्रत्याशी रफतउल्ला भी मैदान में हैं। भाजपा ने इस सीट को जीतने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। मुख्यमंत्री कुंदरकी में दौरा कर चुके हैं। चार मंत्रियों को भी कुंदरकी में लगाया गया है।

**सपा के चार विधायक मैदान में:** इधर, सपा के चार विधायक कुंदरकी क्षेत्र पर नजर रख रहे हैं। सपा के नेता मान रहे हैं कि इस सीट से उनको कोई पराजित नहीं कर सकता है। अल्पसंख्यकों का वोट उनको एकमुश्त मिलेगा।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस बार छोटे दलों के मैदान में कूदने से चुनाव काफी रोमांचक होगा। इस सीट पर मतदाताओं की संख्या तीन लाख 83 हजार है। पिछले चुनाव में सपा प्रत्याशी को एक लाख 25 हजार मत मिले थे।

## पंचगंगा घाट पर चला चला स्वच्छता अभियान, पर्यटकों से की गई ये खास अपील

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी में पंच नदियों के संगम स्थली पंचगंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। नमामि गंगे गंगा विचार मंच महानगर इकाई, 137 सी ई टी एफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स के जवानों ने संयुक्त अभियान चलाकर गंगा निर्मलीकरण के लिए जनजागरण अभियान चलाया।

नमामि गंगे गंगा विचार मंच के जिला संयोजक शिवम अग्रहरि व गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार देवेंद्र बेसनेट के नेतृत्व में घाट किनारे स्नानार्थियों, पुरोहितों, दुकानदारों, पर्यटकों से गंगा किनारे स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया गया। बताया कि गंगा निर्मलीकरण अभियान में भागीदारी हम सबका नैतिक कर्तव्य है।

हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए नमामि गंगे के जागरुकता प्रेरित उद्घोष सबका साथ हो गंगा साफ हो के संकल्प को सभी ने दोहराया। टीम ने पंचगंगा घाट से जटार घाट तक सफाई की। इस दौरान गंगा किनारे बिखरे पॉलिथीन, प्लास्टिक की बोतलें, कपड़े, निर्माल्य आदि प्रदूषण कारक वस्तुओं को समेटकर निस्तारण के लिए भेजा। अभियान में नमामि गंगे से शिवम अग्रहरि, रश्मि साहू, सपना वर्मा, रतन साहू सहित टास्क फोर्स के देवेंद्र बसनेट, विजय थापा, राजेंद्र गुरुंग, पासंग टी शेरपा, घाट किनारे के पंडा, पुरोहित, नेमि स्नानार्थी, नगर निगम के कर्मचारियों ने सक्रीय भागीदारी की।



## पुलिस की अभिरक्षा में अपहरण का आरोपी टॉयलेट में मिला मृत, कैमरे की निगरानी में होगा शव का पोस्टमार्टम

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी जिले में कैंट थाने की पुलिस की अभिरक्षा में एक किशोरी के अपहरण के आरोपी की कैमूर जिले के मोहनिया क्षेत्र स्थित एक ढाबे के टॉयलेट में मौत हो गई। मौत कैसे हुई, इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। चर्चा यह भी है कि आरोपी ने गमछे से गला कसकर जान दी है। मामले की जांच बिहार के कैमूर जिले की मोहनिया थाने की पुलिस कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर मौके पर एसीपी कैंट विदुष सक्सेना पहुंचे।

मूल रूप से गाजीपुर जिले के जमानिया थाना क्षेत्र के दवैथा का रहने वाला एक परिवार पुलिस लाइन रोड पर पक्की बाजार में रहता है। इस परिवार की मानसिक रूप से अस्वस्थ 16 वर्षीय एक किशोरी बीते 23 अक्तूबर को कचहरी के पास से लापता हो गई थी। किशोरी के अपहरण के आरोप में कैंट थाने की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच में सामने आया कि किशोरी बिहार के भोजपुर जिले के बिल्लौरी गांव निवासी पंचम पांडेय (50) के घर में है। कचहरी चौकी इंचार्ज गौरव मिश्रा के नेतृत्व में चार पुरुष-महिला कर्मियों की टीम ने पंचम के घर से उसे गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया। वाराणसी आने के दौरान मोहनिया क्षेत्र में पुलिसकर्मी एक ढाबे पर भोजन करने के लिए रुके तो पंचम ने टॉयलेट जाने की बात कही। काफी देरी तक वह टॉयलेट से बाहर नहीं निकला तो पुलिसकर्मियों ने दरवाजा खटखटाया। इसके बाद धक्का देकर दरवाजा खोला गया तो पंचम टॉयलेट में मृत पड़ा था। उसके गले में गमछा पड़ा हुआ था। उधर, इस संबंध में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि सूचना मिलने पर एसीपी कैंट को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। वीडियो कैमरे के सामने डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, बिहार पुलिस और एसीपी कैंट की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के तहत मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सामाजिक समरसता सर्वोपरि... आरएसएस की बैठक में संघ प्रमुख भागवत ने दिया संदेश

**मथुरा , एजेंसी।** मथुरा के फरह कस्बा के परखम में शुक्रवार को आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संदेश दिया कि सामाजिक समरसता सर्वोपरि है। संघ को इसी पर फोकस करना है। खास तौर पर दशहरे तक पूरे देश में इसी एजेंडे पर काम करना है।

बैठक में देशभर से आए 46 प्रांतों के 393 पदाधिकारियों के साथ उन्होंने मंथन कया। नौ घंटे तक चली इस बैठक में अन्य मुद्दों पर भी गंभीरता से बात हुई।

परखम के दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में संघ का 10 दिवसीय शिविर चल रहा है। कार्यकारी मंडल की बैठक में शुक्रवार को संघ प्रमुख ने विस्तार से सभी पदाधिकारियों से बात की। संघ के एजेंडे को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने व सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भी कई अहम मुद्दों पर रोशनी डाली। बैठक में सामाजिक समरसता के साथ ही अन्य मुद्दों पर बात हुई। जैसे शताब्दी वर्ष में हर गांव, हर घर में स्वयंसेवक हों।




समाज को जातियों में बांटने से रोकना, राष्ट्रीय मुस्लिम मंच की मदद से मुस्लिम समाज को जोड़ना, राष्ट्र सेविका समिति की मदद से महिलाओं को आगे लाने जैसे मुद्दों पर मंथन हुआ।

**पंच परिवर्तनों पर दिया जोरः** साथ ही पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश भी तय किए हैं। प्रत्येक जिम्मेदार को संगठनात्मक लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा पंच परिवर्तनों पर जोर दिया गया। इसमें पर्यावरण, सोशल मीडिया के दुष्परिणाम से युवाओं को रोकना, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुद्दा, ज्ञानवापी एवं हिंदुत्व एकजुटता पर बात हुई।

**कई मुद्दों पर तय किए गए लक्ष्यः** प्रत्येक गांव में शाखाएं लगाने जैसे मुद्दों पर भी लक्ष्य तय किए गए। बैठक में सह सरकार्यवाह, क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र कार्यवाह और क्षेत्र प्रचारक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। यह बैठक सुबह नौ बजे से तीन सत्रों में शाम आठ बजे तक आयोजित की गई। बैठक संपन्न होने के बाद शनिवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले आगामी सालों के संगठनात्मक लक्ष्यों के बारे में प्रेस वार्ता करेंगे। इससे पूर्व संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया। दो दिवसीय बैठक शनिवार को संपन्न होगी। इसके बाद सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले प्रेस वार्ता करेंगे।

**बैठक में शताब्दी वर्ष की रूपरेखा तैयारः** अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि औपचारिक बैठक की जा रही है। इसमें 2025 विजयदशमी पर संघ अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे कर रहा है। इस शताब्दी वर्ष में क्या कार्यक्रम किए जाएं। गांव-गांव स्वयं सेवक मौजूद हों उसको लेकर मंथन किया गया। इसके अलावा सामाजिक समरसता के साथ-साथ पंच परिवर्तन पर भी जोर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार



### हिमाचल प्रदेश में दीवाली के जश्न में मौसम खलल नहीं डालेगा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर जारी है। पिछले एक महीने से राज्य में बादल नहीं बरसे हैं। आगामी एक हफ्ते भी मौसम साफ बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक 31 अक्टूबर तक राज्य में कहीं भी बारिश-बर्फबारी नहीं होगी। दिवाली का त्यौहार भी 31 को ही है। ऐसे में दीवाली के जश्न में मौसम खलल नहीं डालेगा। शुष्क मौसम के कारण राज्य के औसतन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में खास गिरावट नहीं आएगी। हालांकि जनजातीय इलाकों लाहौल-स्पीति और किन्नौर में पारे के लुढ़कने के आसार हैं। लाहौल-स्पीति में पिछले कुछ दिनों से रात का पारा जमाव बिंदु से नीचे बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश का मौसम बदलने के साथ ही यहां प्राकृतिक जलस्त्रोतों, नदी-नालों व झरनों का पानी जमना शुरू हो गया है। शुक्रवार को लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान -1.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया और यह सबसे ठंडा स्थल रहा। लाहौल-स्पीति के ही कुकुमसेरी में पारा 1.1 डिग्री, केलंग में 1.9 डिग्री और समधो में 5.1 डिग्री सेल्सियस रहा। किन्नौर के कल्पा में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री और रिकांगपिओ में 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हिल्स क्वीन शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म बनी हुई हैं। शिमला में न्यूनतम पारा 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.2 डिग्री ज्यादा है। मैदानी इलाकों में शिमला से ज्यादा ठंड है। ऊना में न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री, सुंदरनगर में 9.9 डिग्री, सोलन में 10, कांगड़ा व पालमपुर में 11.5 डिग्री, मंडी में 12.7 डिग्री, बिलासपुर में 13.2 डिग्री, हमीरपुर में 11.9 डिग्री सेल्सियस रहा। अपने शहरों की बात करें तो चंबा में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री, डलहौजी में 16.3 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 14.8 डिग्री, कुफरी में 12.1 डिग्री, नारकंडा में 9.8 डिग्री भरमौर में 11.1 डिग्री, कसौली में 16.9 डिग्री और पांवटा साहिब में 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के मैदानी हिस्सों में सुबह व शाम में ठिठुरन बढ़ गई है और लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं। पर्यटन स्थलों डल्हौजी, चायल, शिमला और मनाली में दिन में भी पर्यटक व स्थानीय लोग गर्म कपडों में देखे जा रहे हैं।

### 55 लाख की ज्वेलरी, 62 लाख का कर्ज, कितनी है फडणवीस की संपत्ति; 5 साल में कितना हुआ इजाफा



**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से छठी बार चुनावी मैदान में उतरते हुए नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान दाखिल हलफनामे में उन्होंने अपनी संपत्ति का खुलासा किया। फडणवीस ने कुल 13.27 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जिसमें 7.63 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 5.64 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। उनके व्यक्तिगत संपत्तियों में 56.07 लाख रुपये की चल संपत्ति और 4.68 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है, जबकि उनके ऊपर 62 लाख रुपये का कर्ज भी है। फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस के पास 6.96 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 95.29 लाख रुपये की अचल संपत्ति है। दिलचस्प बात यह है कि अमृता पर किसी भी प्रकार का कर्ज नहीं है। हलफनामे के मुताबिक, फडणवीस दंपत्ति के पास 98.55 लाख रुपये की सोने की ज्वेलरी भी है, जबकि संयुक्त संपत्ति में उनके आश्रितों की 10.22 लाख रुपये की संपत्ति भी शामिल है। फडणवीस ने हलफनामे में चार लंबित एफआईआर का भी खुलासा किया है।

# हिमाचल में बेरोजगारों को झटका, सरकारी विभागों के हजारों पद खत्म, सीएम सुक्खू का आदेश



**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश सरकार ने विभिन्न सरकारी विभागों में हजारों पद समाप्त कर दिए हैं। सरकार की तरफ से कहा गया है कि यह पद बीते दो साल या इससे अधिक समय से खाली थे और अब इन पदों को भविष्य में जारी नहीं रखा जाएगा। सरकार के वित्त विभाग ने यह पद समाप्त करने के संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए वित्त विभाग ने 14 अगस्त 2012 के निर्देशों को आधार बनाया गया है। माना जा रहा है कि रिक्त चल रहे इन पदों को भरे बिना ही विभागों का काम संतोषजनक ढंग से चल रहा है, इसलिए यह कदम उठाया गया है।

प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सरकारी विभागों के साथ सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में उन पदों को समाप्त माना जाएगा, जो दो साल या इससे अधिक समय से रिक्त चल रहे हैं। साथ ही सम्बंधित विभाग की बजट बुक से इन पदों का हटाना सुनिश्चित किया जाएगा और इसमें विभागों की ओर से किसी तरह की बहानेबाजी नहीं की जानी चाहिए।

देवेश कुमार द्वारा जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि 14 अगस्त 2012 को भी विभाग ने ये आदेश जारी किए थे, लेकिन इन पर अमल नहीं किया गया। किसी भी विभाग ने इन आदेशों की अनुपालना नहीं की और न ही वित्त विभाग को अब तक इससे जुड़ा डाटा भेजा गया है। राज्य सरकार ने इस मुद्दे को बड़ी गम्भीरता से लेते हुए फैसला लिया है कि कोई भी पद चाहे नियमित हो या अस्थायी हैं, अगर दो साल या इससे अधिक समय से खाली है, तो इन्हें तुरंत समाप्त माना जाएगा।

देवेश कुमार ने यह भी स्पष्ट किया है कि दो साल या इससे अधिक समय से रिक्त चल रहे पदों को भरने का कोई भी प्रस्ताव वित्त विभाग को न भेजा जाए। इन दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन किया जाए। अगर अनुपालन नहीं किया गया तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग या संगठन की रहेगी। यह आदेश विभागों के अलावा सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों पर भी लागू होंगे। आदेशों की प्रति सभी बोर्ड, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और प्रबंध निदेशकों के अलावा राज्य लोक सेवा आयोग, राज्य चयन आयोग, विद्युत नियामक आयोग, सभी उपायुक्तों और सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भी भेजी गई है।

साल 2022 में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। व्यवस्था परिवर्तन का नारा देते हुए कांग्रेस ने हर साल एक लाख नौकरियों के अवसर पैदा करने की गारंटी दी थी। हालांकि हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में पेपर लीक के मामले के कारण खाली पदों को भरने में विलंब हुआ है। उधर विपक्षी भाजपा नौकरियों के मुद्दे पर प्रदेश की सुक्खू सरकार को लगातार घेर रहा है। हाल ही में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सिरमौर के पच्छाद से भाजपा विधायक रीना कश्यप ने जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (जेओए) लाइब्रेरी के पदों पर सवाल उठाया था। इसके जवाब में सरकार ने बताया कि 771 पद सृजित किए गए हैं। मगर 31 जुलाई 2024 तक केवल 4 पद ही भरे गए, जबकि 767 पद खाली हैं। पिछली कैबिनेट बैठक में सरकार ने 2 हज़ार वन मित्रों की भर्ती को मंजूरी दी है। इसके अलावा पुलिस कांस्टेबल के एक हज़ार पदों को भरने की भी प्रक्रिया ज़ारी है। प्रदेश सरकार ने रोजगार सर्जन के लिये कैबिनेट सब कमेटी गठित की है। इस कमेटी पर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तलाश करने का जिम्मा है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान कमेटी के अध्यक्ष हैं और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

## गाजियाबाद में ठेली हटाने के विवाद में चले लाठी-डंडे, 1 दर्जन लोगों पर एफआईआर

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र में अर्थला में शुक्रवार रात ठेली हटाने को लेकर पार्षद समेत दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस बीच, 20 से 25 लोग लाठी-डंडे लेकर आपस में मारपीट करने लगे। मामला दो अलग-अलग सम्प्रदायों का होने के चलते इलाके मैं तनाव फैल गया और कई दुकानदार अपनी दुकान बंद कर भाग गए। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट करने वालों को खदेड़ दिया। साथ ही पार्षद समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अर्थला पड़ाव पर रहने वाले शाहिद आलम के घर के बाहर एक खाली ठेली खड़ी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे पार्षद मनोज पाल वहां पहुंचे और उन्होंने ठेली हटाने को कहा। इसको लेकर विवाद हो गया और फिर मनोज ने ठेली पलट दी। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई और 20-25 लोग लाठी-डंडे लेकर मारपीट करने लगे।

सड़क पर सरेआम इतनी बड़ी संख्या में लोगों के एक दूसरे पर हमला करने और दो अलग-अलग सम्प्रदायों का मामला होने के चलते आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों के शटर गिराकर भाग गए।? इसके अलावा लोगों ने अपने मकानों क के दरवाजे भी बंद कर लिए।

झगड़े की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दारोगा सचिन ने थाना साहिबाबाद में शाहिद आलम, शाहजहां, नसीम, अरसद, आमिर, भोंदू उर्फ इसरार, इकबाल, फरमान, अफजाल, मनोज पाल, रमेश चौधरी, प्रवेश पाल, धीरज पाल और दीपक पाल समेत कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

एसीपी साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि झगड़े की सूचना पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को चेतावनी देकर शांत कराया। पुलिस ने मौके से पार्षद मनोज पाल, रमेश, नसीम व इसरार को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

## अनिल विज पर भड़क उठे भूपिंदर हुड्डा, स्पीकर से बोले- दो आदमियों को कसके रखना

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में भाजपा की नई सरकार बनने के बाद पहली बार विधानसभा सत्र का आयोजन हुआ। पहले ही दिन सदन में दिलचस्प बहस देखने को मिली तो एक बार को माहौल थोड़ा उग्र भी हो गया। वरिष्ठ मंत्री अनिल विज और पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा में तीखी बहस हो गई। प्रोटेम स्पीकर रघुवीर कादियान ने विधायकों को शपथ दिलाई। इस के बाद विधानसभा सत्र हुआ तो कांग्रेस और भाजपा विधायकों में बहस होने लगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अभिभाषण पढ़ा तो पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस पर सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि यह तो सरकार का भाषण सदन में पढ़ दिया। मेरे पास बहुत है बोलने को, मगर मैं बोलूंगा नहीं।

इस पर मंत्री अनिज विज ने कहा कि हुड्डा साहब, जो आपके पास था हरियाणा की जनता ने उस पर काटा लगा दिया है। इस पर हुड्डा तैश में आ गए और स्पीकर से कहा कि ये भाषा और तरीका गलत है। मैं अपने विधायक सदन से बाहर ले जाता हूं। मंत्री अनिज विज ने कहा कि जनता बड़ी होती है और उस फैसले को स्वीकार करना चाहिए। यही नहीं हुड्डा ने स्पीकर से कहा कि आपको इनकी भाषा पर ध्यान होगा। यदि सदन में इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया जाता है तो यह ठीक नहीं होगा।

दो आदमियों को कस के रखना, सदन अच्छा चलेगाः हुड्डा

इस विवाद में जब मंत्री महिपाल ढांडा कूदे तो बेरी से विधायक डॉ. रघुवीर कादियान ने उन्हें टोका। तब ढांडा ने कहा कि मामा बैठ जा, हर बात ना टोका कर। रघुवीर कादियान ने कहा कि ढांडा मेरा भांजा लगता है। मैं इसको बचपन से जानता हूं। तब भी यह उछ्ला करता था, आज भी उछ्लता है। इस पर रामकुमार गौतम ने कहा कि रघुवीर बुड्ढा हो गया है। भांजे से कभी नहीं लड़ा जाता।

# बलरामपुर में हिरासत में युवक की मौत पर बवाल, भीड़ का थाने पर हमला; महिला एएसपी घायल

**बलरामपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में गुरुवार को थाने में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के बाद भारी बवाल हो गया। उग्र भीड़ ने थाने पर हमला कर जमकर पथराव और तोड़फोड़ की। इस हमले में महिला एएसपी घायल हो गईं। पुलिस ने आंसू गैस छोड़ भीड़ को बलपूर्वक खदेड़ा।



कोतवाली थाना में स्वास्थ्यकर्मी गुरुचंद मंडल की मौत के मामले में फिर से बड़ा बवाल हो गया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुक्रवार को मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने जोरदार विरोध जताया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हिंसा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) निमिशा पांडे को चोट लगी है। वहीं पुलिस के अधिकारी मौके पर उग्र भीड़ को समझाने में जुटे हुए थे। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात हैं।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमले का एक वीडियो ट्वीट कर लिखा, ठीक उस समय जब देश की महामहिम राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ में हैं, उस समय बलरामपुर से आ रहे ये चिंताजनक दृश्य छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था के अंतिम संस्कार का आधिकारिक ऐलान कर रहे हैं। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के बाद युवक की लाश ले जाने के दौरान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। हालात यह हैं कि नागरिकों और पुलिस के बीच भीषण संघर्ष चल रहा है। जनता पुलिस पर भरोसा नहीं कर रही है, हालात बेकाबू हैं।

पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति ने की खुदकुशी, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

भाषा के अनुसार, बलरामपुर जिले में एक महिला के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाए गए उसके पति द्वारा हिरासत में कथित तौर पर खुदकुशी किए जाने के मामले में थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुरुचंद मंडल ने गुरुवार को बलरामपुर थाने के शौचालय के भीतर अपने गमछे से कथित तौर पर फंदा लगा लिया था। अधिकारी ने बताया कि मंडल की पत्नी पिछले माह लापता हो गई थी, जिसके बाद उसने 29 सितंबर को बलरामपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। निलंबन आदेश में कहा गया, ''मंडल को संदेह और सबूतों के आधार पर थाने बुलाया गया था और लापता होने के मामले में पुलिस हिरासत में उससे पूछताछ की जा रही थी, तभी उसने आत्महत्या कर ली। प्रथम दृष्टया निरीक्षक एवं बलरामपुर थाना प्रभारी प्रमोद रूसिया और आरक्षक अजय यादव की ओर से लापरवाही पाई गई, ऐसे में दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाता है।'' घटना की न्यायिक जांच के आदेश प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार साहू ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे और वहां खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।

## पैगंबर पर विवादित बयान वाले यति नरसिंहानंद बोले- कोर्ट को बतानी है पूरी बात, योगी जी नजरबंदी हटवा दीजिए



**गाजियाबाद , एजेंसी।**
विवादास्पद संत यति नरसिंहानंद गिरि ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी कर योगी आदित्यनाथ सरकार से उन्हें अवैध हिरासत से रिहा करने की मांग की, ताकि वह अपने खिलाफ दायर जनहित याचिका का जवाब दे सके। महाराष्ट्र स्थित हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद यूसुफ ने दो दिन पहले उनके खिलाफ एक जनहित याचिका दायर की थी।

यह वीडियो यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने मीडिया के साथ शेयर किया है। नरसिंहानंद ने वीडियो में दावा किया कि उनकी हत्या प्रशिक्षित हत्यारों द्वारा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मरने से पहले वह पैगंबर पर दिए अपने बयान को स्पष्ट करना चाहते है और इसके लिए उन्हें प्रामाणिक इस्लामी पुस्तकों से सबूत इकट्ठा करने की जरूरत है।

नरसिंहानंद पर इस महीने की शुरुआत में 29 सितंबर को गाजियाबाद में एक कार्यक्रम में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए घृणास्पद भाषण देने का मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ था। मुंबई निवासी मोहम्मद यूसुफ और जाकिर हुसैन मुस्तफा शेख द्वारा दायर जनहित याचिका में नरसिंहानंद के घृणास्पद भाषण को सभी सोशल मीडिया मंचों से हटाने की मांग की गई है। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद के खिलाफ एक जनहित याचिका दायर कर अदालत से यति को पैगंबर मोहम्मद और कुरान के खिलाफ टिप्पणी करने से रोकने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक, यति माहौल को खराब कर रहे हैं।

## गुरुग्राम में शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, अंदर सो रहे बिहार के 4 लोग जिंदा जले

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
दिल्ली से सटे गुरुग्राम के एक मकान में हुए शॉर्ट सर्किट से भीषण लग गई। इस दर्दनाक घटना में मकान के अंदर सो रहे चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार देर रात सरस्वती एंक्लेव के जी ब्लॉक में बने मकान में हुई। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद चारों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

जानकारी के अनुसार, सरस्वती एंक्लेव के जी ब्लॉक में स्थित एक मकान की पहली मंजिल पर स्थित कमरे में शुक्रवार देर रात 1 बजे के करीब शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग देखते ही देखते पूरे कमरे में फैल गई। आग इतनी भयानक थी कि कमरे में सो रहे चार दोस्त कमरे से बाहर तक नहीं निकल सके और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों एक नाबालिग भी शामिल है।

मृतकों की पहचान 28 वर्षीय मोहम्मद मुश्ताक,




27 वर्षीय नूर आलम, 22 वर्षीय साहिल और 17 वर्षीय अमन के रूप में हुई है। चारों लोग आपस में दोस्त थे और मूलरूप से बिहार के मोतिहारी जिले के लोखाना के रहने वाले थे। पूछताछ में पता चला है कि मोहम्मद मुश्ताक और नूर आलम गुरुग्राम की एक गारमेंट फैक्ट्री में बतौर टेलर काम करते थे, जबकि साहिल 15 दिन पहले ही दोस्तों के पास बिहार से गुरुग्राम में घूमने के लिए आया था। वहीं, अमन 10वीं क्लास का छात्र है।

# हमारा संविधान बाबा साहेब की विचारधारा का केंद्र बिंदु है, भाजपा फर्जी कहानी गढ़ रही है : नाना पटोले

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही सप्ताह बचे हैं, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के हालिया बयान को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस संवैधानिक प्रावधानों के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को दिए गए आरक्षण को खत्म करने के लिए आधार तैयार कर रही है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए



आरक्षण खत्म करना चाहती है। वहीं पटोले ने इन आरोपों को निराधार बताया।

भाजपा द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे एक वायरल क्लिप में पटोले को यह कहते हुए सुना गया, राहुल गांधी ने क्या कहा राहुल गांधी ने कहा कि हम आरक्षण के बारे में तब सोचेंगे जब सभी समान हो जाएंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख ने बाद में स्पष्ट किया, राहुल गांधी ने बाबा साहेब के विचार व्यक्त किए। हमारा संविधान बाबा साहेब की विचारधारा का केंद्र बिंदु है। भाजपा फर्जी कहानी गढ़ रही है, क्योंकि उन्हें संविधान के बारे में पता नहीं है।

**भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलान्न** भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की टिप्पणी पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस आरक्षण हटाने की जमीन तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा है, तब तक कोई भी संविधान से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग को दिए गए आरक्षण के प्रावधानों को नहीं हटा पाएगा।

एक्स पर मालवीय ने लिखा, महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले राहुल गांधी के हम आरक्षण हटाएंगे वाले बयान का समर्थन करते हैं। आरक्षण के प्रावधान दशकों से चले आ रहे सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए दिए गए थे। लेकिन कांग्रेस ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण हटाने का फैसला किया है। उनके सभी हालिया कदम और बयान इसके लिए जमीन तैयार करने के उद्देश्य से हैं। उन्होंने कहा, यह बात जगजाहिर हो जानी चाहिए। जब तक प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा है, तब तक कोई भी डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए आरक्षण को छू भी नहीं पाएगा, इसे हटाना तो दूर की बात है। भारत का संविधान सर्वोच्च है। भाजपा हर कीमत पर हर समय इसका बचाव करेगी। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी पटोले की आरक्षण हटाने संबंधी टिप्पणी को लेकर पार्टी की आलोचना की और पुरानी पार्टी को 'दलित विरोधी' करार दिया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में पंजाब से पकड़ा गया एक और आरोपी

**मुंबई, एजेंसी।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दावा किया है कि एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में उसका हाथ है. इस मामले में पुलिस ने पंजाब से एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है. इस तरह इस मामले में अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी पर बाबा सिद्दीकी और सलमान खान की भी रेकी का आरोप है. पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सुजीत सुशील सिंह है. मुंबई पुलिस ने उसे पंजाब के लुधियाना के सुंदर नगर से गिरफ्तार किया है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसे मुंबई लाया जा रहा है. दूसरी ओर मुंबई पुलिस ने आरोपी राम फूलचंद कनौजिया के घर से हथियार जब्त किए हैं.

मुंबई पुलिस ने सुजीत सुशील को पंजाब पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया. इसके बाद उसे जमालपुर थाने लाया गया. सुजीत सुशील की गिरफ्तारी के बाद उम्मीद है कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के पुलिस को अहम सुराग हाथ लगेगा. आरोपी सुजीत सुशील पर बाबा सिद्दीकी पर नजर रखने वाले आरोपी नितिन के बैंक खाते में 25 हजार रुपये भेजने का आरोप है. प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सुजीत सुशील मुंबई का रहने वाला है और वह लुधियाना में अपने ससुर के घर आया हुआ था.

# भारत 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा

## न्यूजीलैंड ने 113 रन से जीता दूसरा मैच, 2-0 की बढ़त, सैंटनर को 6 विकेट



**पुणे, एजेंसी।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार गई है। टीम इंडिया को पुणे में खेल गए दूसरे टेस्ट में कीवियों ने 113 रन से हराया। इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

आखिरी मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने 12 साल के बाद घरेलू मैदान पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई है। टीम को पिछली हार 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन 359 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए। पहली पारी में कीवियों ने 259 और भारत ने 156 रन का स्कोर बनाया। मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए।

# 22 साल के जायसवाल ने रचा इतिहास

- **तोड़ा 45 साल पुराना रिकॉर्ड, भारत के सभी बल्लेबाज रह गए पीछे**



**पुणे, एजेंसी।** टीम इंडिया के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल के लिए ये साल काफी खास रहा है. टेस्ट फॉर्मेट में उन्होंने जमकर रन बनाए हैं और भारतीय टीम के अहम बल्लेबाज भी बन गए हैं.

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में भी यशस्वी जायसवाल ने कमाल का खेल दिखाया. वह अर्धशतक जड़ने में कामयाब रहे. इस पारी के दौरान जायसवाल ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. वह एक खास लिस्ट में भारत के सभी बल्लेबाजों से आगे निकल गए. उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया जो विराट कोहली भी अपने करियर में अभी तक नहीं कर सके हैं. यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में 65 गेंदों पर 77 रन बनाए. इस पारी के दौरान जायसवाल के बल्ले से 9 चौके और 3 छक्के देखने को मिले.

इसी के साथ उन्होंने इस साल भारत में अपने 1000 टेस्ट रन भी पूरे किए. जायसवाल घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में 1000 रन का आकंड़ा छूने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये कारनामा 1979 में गुंडप्पा विश्वनाथ ने किया था. गुंडप्पा विश्वनाथ अभी तक भारत के लिए घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज थे, लेकिन जायसवाल उनसे आगे निकल गए हैं.

गुंडप्पा विश्वनाथ ने 1979 में घरेलू मैदान पर 1047 रन बनाए थे. वहीं, यशस्वी जायसवाल के इस साल भारत में 1056 टेस्ट रन हो गए हैं.

वहीं, विराट कोहली 964 रन के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. उन्होंने ये कारनामा साल 2016 में किया था. लेकिन यशस्वी जायसवाल भारत के सभी स्टार बल्लेबाजों से आगे निकल गए हैं.



# टीम इंडिया में खत्म हुआ मोहम्मद शमी का सफर?

- **बीसीसीआई के एक फैसले से मची खलबली**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है. इसके बाद भारतीय टीम अपनी अगली टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी. 22 नवंबर से खेली जाने वाली इस सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान हो गया है. लेकिन चौंकाने वाली बात है कि स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं होंगे. मोहम्मद शमी 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर हैं.

उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी, जिसके चलते उन्होंने फरवरी 2024 में लंदन जाकर सर्जरी कराई थी. माना जा रहा था इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह वापसी कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है. बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ-साथ साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भी टीम का ऐलान किया है, जहां टी20 सीरीज खेली जानी है. इस दौरान चोट के कारण टीम में ना चुने जाने वाले खिलाड़ी पर बीसीसीआई ने अलग से अपडेट भी दिया है, जिसमें कुलदीप यादव, मयंक यादव, शिवम दुबे और रियान पराग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं. लेकिन बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में मोहम्मद शमी पर कोई अपडेट नहीं दिया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है.

### शमी ने खुद को बताया फिट

मोहम्मद शमी ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान अपनी चोट पर कहा था कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के लिए उन्हें कम से कम एक या दो घरेलू मुकाबले खेलकर फिटनेस साबित करनी होगी. लेकिन बीसीसीआई ने अचानक टीम का ऐलान करके सभी को चौंका दिया है. इतना ही नहीं, शमी को सब्जेक्ट टू फिटनेस के साथ भी सेलेक्ट नहीं किया, इसका मतलब ये है कि सीरीज के बीच में भी उनकी एंट्री मुश्किल है.

बता दें, हाल में मोहम्मद शमी को बेंगलुरु टेस्ट के बाद असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर को गेंदबाजी करते हुए दिखाई दिए थे. तब वह पूरे रन-अप से गेंदबाजी करते हुए नजर आए थे. वहीं, शमी खुद को लगातार फिर भी बता रहे हैं. इसके बाद भी उनका सेलेक्शन क्यों नहीं हुआ, यह समझ से परे है. शमी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कुल 11 टेस्ट मैच खेले हैं और 40 विकेट अपने नाम किए हैं. ऐसे में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज की कमी खल सकती है.

पाकिस्तान-इंग्लैंड टेस्ट

# पाकिस्तान टीम के खत्म हुए बुरे दिन

## इंग्लैंड को 2-1 से हराया, 4 साल बाद किया ये काम





**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच रावलपिंडी में खेला गया. इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने बाजी मारकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की. ये सीरीज पाकिस्तान की टीम के लिए काफी खास रही. सीरीज का पहला मैच हारने के बाद पाकिस्तान की टीम में बड़े बदलाव किए गए थे, बाबर आजम और शाहीन अफरीदी जैसे स्टार खिलाड़ियों को टीम से बाहर का रास्ता दिखाया गया था. पाकिस्तान की टीम को इसका फायदा भी हुआ, टीम ने लगातार दो मैचों में जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम कर ली.

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत अपने नाम की. इंग्लैंड ने पाकिस्तान के सामने मुकाबला जीतने के लिए सिर्फ 36 रनों का टारगेट रखा था. पाकिस्तान ने इस टारगेट को 1 विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया और मैच जीतने के साथ-साथ सीरीज भी अपने नाम की. बता दें, पाकिस्तान ने लंबे इंतजार के बाद अपने घर पर कोई टेस्ट सीरीज जीती है. इससे पहले उसने साउथ अफ्रीका को साल 2021 की शुरुआत में अपने घर पर हराया था. यानी लगभग 4 साल के इंतजार के बाद पाकिस्तान को अपने घर पर टेस्ट सीरीज में जीत नसीब हुई है.

### साजिद खान-नोमान अली की जोड़ी ने किया कमाल

इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. लेकिन साजिद खान-नोमान अली की जोड़ी के आगे पूरी टीम 267 रन पर सिमट गई. इस दौरान साजिद खान ने 6 विकेट और नोमान अली ने 3 विकेट अपने नाम किए. इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम ने अपनी पहली पारी में 344 रन बनाए. इस दौरान पाकिस्तान ने अपने 7 विकेट 177 रन पर ही गंवा दिए थे. लेकिन सऊद शकील ने 134 रन बनाकर टीम की वापसी करवाई, जिसमें नोमान अली के 45 रन और साजिद खान के 48 रन भी शामिल रहे.

इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी और भी खराब रही. पूरी टीम 37.2 ओवर ही खेल सकी और 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस पारी में साजिद खान और नोमान अली ने मिलकर सभी 10 विकेट हासिल किए. नोमान अली के नाम 6 विकेट रहे, वहीं साजिद खान ने कुल 4 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. इन दोनों खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के चलते पाकिस्तान की टीम सीरीज में बाजी मारने में कामयाब रही.

# नेपाल प्रीमियर लीग से जुड़े लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी रोड्स नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार होंगे. वहीं, इससे पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार थे. पोखरा एवेंजर्स के मालिक सुबोध त्रिपाठी ने इस बात की जानकारी दी. सुबोध त्रिपाठी ने कहा कि जोंटी रोड्स के साथ आने से हम बेहद खुश हैं. हमें पूरा भरोसा है कि जोंटी रोड्स नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और अपने अनुभव से युवा खिलाड़ियों के टैलेंट को निखारने का काम करेंगे.

पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार बनने पर जोंटी रोड्स ने क्या कहा?

इससे पहले आईपीएल में जोंटी रोड्स मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉयंट्स के साथ काम कर चुके हैं. इन दोनों टीमों के साथ जोंटी रोड्स का सफर शानदार रहा. वहीं, जोंटी रोड्स ने नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार बनने पर अपनी खुशी जाहिर की. जोंटी रोड्स ने कहा कि मैं सलाहकार के तौर युवा खिलाड़ियों के साथ अपना अनुभव साझा करूंगा, ताकि युवा खिलाड़ियों के खेल को निखारा जा सके. मुझे उम्मीद है कि हेड कोच राजीव कुमार के साथ मिलकर बेहतर परिणाम देने में सफल रहूंगा. इसके अलावा ऑन द फील्ड और ऑफ द फील्ड खिलाड़ियों को बेहतर बनाने पर कान करूंगा.

**ऐसा रहा है जोंटी रोड्स का करियर**

जोंटी रोड्स नवंबर के पहले सप्ताह में पोखरा एवेंजर्स के साथ जुड़ जाएंगे. बताते चलें कि जोंटी रोड्स ने 52 टेस्ट मैचों के अलावा 245 वनडे मैचों में साउथ अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है. जोंटी रोड्स क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन फील्डरों में गिने जाते हैं.

# अगर धोनी उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए सीएसके की पहली पसंद होंगे : हरभजन सिंह





**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, भारतीय स्पिन दिग्गज हरभजन सिंह ने आईपीएल 2025 सीज़न से पहले सीएसके के लिए किसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए, इस पर अपने विचार साझा किए। हरभजन ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि धोनी खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर वह उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए टीम की पहली पसंद होंगे, भले ही उन्हें इस सीजन में अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाता हो।

उनके बाद, अगला चयन रवींद्र जडेजा और फिर रचिन रवींद्र होगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के लिए, वह भी निश्चित रूप से रिटेंशन में होंगे। उन्होंने कहा,मेरा मानना है कि इन चार खिलाड़ियों को रिटेन किया जाएगा। उनके अलावा, हम पथिराना को भी टीम में रख सकते हैं, जो एक बेहतरीन गेंदबाज हैंऔर अगर किसी अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया जाता है, तो एक आश्चर्यजनक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह संभव है कि सीएसके केवल पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन करे। इसलिए मेरे विचार से, संभावित रिटेंशन - महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ और पथिराना हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद टीम के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज टॉम मूडी ने हैदराबाद टीम की रिटेंशन रणनीति को रेखांकित किया और उन खिलाड़ियों पर प्रकाश डाला, जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मूडी ने कहा, जब मैं हैदराबाद टीम को देखता हूं, तो इस रिटेंशन अवधि के दौरान उन्हें फ्रेंचाइजियों में सबसे कठिन काम मिला है।

# ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया की घोषणा





**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने शुक्रवार को भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे और ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा की। भारत की टी20 टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है और 8 नवंबर को डरबन में अपना पहला ञ्20ढ्ढ खेलेगी। मयंक यादव और शिवम दुबे चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

वहीं, रियान पराग भी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि वर्तमान में वह अपनी पुरानी दाहिने कंधे की चोट का इलाज करवा रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पूरा होने के बाद, भारत ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए तैयार है, जो 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का हिस्सा है।

बता दें कि कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला की समाप्ति के बाद उनकी बाईं कमर की पुरानी समस्या उभर आई थी। वह इसका इलाज करवा रहे हैं।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

रिजर्व-मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैश्य, अवेश खान, यश दयाल।

भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा 2024 शैड्यूल

08-नवंबर-24 - पहला टी20, डरबन में

10-नवंबर-24 - दूसरा टी20, गक़ेबरहा में

13-नवंबर-24 - तीसरा टी20, सेंचुरियन में

15-नवंबर-24 - चौथा टी20, जोहानसबर्ग

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का शैड्यूल

22 से 26 नवंबर 2024- पहला टेस्ट, पर्थ स्टेडियम, पर्थ

06 से 10 दिसम्बर 2024 - दूसरा टेस्ट (दिन-रात), एडिलेड ओवल

14 से 18 दिसम्बर 2024 - तीसरा टेस्ट, गाबा, ब्रिस्बेन

26 से 30 दिसम्बर 2024 - चौथा टेस्ट, एमसीजी, मेलबर्न

03 से 07 जनवरी 2025- 5वां टेस्ट, एससीजी, सिडनी



# फुटबॉल लीजेंड जॉन ब्यूरिज और जो मॉरिसन ने मिनर्वा एकेडमी में लगाया स्काउटिंग कैंप

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारत की शीर्ष फुटबॉल संस्था मिनर्वा एकेडमी ने दो खेल दिग्गजों, जॉन बुरिज (बुजी) और जो मॉरिसन का एक सप्ताह तक चलने वाले स्काउटिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्वागत किया। जॉन बुरिज, प्रतिष्ठित पूर्व प्रीमियर लीग गोलकीपर, मिनर्वा के जूनियर और सीनियर गोलकीपरों को प्रशिक्षित करने के लिए अपने अनुभव का खजाना लेकर आए। 20 वर्षों से अधिक के शानदार करियर, 787 मैचों और 276 क्लीन शीट के साथ उनका अनुभव शानदार है।

उनके शानदार खेल करियर में वर्किंगटन एएफसी, स्टोक सिटी और यहां तक कि मैनचेस्टर यूनाइटेड, साउथेम्प्टन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों में काम करना शामिल है। बुरिज ने अपने कोचिंग करियर के दौरान मैनचेस्टर यूनाइटेड, एस्टन विला, बर्मिंघम सिटी और कार्डिफ सिटी जैसे प्रतिष्ठित क्लबों के साथ भी काम किया है।उनके प्रीमियर लीग रिकॉर्ड में एक खिलाड़ी के रूप में 269 मैच और कोच के रूप में 50 मैच शामिल हैं। एक प्रसिद्ध गोलकीपर कोच के रूप में, बुरिज असाधारण प्रतिभा की खोज और विकास करने में गर्व महसूस करते हैं। भारत के नंबर एक गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एफसी स्टैबेक और यूएफा यूरोपा लीग में मार्गदर्शन मिलने के पीछे वे ही कारण हैं। उन्होंने ओमान के दिग्गज गोलकीपर अली अल-हब्सी को भी निखारा, जिससे उन्हें प्रीमियर लीग में 25 साल का शानदार करियर हासिल करने में मदद मिली। जो मॉरिसन एक प्रसिद्ध ब्रिटिश खेल प्रस्तुतकर्ता और टीवी होस्ट हैं। वे अपनी आकर्षक कमेंट्री और गहन विश्लेषण के लिए जाने जाते हैं। दो दशकों से अधिक के करियर के साथ, मॉरिसन ने स्काई स्पोर्ट्स, बीबीसी और आईटीवी जैसे प्रमुख नेटवर्क के साथ काम किया है, जिसमें प्रीमियर लीग, यूईएफए चैंपियंस लीग और फीफा विश्व कप जैसे हाई-प्रोफाइल इवेंट शामिल हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## संक्षिप्त समाचार

### लापरवाह कर्मियों को चिह्नित कर स्पष्टीकरण का निर्देश

**आरा**। राजस्व विभाग अंतर्गत दाखिल खारिज, परिमार्जन व अभियान बसेरा-2 के कार्यों की शुक्रवार को समीक्षा हुई। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने पिछले दो सप्ताह में हुई प्रगति की समीक्षा की। प्रभारी पदाधिकारी राजस्व, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी 14 प्रखंडों के अंचलाधिकारी को लंबित मामलों के निष्पादन हेतु निर्देश दिया। सभी अंचलाधिकारी को 75 दिनों एवं 35 दिनों से लंबित दाखिल खारिज के मामलों का अविलंब निष्पादन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिमार्जन से संबंधित आवेदन का निष्पादन करने को लेकर डीएम ने कहा कि परिमार्जन से संबंधित मामले कर्मचारी स्तर पर अधिक पाए गए। बिना किसी कारण के आवेदन निरस्त नहीं करें। लंबित मामलों का निष्पादन जल्द से जल्द करें। परिमार्जन के मामलों को कैंप लगाकर निष्पादन करें। अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत निर्गत किए गए ऑफलाइन पर्चा को विभागीय निर्देश के आलोक में ऑनलाइन करना सुनिश्चित कराएं। इसका नए सर्वे कराएं इन सभी मामलों का भूमि सुधार समाहर्ता को सतत अनुश्रवण कर निष्पादन कराएंगे। समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता व सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने मारपीट करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**आरा**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव में शिव प्रसाद यादव पिता सुरेंद्र राय को भला से वार कर घायल करने के आरोप में रविंदर यादव पिता महेंद्र यादव को पुलिस में गिरफ्तार कर लिया। मुफस्सिल थाना में पदस्थापित पुअनि नीरज कुमार ने घटना के 1 महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। नीरज कुमार ने बताया कि 3 सितम्बर 2024 को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव में घर के सामने से ठेला ले जाने के विवाद में एक पक्ष के लोगों ने ठेला वाले शिव प्रसाद यादव को भाला से वार कर घायल कर दिया था। घटना के बाद जख्मी द्वारा तीन लोगों को नामजद करते हुए थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया था।

### रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**डुमरांव**। डुमरांव स्टेशन के समीप एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में ट्रैक पर रख दिया गया। महिला के शव की अबतक पहचान नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात एक शव रेलवे ट्रैक पर रखा हुआ मिला। आशंका यह जताई जा रही है कि किसी कारण से मृतका की हत्या कर दी गई होगी और उसका शव ट्रैक पर रख दिया होगा ताकि इस घटना को दुर्घटना का रूप दिया जा सके। हालांकि जीआरपी पुलिस इस मामले में यूडी केस दर्ज किया है और मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रेल पुलिस को सूचना मिली कि पोल संख्या 644/08-06 के समीप एक नवविवाहिता का शव पड़ा हुआ है। वह पूरी तरह दुल्हन के ड्रेस में थी। घटना की सबसे पहले मगध एक्सप्रेस के लोको पायलट ने डुमरांव स्टेशन को दी। लोको पायलट ने बताया कि एक महिला ट्रैक पर आत्महत्या करने के प्रयास में सोई हुई है। घटना की सूचना पर पहुंचे लोगों ने महिला के पास जाकर देखा तो पाया कि महिला सोई नहीं बल्कि वो मृत अवस्था में है।

### समस्याओं से पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डीएम को कराया अवगत



**आरा**। शहर की जन समस्याओं के लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जिला समाहरणालय में जनता दरबार में डीएम तनय सुल्तानिया से मिले। कार्यकर्ताओं ने पूर्वी रेलवे स्टेशन पर आधे अधूरे पुल का निर्माण पुरा करने। पूर्वी ओवरब्रिज से लेकर रेलवे स्टेशन होते हुए धोबिघटवा अनाईठ रोड़ चौड़ीकरण। पश्चिम रेलवे ओवर ब्रिज, बजार समिति, धोबिघटवा रोड़ एक ताड़ का पेड़ सहित, चार पुराने बेकार पड़े पेड़ों व टेलिफोन पोलो, बिजली पोलो को ग़लत जगह गाड़ दिए जाने। रेलवे स्टेशन रोड, सरकारी बस स्टैंड, पी डब्लू डी निरीक्षण बंगला के समीप की सड़कों का चौड़ीकरण किये जाने की समस्या से डीएम को अवगत कराया। सीएम ने कार्यकर्ताओं को सभी समस्याओं से आरा शहर वासियों को निजात दिलाने का आश्वासन दिया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इन सभी मांगों से संबंधित आवेदन का एक एक प्रति आरा के सांसद सुदामा प्रसाद को भी दिया। मौके पर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डा सुरेन्द्र कुमार प्रसाद, प्रदेश श्रमिक संगठन के ओम प्रकाश तिवारी, कार्यकर्ता दिनेश कुमार सैनी समेत कई लोगों उपस्थित थे।

# मैजिक पिकअप में तहखाना बना कर शराब की तस्करी

## बक्सर में 302 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, पुलिस ने वाहन को पकड़ा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में शराब तस्कर गंगा और कर्मनाशा नदी के रास्ते नदी पर बने पुल के रास्ते शराब तस्करी कर रहे है। पर्व के दौरान गाढ़ी कमाई को लेकर शराब तस्कर रोज नए-नए हथकंडे अपनाकर बिहार में पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी करने में जुटे हुए हैं। इस बार तस्करों ने वाहन के नीचे तहखाना बना कर शराब की तस्करी की है। हालांकि, पुलिस को मिले गुप्त सूचना के कारण शराब के साथ वाहन को पकड़ लिया गया। लेकिन तस्कर भगाने में सफल रहा। मामला राजपुर थाना क्षेत्र के यूपी बिहार को जोड़ने वाली देवल पुल की है। बीती रात बक्सर उत्पाद पुलिस ने मैजिक माल वाहक यूपी से बिहार में प्रवेश करने के साथ ही रोक कर तलाशी लेने लगे। वाहन देखने में पूरी तरह से खाली थी। लेकिन जब पुलिस की भनक लगी की ही गाड़ी में तहखाना है। धंधेबाज अंधेरा का फायदा उठा भाग निकला। इस पर पुलिस का शक और गहरा गया। जब बारीकी से जांच की तो वाहन के नीचे तहखाना बना 35 पेटी यानी 302 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। इसकी पुलिस ने जब्ती सूची बनाई है।



**गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई**: उत्पाद निरीक्षक आलोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप में तहखाना बनाकर विदेशी शराब की तस्करी की जा रही है। इसके बाद जैसे ही पुलिस देवल पुल बारीकी से जांच शुरू की ड्राइवर पुलिस को देख गाड़ी छोड़ फरार हो गया। शराब तस्कर पीछे वाले हिस्से में वेल्डिंग और नट बोल्ट की मदद से बॉक्स बनाकर उसके अंदर तहखाना बना दिया था। जिसमें 3 लाख के आसपास शराब छुपा कर रखा गया था।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत जीआरपी ने सात लोगों को लौटाया मोबाइल

निज संवाददाता। आरा



जीआरपी थाना के थाना अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने मोबाइल धारकों को गुम और चोरी हुए 7 मोबाइल को बरामद कर मोबाइल धारकों को लौटा दिया। जिससे मोबाइल धारकों के चेहरे पर खुशी दिखा। जीआरपी थाना के थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने बताया की जीआरपी के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत 17 वीं बार मोबाइल दिया गया है। 25 अक्टूबर 2024 को रेल पुलिस पटना के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान का कार्यक्रम पटना जंक्शन पर आयोजित किया गया था। जिसमें रेल पुलिस अधीक्षक पटना अमृतेंदु शेखर ठाकुर के द्वारा रेल यात्रियों के गुम हुए 101 मोबाइल को बरामद कर उनको वितरण किया गया। जिसमें रेल थाना आरा से भी सात मोबाइल को बरामद कर रेल पुलिस थाना के थाना थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह की उपस्थिति में रेल पुलिस अधीक्षक के द्वारा वितरित किया गया। इस अवसर पर रेल पुलिस उपाधीक्षक दानापुर प्रशांत कुमार रेल पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय प्रभाकर तिवारी एवं रेल जिला पटना के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। मोबाइल धारकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव के निवासी अभिजीत कुमार पिता त्रिभुवन शाह, तरारी थाना क्षेत्र के भकुरा गांव के निवासी ओंम नारायण पांडे पिता रविंद्र पांडे, बड़हरा थाना क्षेत्र के राम सागर गांव निवासी विक्की कुमार पिता सत्येंद्र साह, मनेर थाना क्षेत्र के हल्दी छपरा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पिता राजेंद्र कुमार, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चौकीपुर गांव के निवासी आलोक कुमार पिता रमेश प्रसाद, गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नारायण पिता स्वर्गीय बांके प्रसाद यादव है। इन लोगो का मोबाइल आरा स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में गुम हो गया था। जिसका सनहा आरा के जीआरपी थाना में दिया गया था।

### हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार दो पिस्टल-दस गोलियां बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस ने हथियार और गोलियों के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी अजीमाबाद थाने कमरियां गांव के पास से हो सकी। उसके पास से दो पिस्टल और दस गोलियां बरामद की गयी हैं। बाइक भी जब्त की गई है। गिरफ्तार अपराधी भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के पिंजरोई गांव निवासी दयाशंकर सिंह का बेटा संदीप कुमार है। एसपी राज ने यह जानकारी दी है। बताया कि तरारी विधानसभा उप चुनाव को लेकर जिले भर में विशेष सघन वाहन जांच अभियान चलायी जा रही है। उसी क्रम में अजीमाबाद थाने की पुलिस कमरियां गांव के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस को देख बाइक सवार एक युवक तेजी से भागने लगा। पुलिस ने खदेड़ कर उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से दो पिस्टल और दस गोलियां बरामद की गयीं। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बाइक भी जब्त कर ली गयी है। हथियार के बारे में पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। उसके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। हथियार की खरीद-बिक्री सहित अन्य एंगल से छानबीन की जा रही है। इधर, हथियार बरामदगी को लेकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।



♦ भोजपुर में पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा, बाइक भी जब्त

# सड़क हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत, भोजपुर में बाइक से घर जाने के दौरान हादसा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आरा-सरैया मुख्य मार्ग गरैया मठिया के समीप शुक्रवार की रात बेलगाम वाहन ने बाइक सवार एक ट्रक ड्राइवर को टक्कर मार दी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस ने इस घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। घटना सूचना मिलने के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी स्व राज कुमार यादव के 32 वर्षीय बेटा अजीत यादव है। वह पेशे से ट्रक ड्राइवर था । घटना की जानकारी देते हुए मृतक अजीत के चचेरे भाई विष्णु यादव ने बताया कि अजीत प्रतिदिन की तरह सुबह भी ट्रक लेकर गया था। शुक्रवार की रात गजराजगंज ट्रक लगाकर अपने गांव वापस लौट रहा था। इसी बीच गरैया मठिया के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह खून से लथपथ होकर सड़क पर जा गिरा। इस हादसे की खबर स्थानीय लोगों ने मुफस्सिल थाना पुलिस को दी।



**डॉक्टरों ने किया मृत घोषित**: पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने अजीत को देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। उसके मौत के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस ने अजीत के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे तो देखा कि वो मृत अवस्था में स्ट्रेचर पर पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। मुफस्सिल थाना गश्ती पुलिस ने बताया कि हादसे की खबर ग्रामीणों ने दी थी। इसके बाद जब हम लोग मौके पर पहुंचे। उसके सिर से काफी खून बह रहा था । लेकिन, उसे तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन उसे बचा नहीं पाए। बताया जाता है कि अजीत के घर पत्नी मुन्नी देवी, दो बेटे अभिनंदन और रेयांश है। अजीत अपने चार भाई और चार बहनों में छठे नंबर पर था । हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

वाहन की टक्कर से गई जान

# प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारने के मामले में बदमाश अरेस्ट

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के प्रॉपर्टी डीलर मो.शाहिद आलम उर्फ पप्पू कुमार को 24 अक्टूबर को गोली मार दी गई। घायल के बयान पर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके बाद एक आरोपी अरेस्ट हुआ है। आरोपी के पास से 17 लाख 50 हजार रुपए नकद के अलावा नोट गिनने की एक मशीन, एक एनपी बोर रेगुलर रायफल, 315 बोर का सात कारतूस, दो छोटा-बड़ा एयरगन और तीन पैकेट एयरगन का छर्रा जब्त किया गया है। मामला टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांगी पुल स्थित बैरियर के समीप का है। बड़की सिंगही निवासी घायल के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। बड़की सिंगही गांव निवासी मो.शहनवाज उर्फ गुड्डू, उसके भाई मो.तनवीर, मो.आशीफ, उसके भाई मो. शहनवाज व मो.आलमगीर समेत पांच को नामजद और तीन अज्ञात अपराधियों को आरोपित किया गया है। नामजद आरोपितों पर रेकी कर षड्यंत्र के तहत गोली मरवाने का आरोप लगाया गया है। इधर, एसपी राज के अनुसार पुलिस ने प्राथमिकी के आधार पर एक आरोपित बड़की सिंगही निवासी मो. शहनवाज (द्वितीय) को गिरफ्तार कर लिया है।

**चचेरी बहन से कराई थी जमीन की रजिस्ट्री**: आरोपी को लेकर छानबीन चल रही है। घायल प्रॉपर्टी डीलर मो.शाहिद आलम ने टाउन थाना में कराई गई प्राथमिकी में कहा है कि साल 2023 अगस्त महीने में अपनी चचेरी बहन मसुदा खातून से करीब पांच कट्ठा जमीन रजिस्ट्री कराई थी। सितंबर महीने में जमीन की मापी करा रहे थे कि आरोपित मो. शहनवाज उर्फ गुड्डू , उसका भाई मो.तनवीर अख्तर, मो.आशीफ, उसका भाई मो.शहनवाज और मो. आलमगीर जमीन मापी करने से रोक रहे थे। नहीं भागने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। घायल के अनुसार जमीन में मो. शहनवाज उर्फ गुड्डू, मो.आशीफ, मो.शहनवाज,मो.तनवीर व मो.आलमगीर भी मिलकर लिखवा लिया हैं। इस मामले को लेकर कोर्ट में भी केस चल रहा है।



**फायरिंग कर फरार हुए थे बदमाश**: 24 अक्टूबर को जब वे बाइक से टाइल्स खरीदने घर से जीरो माइल जा रहे थे। जैसे ही वे गांगी पुल बैरियर के पास पहुंचे थे कि एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने टारगेट कर उन्हें गोली मार दी। गोली लगने के बाद वे बेकाबू होकर गिर पड़े। सड़क पर गिरने के बाद बदमाशों ने उन पर दो राउंड और फायरिंग की और फरार हो गए। बदमाशों में दो ने अपने चेहरे पर नकाब लगाया था। आरोप है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर आरोपित छिपकर रेकी कर रहे थे। घायल ने नामजद आरोपितों पर षड्यंत्र के तहत जानलेवा हमला कराए जाने का आरोप लगाया है। इसके आधार पर पुलिस आरोपितों को दबोचने के प्रयास में लगी है। रास्ते में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस को घटनास्थल से दो खोखा व एक मिस फायर कारतूस मिला है।

भोजपुर में आरोपी के घर से मिली नोट गिनने की मशीन, 17 लाख कैश जब्त

# टीचर के साथ-साथ ड्राइवर भी है आरा की गौरी त्रिपाठी, एक हादसे ने पकड़ा स्टेयरिंग

निज संवाददाता। आरा

आज के समय में महिलाएं जितनी आत्मनिर्भर बनेंगी देश भी उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगा। खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाओं के सशक्तिकरण की आवश्यकता की बेहद जरूरत है। एक ऐसा ही उदाहरण आरा के छोटे से गांव से आई लड़की गौरी त्रिपाठी का है। गौरी छोटे से शहर में एक स्कूल चलाती है। साथ ही महिला ड्राइवर भी है। जो स्कूली बच्चों को 10KM तक उनके घरों तक छोड़ने जाती है। लौटने वक्त वो कभी-कभी निजी पैसेंजर्स भी उठा लेती हैं। हालांकि, उनके ड्राइविंग के पीछे भी एक कहानी है। जो ड्राइवर पहले स्कूली बच्चों को छोड़ने जाता था, वो नशे का आदी था। इसी वजह से गौरी को बच्चों के लिए खतरा लगा और उसने खुद के हाथ में स्टेयरिंग थाम ली।

**कई बार चौंक जाते हैं लोग**: गौरी को देखकर कई बार लोग चौंकने लगते हैं कि महिला ड्राइवर...बड़े शहरों में बड़े वाहन चलाना महिलाओं के लिए आम बात हो गया है, लेकिन ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के लिए अभी भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन सब परिस्थितियों के बाद भी गौरी त्रिपाठी घर से निकलकर अन्य महिलाओं के लिए अब मिसाल पेश कर रही है।

**मैजिक वाहन चलाकर बच्चों को पहुंचाती है घर**: भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चारघाट के निवासी स्वर्गीय तेज नारायण त्रिपाठी की सबसे बड़ी बेटी गौरी त्रिपाठी 5 बहन और 1 भाई हैं। गौरी आर्थिक रूप और शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए स्कूल चलाती है। स्कूल में जो बच्चे दूर से आते हैं, उन्हें घर छोड़ने और स्कूल लाने के लिए गौरी खुद मैजिक वाहन चलाकर बच्चों को स्कूल लाती हैं। छुट्टी होने पर बच्चों को घर पहुंचाती हैं। इस दौरान वे करीब 10 किलोमीटर का ट्रैवल करती हैं।

**परिवार का सहारा बन उन्हें पढ़ा लिखा रही गौरी**: वहीं, गौरी त्रिपाठी के पिता स्वर्गीय तेज नारायण त्रिपाठी असम राइफल में थे। इस वजह से सारा परिवार असम रहा करता था। गौरी ने भी अपनी पढ़ाई असम से की है। इंटर के बाद स्नातक पॉलिटिकल सांइस से पूरा किया। इस दौरान गौरी के पिता का देहांत हो गया। इसकी वजह से गौरी का पूरा परिवार गांव में रहने लगा। इसके बाद गौरी अपने परिवार का सहारा बनकर उन्हें पढ़ा लिखा रही है। गौरी के साथ उनकी छोटी बहन राधा भी स्कूल में पढ़ाती हैं।

**2016 से बच्चों को पढ़ाना किया शुरू**: गौरी त्रिपाठी ने 2016 में ही भोजपुर के कसाप गांव में आर.आर.शिक्षा निकेतन के नाम से एक निजी स्कूल खोला। जहां उन्होंने गांव के छोटे-छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देना शुरू किया। गांव के बच्चे धीरे-धीरे स्कूल में पढ़ने आने लगे। इसके बाद गौरी पूरी तरह से बच्चों के लिए समर्पित हो गई। अपना ज्यादातर समय बच्चों को पढ़ाने में लगा दी। गौरी प्ले ग्रुप से लेकर 5वीं क्लास तक के साधारण परिवार के बच्चों को पढ़ाती है। इसके साथ ही जिन बच्चों के परिजन असहाय हैं या दिव्यांग होने पर बच्चों को पढ़ाने के पैसे परिजनों से नहीं लेती है। अभी स्कूल में 80 छात्र पढ़ते हैं।





**गांव में मैडम जी के नाम से मशहूर हुई गौरी**: गौरी खुद पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई कर रही है। पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल भी चलाती है। बच्चों को पढ़ाती भी है। इतना ही नहीं कई ऐसे बच्चे हैं, जिनका घर स्कूल से 10 किलोमीटर दूर है, वैसे बच्चों के लिए गौरी खुद मैजिक वाहन चलाकर बच्चों को घर से लाती है। स्कूल बंद होने के बाद उन्हें घर छोड़ने भी जाती है। इसके बाद गौरी कई यात्रियों को भी पहुंचाती है। गौरी उन यात्रियों से भाड़ा नहीं लेती है। वहीं, सवारी गाड़ी में बैठने वाले यात्री भी गौरी की प्रशंसा करते नहीं थकते हैं। गौरी को ड्राइवर की सीट पर बैठा देख पहले तो चौंकते हैं, फिर गौरी की जमकर तारीफ करते हैं। गौरी अभी आरा के चंदवा स्थित हाउसिंग कॉलोनी में रहती हैं। लेकिन कसाप के पूरे गांव के लोग गौरी को मैडम जी के नाम से जानते हैं।

**क्यों खुद चलाना पड़ा गौरी को स्कूल वाहन**: गौरी त्रिपाठी से जब पूछा गया कि स्कूल में वाहन चलाने के लिए ड्राइवर क्यों नहीं रखा गया। इस पर उन्होंने बताया कि पहले स्कूल वाहन चलाने के लिए ड्राइवर को रखा गया था। लेकिन उसकी छवि को लेकर लगातार शिकायत आ रही थी। जो छात्र-छात्राएं उस वाहन से घर जाते थे, वो लोग भी उस ड्राइवर की शिकायत करते थे। ड्राइवर कभी शराब पीकर वाहन चलाता तो कभी कहीं भी वाहन रोक कर गुटखा और सिगरेट के लिए बच्चों को अकेला छोड़कर चला जाता था। इसी बीच एक दिन ड्राइवर ने वाहन एक पुल पर लड़ा दिया। इस घटना के बाद मैंने खुद से ही मैजिक वाहन चलाना सोचा। शुरू में डर भी था, लेकिन अब कोई दिक्कत नहीं होती है। पहले कुछ लोग ठेठ भोजपुरी में बोलते थे, 'हई देख अ लइकिया गाड़ी चलावत बिया (ये देखो लड़की गाड़ी चला रही है)। लेकिन हम लोग इस बात को हंसकर टाल देते हैं।

**बच्चियों ने बताया पिछले ड्राइवर का करतूतः** वहीं, स्कूल में पढ़ रही बच्चियों ने बताया कि स्कूल का पिछला ड्राइवर कैसा था। बच्चियों का कहना है कि जब वो लोग उसके साथ गाड़ी से स्कूल जाती या घर जाती थी, तो वो वाहन को काफी तेज चलाया करता था। कभी-कभी वो सड़क किनारे वाहन खड़ा कर गुटखा सिगरेट तो कभी शराब पीने चला जाता था। एक बार उसने गाड़ी का एक्सीडेंट भी करवा दिया था। लेकिन मैडम जी जब गाड़ी चलाती है, तो अच्छा लगता है, मैडम जी वाहन को धीरे-धीरे चलाती हैं। अच्छे से घर ले जाती हैं। वहीं, बच्चों के पेरेंट्स ने बताया कि गांव में गौरी त्रिपाठी को मैडम जी के नाम से ही जानते हैं। बच्चों को बहुत मदद करती है। बच्चों पर ध्यान होता है कि बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर रहे हैं या नहीं।

10KM का सफर तय कर स्टूडेंट्स को उनके घरों तक छोड़ने जाती

### बक्सर SP ने किया थाना का निरीक्षण, जांच के दौरान मिली कई गलतियां

**बक्सर**। बक्सर एसपी शुभम आर्य मुफस्सिल थाना का निरीक्षण पर पहुंचे। जहां उन्होंने ढाई घंटे तक अलग अलग फाइलों का निरीक्षण किया। इस दौरान काम में गलतियों को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को फटकार लगाई। इस दौरान मौके पर सदर डीएसपी धीरज कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुंशी का काम करने वाले सिपाही भी वर्दी में दिखाई दिए। इसकी सूचना पहले ही अधिकारीयों और कर्मियों को मिली हुई थी। जिसको लेकर सुबह से ही थाना में सफाई से लेकर फाइल अपडेट का काम किया जा रहा था। बक्सर एसपी द्वारा पहले सभी कांडों की समीक्षा की गई। लंबित वारंट, कुर्की जैसे मामलों का त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देश दिए गए। गंभीर कांडों में गिरफ्तारी के साथ थाना क्षेत्र के दागियों पर हमेशा नजर रखने को कहा गया। आगामी दीपावली और छठ पर्व को लेकर लगातार वाहन चेकिंग के साथ ही सभी दुकानों के साथ वित्तीय संस्थाओं आदि पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। बताया कि इस दौरान अवलोकन में काफी त्रुटियां पाई गई है।